जबलपुर
मंगलवार, 27 मई 2025
■ ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष-15 अमावस्या
■ वर्ष : 20, अंक : 26
■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 37
न्यून. 27

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## ‘ऑपरेशन सिंदूर’ की सफलता के बाद गुजरात दौरे पर पीएम मोदी, रोड शो किया

# कर्नल सोफिया के परिजनों ने पीएम पर की फूलों की बारिश, फिर मंच पर भी साथ दिखे

### कर्नल सोफिया के भाई ने कहा-औरतों के साथ पहलगाम में जो गलत हुआ, उसका बदला एक औरत ले उससे बेहतर कोई पल नहीं

एजेंसी ▶▶ वडोदरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सोमवार को दो दिवसीय गुजरात दौरे पर पहुंचे। पीएम मोदी का वडोदरा में रोड शो के दौरान भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के परिवार के सदस्यों ने पीएम मोदी पर वडोदरा रोड शो में फूलों की बारिश की। इसके बाद कर्नल सोफिया कुरैशी का परिवार पीएम मोदी के साथ एक मंच पर भी दिखा। पीएम मोदी ने रोड शो की शुरुआत में ही कर्नल सोफिया कुरैशी के परिवार से मुलाकात की। कर्नल सोफिया कुरैशी की जुड़वां बहन शायना सुनसारा ने कहा कि पीएम मोदी ने महिला सशक्तिकरण के लिए बहुत कुछ किया है। जब आपकी बहन देश के लिए कुछ करती है, तो यह न केवल मुझे बल्कि दूसरों को भी प्रेरित करती है।



**कर्नल सोफिया कुरैशी के पिता ने कहा**

*पीएम ने पाक के साथ जो किया, ये बहुत पहले ही हो जाना चाहिए था*

*कर्नल सोफिया कुरैशी के पिता मोहम्मद कुरैशी ने कहा कि मोदी जी ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार गुजरात आए हैं। उसने मिलकर हमें बहुत खुशी हुई है। पीएम मोदी ने जो भी हमारे देश के लिए किया है, वो बहुत अच्छा है। ये बहुत पहले हो जाना चाहिए था।*

*लोको मैन्यूफैक्चरिंग रेलवे वर्कशॉप का किया उद्घाटन*



## पीएम ने देश के ‘पहले’ इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव को दिखाई हरी झंडी

यह दाहोद में ही बना है। ये उच्च शक्ति वाले इंजन 4,600 टन कार्गो ढोने में सक्षम

एजेंसी ▶▶ दाहोद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को गुजरात के दाहोद में लोको मैन्यूफैक्चरिंग रेलवे वर्कशॉप का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने इस सुविधा में निर्मित पहले इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव को हरी झंडी दिखाई। यह भारतीय रेलवे के लिए एक महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा मील का पत्थर है।

**पहली बार इन इंजनों में ड्राइवरों के लिए यह सुविधा**

इन इंजनों में ड्राइवरों के लिए एसी और शौचालय की सुविधा शामिल होगी, जिससे चालक दल के आराम में काफी सुधार होगा। सुरक्षा को बढ़ावा देने और दुर्घटनाओं को रोकने में मदद करने के लिए एक उन्नत कवर सिस्टम स्थापित किया गया है। वर्तमान में चार इंजनों का उत्पादन किया जा रहा है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
लखनऊ बेंगलुरु
शाम 7.30 बजे से


हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ

**खबर संक्षेप**

### जबलपुर के अमित सेठ सहित मप्र हाईकोर्ट को मिले तीन नए जज

**जबलपुर।** केन्द्रीय न्याय विभाग ने मप्र हाईकोर्ट में तीन नए जजों की नियुक्ति की है। राष्ट्रपति की अनुमति के बाद सोमवार को इस आशय की अधिसूचना जारी की गई। इनमें जबलपुर के अधिवक्ता अमित सेठ और ग्वालियर से दीपक खोट व पवन द्विवेदी शामिल हैं। अमित सेठ का नाम पिछले डेढ़ साल से अधिक समय से केन्द्र में अटका हुआ था। अमित वर्तमान में उप महाधिवक्ता के पद पर पदस्थ हैं। जल्द ही एक्टिंग चीफ जस्टिस नवनियुक्त जजों को शपथ दिलाएंगे। तीन नई नियुक्तियों के साथ ही कार्यरत जजों की संख्या 34 हो गई है। मप्र हाईकोर्ट में न्यायाधीशों के कुल स्वीकृत पद 53 हैं। अभी भी 19 पद रिक्त हैं।

### फ्रांस के राष्ट्रपति को पत्नी ने मुंह पकड़कर धकेला



**नई दिल्ली।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैंक्रो वियतनाम के दौरे पर हैं। सोमवार को वियतनाम पहुंचे। मैंक्रो ब्रिगिट प्लेन से उतरने की तैयारी कर रहे होते हैं, तभी फर्स्ट लेडी उनके चेहरे को धकेलती हुई दिखाई दे रही हैं। इसे पति पत्नी के बीच विवाद से जोड़कर देखा जा रहा है।

## उपराष्ट्रपति धनखड़ ने नरसिंहपुर में कृषि उद्योग समागम-2025 का शुभारंभ किया

# कृषि विकास से समृद्धि, मप्र की तर्ज पर हर राज्य में हों कृषि उद्योग समागम



26 से 28 मई तक चलेगा तीन दिवसीय 'कृषि-उद्योग समागम 2025'

*उपराष्ट्रपति ने कहा कि केंद्रीय कृषि मंत्रालय की ओर से भी 29 मई से 12 जून तक नई दिल्ली में कृषि आधारित एक वृहद आयोजन किया जा रहा है।*

हरिभूमि ▶▶ नरसिंहपुर

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि खेती-किसानी देश की अर्थव्यवस्था की नींव है। यह हमारी प्रगति का मूल आधार है। कृषि के क्षेत्र में विकास और नित नए नवाचार जरूरी हैं, इससे कृषि के विकास से ही देश में समृद्धि आएगी। देश का उदर-पोषण करने वाले अन्नदाता की खुशहाली में ही हमारे देश की खुशहाली सन्निहित है। उपराष्ट्रपति धनखड़ सोमवार को नरसिंहपुर जिला मुख्यालय में कृषि उद्योग समागम-2025 के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

**सीएम की तारीफ की**

उपराष्ट्रपति ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव बेहद कर्मठ और कार्यशील हैं। कोई ऐसा दिन नहीं रहता, जब वे गांव, गरीब और किसान की चिंता न करें



हेलीपैड पर पारंपरिक लोकनृत्य से धनखड़ का स्वागत

नई तकनीक और नवाचारों से किसानों का जीवन सुधारने के लिए सरकार चला रही किसान कल्याण मिशन

जैविक खेती के प्रोत्साहन और नवाचारी किसानों को प्रमाण-पत्र देकर किया सम्मानित

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कृषि उद्योग समागम आयोजन पर मुख्यमंत्री को दी बधाई

### इस पहल का अनुसरण अन्य राज्य भी करें

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कृषि उद्योग समागम-2025 के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस पहल का अनुसरण अन्य राज्यों को भी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव बेहद कर्मठ और कार्यशील है। कोई ऐसा दिन नहीं रहता, जब वे गांव, गरीब और किसान की चिंता न करें। मप्र सरकार ने गांव-किसान और उद्योग को जोड़ने की अभिनव पहल शुरू की है।

**कृषि मेलों से किसानों को मिल रहा भरपूर लाभ : राज्यपाल**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि मप्र में कृषि मेलों और कृषि उद्योग समागमों के जरिए किसानों को भरपूर लाभ दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री किसानों के लिए हर समय उपलब्ध रहते हैं। देश के किसान कड़े परिश्रम से अन्न उगाते हैं, वहीं हमारे वैज्ञानिक भी तकनीक का उपयोग कर किसानों के लिए नए-नए संयंत्र तैयार करते हैं।

**सीएम डॉ. यादव ने कहा**

**किसानों की आय बढ़ाने के लिए राज्य सरकार संकल्पित**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र कृषि के मामले में शस्य श्यामला है। नरसिंहपुर पर मां नर्मदा की विशेष कृपा है। नरसिंहपुर जिला दाल का कटोरा है, यहां की तुअर दाल को जीआई टैग मिला है। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में किसानों की आय बढ़ाने के लिए राज्य सरकार संकल्पित है। देश में सर्वाधिक गेहूं उत्पादन में मप्र दूसरे स्थान पर है। राज्य सरकार ने किसानों से 2600 रुपए प्रति क्विंटल गेहूं खरीदा है। नई कृषि तकनीकों और नवाचारों से किसानों का जीवन और बेहतर बनाने के लिए हमारी सरकार मिशन मोड पर काम कर रही है। हमने किसानों को 32 लाख सोलर पंप बांटने की योजना लागू की है। किसानों को 90 प्रतिशत अनुदान पर सोलर पंप दिए जा रहे हैं। किसानों को संपन्न बनाने के लिए सरकार ने किसान मेले शुरू किए हैं इसमें अन्नदाताओं को अनुदान पर आधुनिक कृषि यंत्र दिए जाएंगे।

*सागर लोकायुक्त पुलिस ने पटवारी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा*



## पटवारी बेटे को बचाने के लिए पिता ‘चबा’ गया पांच हजार रिश्वत के नोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर

सागर लोकायुक्त की टीम ने सोमवार सुबह नौगांव के नैगुंवा गांव में पदस्थ पटवारी पंकज दुबे को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा लिया। किसान दयाराम राजपूत ने शिकायत की थी कि पटवारी ने सीमांकन के लिए 10 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। किसान ने 5 हजार रुपए एडवांस के तौर पर दिए थे।

जैसे ही पटवारी ने पैसे लिए, लोकायुक्त की टीम ने छापा मारा। लोकायुक्त को देखते ही पटवारी के पिता देवीदीन दुबे ने अपने बेटे पटवारी को बचाने के लिए रिश्वत की रकम को चबा लिया। टीम ने पटवारी और उसके पिता दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस घटना से पूरे नौगांव में हड़कंप मच गया। पटवारी के घर के बाहर लोगों की भीड़ जमा हो गई। हालांकि, पटवारी के घर लगे सीसीटीवी और डीवीआर को पुलिस ने जब्त कर लिया है। वहीं साक्ष्य मिटाने के आरोप में पिता को भी पुलिस ने आरोपी बनाया है।

लोकायुक्त ने अब बेटे के साथ पिता पर भी की कार्रवाई

**पटवारी ने दराज में रख ली थी रिश्वत**

*लोकायुक्त इंस्पेक्टर केपीएस बेन ने बताया कि फरयादी दयाराम राजपूत द्वारा शिकायत रिश्वत की शिकायत मिली थी। जहां जमीन के सीमांकन के एवज में पटवारी ने 10 हजार की रिश्वत मांगी गई थी। जब सत्यता की जांच की गई तो मामला सही पाया गया। पटवारी के घर कार्रवाई की गई, 5 हजार रिश्वत ली गई जो पटवारी ने अपनी दराज में रख ली। जब हम लोग पहुंचे तो पता चला डर के कारण रिश्वत के पैसे पटवारी के पिता चबा गए। अब मामले की जांच की जा रही है। पिता-पुत्र दोनों को आरोपी बनाया गया है। मेडिकल जांच भी करवाई जा रही है।*

जेप्टो सीईओ पालिचा ने दी सफाई

### बड़े पैमाने पर हमारे स्टोर बंद नहीं हुए, बल्कि तेजी से खुले

**नई दिल्ली।** जेप्टो के सह-संस्थापक और सीईओ आदित पालिचा ने एक प्रतिस्पर्धी कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) पर कंपनी की बदनामी के लिए अभियान चलाने का आरोप लगाया है। पलिचा ने नाम न लेते हुए आरोप लगाया कि जेप्टो की एक प्रतिस्पर्धी कंपनी के सीएफओ ने जेप्टो के निवेशकों से निराधार दावे किए हैं। यह स्पष्ट करता है कि वे इस बात से घबरा रहे हैं कि जेप्टो का ईबीआईटीडीए तेजी से सुधर रहा है।



■ प्रतिद्वंद्वी कंपनी पर बदनाम करने का लगाया आरोप

पचमढ़ी में 14 से 16 जून तक

### भाजपा विधायकों-सांसदों का होगा बड़ा ट्रेनिंग कैंप

**भोपाल।** प्रदेश के भाजपा सांसदों-विधायकों का ट्रेनिंग कैंप 14 से 16 जून तक पचमढ़ी में आयोजित किया जाएगा। इसका उद्घाटन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और समापन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे। कैंप में भाजपा सभी विधायक, मंत्रिमंडल सदस्य और लोकसभा, राज्यसभा के सांसद शामिल होंगे। विधानसभा और लोकसभा चुनाव के बाद नवनिर्वाचित विधायकों, सांसदों को भाजपा 5 साल में एक बार प्रशिक्षण देने का कार्यक्रम आयोजित करती है।



■ जेपी नड्डा उद्घाटन अमित शाह करेंगे समापन

नैतिकता की लिखी नई इबारत

### सीए ने लौटाए दहेज में मिले 10 लाख, शगुन के लिए 101 रुपए

**सागर।** जिले एक युवा चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) नीलेश लोधी ने दहेज प्रथा के खिलाफ संदेश देते हुए दहेज में मिले 10 लाख रुपए लौटा दिए। लोधी को सगाई में 10 लाख रुपए ससुराल पक्ष की ओर मिले थे, लेकिन नीलेश ने मात्र 101 रुपए शगुन लेकर सगाई करते हुए समाज को प्रेरणा देने की कोशिश की, जो शादी में दहेज के खिलाफ बड़ा कदम उठाने से हिचकिचा जाते हैं। सीए नीलेश की शादी रायसेन जिले के एक गांव में तय हुई थी।



■ पुजारी ने भी 1 रु. लेकर संपन्न कराया विवाह

**अनावरण**



**जबलपुर।** मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव ने वरिष्ठ स्वतंत्रता सेनानी जवाहर लाल दर्डा की कांस्य प्रतिमा का सेठ गोविंददास शासकीय जिला चिकित्सालय विक्टोरिया हास्पिटल में सोमवार को अनावरण किया। कार्यक्रम में पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह व लोकमत मीडिया समूह के प्रबंध निदेशक देवेन्द्र दर्डा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे। सीएम ने शहर में तीन अन्य कार्यक्रमों में भी शिरकत की।

**दूसरे दिन 4 डिग्री बढ़ी नौतपे की गर्मी**

# दो दिन बाद कई जिलों में होगी बारिश...फिर गिरेगा ‘पारा’

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेशभर में नौतपे के दूसरे दिन सोमवार को धूप का असर बढने से नौपते की गर्मी 4 डिग्री तक बढ़ गई। भोपाल में 3.8 डिग्री बढ़कर 38.6 डिग्री रहा, जो सामान्य से 2.7 डिग्री कम है। दो से तीन दिन बाद कई जिलों में बारिश से पारा में फिर गिरावट होगी।

सोमवार को पश्चिमी मध्य प्रदेश में औसत पारा 4 डिग्री बढ़कर औसतन 38 डिग्री तक रहा, जो सामान्य से औसतन 5 डिग्री तक कम है। पूर्वी एमपी में यह 3 डिग्री की कमी के साथ औसतन 39 डिग्री तक रहा है। सबसे गर्म नौगांव में अधिकतम तापमान 41.6 डिग्री रहा, जबकि लू का असर किसी जिले में नहीं रहा है।



**कहां कितना बढ़ा पारा**

*नौतपे के दूसरे दिन पारे में सबसे अधिक बढ़ोतरी मलाजखंड, उमरिया और धार में 5 डिग्री तक रही। यहां औसत पारा 38 डिग्री रहा। इंदौर, रायसेन, नर्मदापुरम, पचमढ़ी, उज्जैन, छिंदवाड़ा, जबलपुर, नरसिंहपुर, सागर आदि जिलों में पारा 3 से 4 डिग्री तक बढ़ा है। इसके अलावा अधिकांश जिलों में एक डिग्री तक बढ़त से उमस में बढ़ोतरी रही है।*

सिवनी की केवलारी तहसील में जहर घोटाला: सांप सोचते होंगे क्या सिर्फ हम ही जहरीले हैं?

# सांप काटे के झूठे केस बनाए, एक-एक आदमी ‘कई बार मरा’ 4 लाख प्रति व्यक्ति मुआवजा लिया, कुल 11 करोड़ से अधिक ऐंठे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी

जिले की केवलारी तहसील में एक बड़ा घोटाला सामने आया है। यहां कुछ लोगों को झूठे तरीके से सांप के काटने जैसी घटनाएं बताकर मृत घोषित कर दिया गया, ताकि सरकार से मिलने वाला 4 लाख रुपए का मुआवजा फर्जी तरीके से लिया जा सके। कोष और लेखा विभाग के संयुक्त निदेशक रोहित कौशल ने बताया कि जांच में सामने आया है कि अगर किसी की मौत सांप काटने या नदी में डूबने से होती है, तो सरकार की तरफ से मुआवजा दिया जाता है। इसी नियम का गलत फायदा उठाकर कई फर्जी मौतों के दस्तावेज तैयार किए गए और कोषालय से पैसे निकाल लिए गए।

▶▶ यह फर्जीवाड़ा साल 2019 से 2022 के बीच किया गया
▶▶ मूल आरोपी सचिन जेल में, बाकी 20 आरोपी जमानत पर छूटे

**75 साल के संत बघेल बोले- मैं तो जिंदा हूं**



मलारी गांव के संत कुमार बघेल (75) को सरकारी रिकॉर्ड में मरा हुआ दिखाया गया है, जबकि वे जिंदा हैं। संत कुमार बताते हैं कि उन्होंने खुद ये सुना कि उनके नाम पर लाखों रुपए का मुआवजा लिया गया है, जबकि उन्हें इसका कुछ नहीं मिला।

**◆ वित्त विभाग और पुलिस की जांच में अंतर**

इस घोटाले की पुलिस और वित्त विभाग की जांच में अंतर सामने आ रहा है। पुलिस की जांच में एसडीएम तहसीलदार दोषी नहीं माने गए हैं। जबकि वित्त विभाग की जांच में 1 तत्कालीन एसडीएम, 3 तत्कालीन तहसीलदार और 1 तत्कालीन प्रभारी तहसीलदार को जिम्मेदार माना गया है। वित्त विभाग की जांच की पड़ताल में उजागर हुआ है कि जांच टीम ने दस्तावेजों का मिलान ही नहीं किया। इसका उल्लेख टीम ने जांच रिपोर्ट में खुद ही किया है। इससे जांच की निष्पक्षता को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

**सफलता** ड्रोन दीदी योजना महिलाओं के लिए कारगर साबित हो रही

# रोटी बेलने वाले हाथों में ड्रोन... खेती में कर रहीं करिश्मा

## ड्रोन उड़ाने की ट्रेनिंग लेकर ड्रोन दीदी बन रहीं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर



सागर

ड्रोन टेक्नालाजी की वजह से कृषि के क्षेत्र में बड़ा बदलाव आया है। किसानों को खेती में ड्रोन के उपयोग के लिए केंद्र सरकार की 'नमो ड्रोन दीदी योजना' के तहत महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। ट्रेनिंग लेने के बाद महिलाएं किसानों को ड्रोन के माध्यम से खेती में नैनो टेक्नोलॉजी के उपयोग के लिए प्रेरित कर रही हैं और खुद भी कमाई कर रही हैं। सागर की साक्षी पांडे ट्रेनिंग लेकर पिछले डेढ़ साल से अच्छी कमाई कर रही हैं। साक्षी को पिछले साल 15 अगस्त पर प्रधानमंत्री का बुलावा भी आया था और उन्होंने लाल किले पर स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में शिरकत भी की थी।



**नमो ड्रोन दीदी ने बदल दी साक्षी की जिंदगी**

सागर के पड़रिया गांव की रहने वाली साक्षी पांडे बताती हैं कि हमें ड्रोन चलाने का प्रशिक्षण नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत दिया गया था। इस योजना में उन्हीं महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया था जो मध्य प्रदेश आजीविका मिशन से जुड़ी हुई हैं। उन्हें ग्वालियर में 15 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया जो की पूरी तरह से नि:शुल्क था। इसके बाद मार्च 2023 में उन्हें ड्रोन दिया गया। इसके साथ एक इलेक्ट्रिक व्हीकल और जनरेटर दिया गया था जो नि:शुल्क था. इसके जरिए वे खेतों में जाकर रासायनिक दवाओं का छिड़काव करती हैं। जिससे किसानों को 100 प्रतिशत लाभ मिलता है और पानी की बचत होती है।

### ड्रोन से हो रहा छिड़काव

साक्षी पांडे बताती है कि ड्रोन चलाने के साथ-साथ ड्रोन दीदी किसानों को नैनो यूरिया और नैनो पेस्टिसाइड के उपयोग के लिए प्रेरित करती हैं। यूरिया मुख्य रूप से पत्तियों को देना होता है, ताकि पत्तियां ग्रोथ करें और बढ़िया उत्पादन हो। दानेदार यूरिया मिट्टी की उर्वरा क्षमता को भी नुकसान पहुंचाती है। नैनो फर्टिलाइजर या नैनो पेस्टिसाइड का इस्तेमाल करने के लिए हम किसानों को प्रेरित करते हैं। इससे उत्पादन भी अच्छा होता है और मिट्टी की उर्वरक क्षमता भी प्रभावित नहीं होती. हम लोग किसानों को बताते हैं कि मजदूर द्वारा स्प्रे करना काफी खर्चीला होता है और पानी भी अत्यधिक खर्च होता है। जबकि ड्रोन से कीटनाशक या फर्टिलाइजर का छिड़काव काफी किफायती होता है और पानी और समय की भी बचत होती है। इसके लिए खेत में अंदर जाने की जरूरत नहीं होती जिससे फसल को भी नुकसान नहीं होता।

## सौ दिनों में लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य मिलने के बाद मध्यप्रदेश में 96 हजार 240 बहनें लखपति दीदी बनी




भोपाल।

केन्द्र सरकार के सौ दिनों में लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य मिलने के बाद मध्यप्रदेश में 96 हजार 240 बहनें लखपति दीदी बन गई। इनको मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की ओर से वित्तीय सहायता, बाजार सहायता एवं तकनीकी सहायता दी गई है। इनके स्व-सहायता समूहों के उत्पादों की पहुंच बड़े बाजारों तक बनाने के लिये डिजीटल प्लेटफार्म पर लाकर ऑनलाईन मार्केटिंग की जा रही है। प्रदेश में लगभग 46,000 परिवारों को गैर कृषि आधारित लघु उद्यम गतिविधियों से जोड़ा गया है और 20 नए दीदी कैफे की शुरुआत की गई है। इन कैफे के माध्यम से महिलाएं अपनी आजीविका चला रही हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में नई रोजगार के अवसर उत्पन्न हो रहे हैं। यह गर्व का विषय है कि 25 अगस्त 2024 को जलगांव (महाराष्ट्र) में हुए लखपति दीदी सम्मेलन मे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने गुना जिले की लखपति दीदी श्रीमती गंगा अहिरवार को सम्मानित किया गया ।

### लखपति दीदी और मिलेट आधारित आजीविका संवर्धन

लखपति दीदी इनिशिएटिव कार्यक्रम के तहत 13.69 लाख महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया है, जिनका उद्देश्य उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। लखपति दीदी संगीता मालवीय ने 25 अगस्त 2024 को जलगांव (महाराष्ट्र) में हुए लखपति दीदी सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से संवाद करने का अवसर मिला। इसके साथ ही मिलेट आधारित आजीविका संवर्धन के तहत 9,000 महिला समूहो को मिलेट उपार्जन और प्रसंस्करण गतिविधियों से जोड़ा गया है। जिले डिण्डौरी और सिंगरौली में आधुनिक मिलेट प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित की गई है, जो इन महिलाओं के लिए नई आजीविका के अवसर पैदा कर रही हैं।

### सशक्तिकरण की ओर कदम

महिला समूह सदस्यों ने पात्रता अनुसार शासन की योजनाओं का आगे बढ़कर लाभ लिया है। स्वच्छता अभियान, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, पर्यावरण संरक्षण, बचत, बैंकिंग, डिजिटल लेन-देन, सुरक्षा बीमा आदि क्षेत्रों में उनके द्वारा न केवल स्वयं लाभ लिया गया है अपितु दूसरे लाभार्थियों के लिए मददगार भी बनी हैं। घरेलू हिंसा में कमी, लिंग भेद में कमी लाने के प्रयास करना तथा अन्य शासकीय अभियानों, शासकीय योजनाओं तथा सामुदायिक विकास के मुद्दों तथा निगरानी में भागीदारी बढ़ी है। विगत पंचायत निर्वाचन में प्रदेश में लगभग 17 हजार समूह सदस्य महिलायें पंच, सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्य आदि पदों पर निर्वाचित हुई हैं यह आंकड़ा बताता है कि विकास की मुख्यधारा से जुड़कर जागरूक हुई महिलायें अपने सामाजिक, आर्थिक सशक्तीकरण के साथ-साथ राजनैतिक सशक्तीकरण की ओर भी तेजी से अग्रसर है। मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने महिला सशक्तिकरण, सामाजिक और आर्थिक सुधारों के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किया है। यह मिशन ग्रामीण महिलाओं के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में सहायक साबित हो रहा है साथ ही समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। ग्रामीण महिलाएं अब न केवल अपने परिवारों की आर्थिक स्थिति में सुधार कर रही हैं, बल्कि समाज और राजनीति में भी अपनी सशक्त भूमिका निभा रही हैं।

ग्रामीण विकास और महिला सशक्तिकरण की नई इबारत लिख रहा मध्यप्रदेश

# पीएम मोदी के विजन को मिशन बनाकर महिलाओं को सशक्त बना रहे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कहना है कि महिलाओं के सशक्तिकरण के बिना मानवता की प्रगति अधूरी है। नारी सशक्तिकरण आर्थिक विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण आधार है। राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका को सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री के विजन को मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मिशन बनाकर साकार कर रहे हैं।

केन्द्र और राज्य सरकार का फोकस वित्तीय सहायता, कौशल और प्रशिक्षण के माध्यम से महिला उद्यमियों को बढ़ावा देने पर रहा है। ग्रामीण महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक परिस्थितियों में बदलाव प्रमुख ध्येय है। मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधीन संचालित एक महत्त्वाकांक्षी पहल है, जिसने विगत वर्षों में ग्रामीण क्षेत्रों विशेष रूप से महिलाओं के जीवन में आमूलचूल परिवर्तन किया है। मिशन की बहुआयामी गतिविधियाँ आज ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बन चुकी हैं। कृषि, महिला उद्यमिता, वित्तीय समावेशन, स्व-रोजगार, प्रशिक्षण और सामाजिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में यह मिशन न केवल मध्यप्रदेश बल्कि समूचे देश के लिए प्रेरणास्रोत बन चुका है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दूरदृष्टि से महिला सशक्तिकरण संभव हुआ है।



### वित्तीय समावेशन की नई ऊँचाइयाँ

प्रदेश के 3.96 लाख एसएचजी को 598.54 करोड़ रुपये रिवाल्विंग फंड, 1.96 लाख एसएचजी को 1,759.18 करोड़ रुपये सामुदायिक निवेश निधि और पिछले पांच वर्षों में 28 लाख एसएचजी परिवारों को 11,765 करोड़ रुपये बैंक ऋण दिए गए हैं। यहाँ बैंक ऋण वितरण की वार्षिक प्रगति दर 130% रही, जो राष्ट्रीय औसत 26% से पाँच गुना अधिक है। एनपीए महज 1.28% है, जो उत्कृष्ट वित्तीय अनुशासन को दर्शाता है।

**लोक अधिकार केंद्र: न्याय की ओर बढ़ते कदम**

313 विकासखंडों में स्थापित लोक अधिकार केंद्रों के माध्यम से महिलाओं की शासन तक पहुँच सुनिश्चित की गई है। ये केन्द्र स्थानीय प्रशासन और पंचायती राज संस्थाओं तक महिलाओं की पहुंच करने एवं उन्हें उनका हक दिलाने के लिये सशक्त मंच के रूप में काम कर रहे हैं। अब तक 61,674 मुद्दों में से 30,607 मामलों का सफल निराकरण किया जा चुका है।

**कौशल विकास और स्वरोजगार के अवसर**

डीडीयू-जीकेवाय के तहत 54,000 युवतियों को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण दिया गया है, जिनमें से 54% महिलाएं हैं। आरएसईटीआई के तहत 2.82 लाख युवतियाँ स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षित की गई हैं। ये युवतियाँ टेक्सटाइल, आईटी, बैंकिंग जैसे क्षेत्रों में सफलता पूर्वक कार्यरत हैं।

**नमो ड्रोन दीदी यानि तकनीक से जुड़ी महिलाएं**

मिशन की अभिनव पहल 'नमो ड्रोन दीदी योजना' के तहत अब तक 89 महिलाओं को अत्याधुनिक ड्रोन तकनीक से प्रशिक्षित कर उन्हें कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाया गया है। ये 'ड्रोन दीदी' अब तक 17,393 एकड़ भूमि पर कीटनाशक छिड़काव का कार्य कर चुकी हैं, जिससे 47.94 लाख रुपये की आय अर्जित की गई है। यह पहल महिला सशक्तिकरण और स्मार्ट कृषि तकनीक के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है।

**उत्पादक कंपनियों से बढ़ा किसानों का मोल**

प्रदेश में 135 उत्पादक कंपनियों का गठन कर समूह सदस्यों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने का सफल प्रयास किया गया है। इनमें 119 कृषि आधारित, 4 दुग्ध, 8 मुर्गीपालन, 2 लघुवनोपज और 2 बकरी पालन कंपनियाँ शामिल हैं। इनका कुल वार्षिक कारोबार वर्ष 2023-24 में 688 करोड़ रुपये को पार कर गया है।

**महिला कृषि उद्यमियों की बढ़ती ताकत- 140 करोड़ से अधिक टर्न ओवर**

प्रदेश की 1,576 महिला कृषि उद्यमी अब खाद, बीज, जैविक कीटनाशक एवं कृषि यंत्र जैसे क्षेत्रों में अपना व्यवसाय सफलता से चला रही हैं। वर्ष 2024-25 में इनका संयुक्त टर्नओवर 140.59 करोड़ रुपये दर्ज किया गया है, जो महिला नेतृत्व वाली कृषि इकाइयों की सशक्त भूमिका को दर्शाता है।

### आजीविका फ्रैश से जैविक खेती को मिला बाजार

जैविक खेती को बढ़ावा देते हुए 2,107 आजीविका फ्रेश आउटलेट्स की स्थापना की गई है, जहाँ स्व-सहायता समूहों द्वारा उत्पादित रसायन-मुक्त सब्जियों की बिक्री हो रही है। इन आउटलेट्स से 55.2 करोड़ रुपये का व्यापार किया जा चुका है।

**लखपति दीदी: गरीबी से समृद्धि की ओर यात्रा:** लखपति दीदी इनिशिएटिव के माध्यम से 8.87 लाख एसएचजी परिवारों को दो या अधिक आजीविका गतिविधियों से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया गया है। यह योजना ग्रामीण महिलाओं को महज लाभार्थी नहीं, बल्कि निर्माता और नीति-निर्धारक बनने की प्रेरणा देती है।

**मार्केटिंग और ब्रांडिंग को मजबूती: रूरल व स्टेट मार्ट:** राज्य स्तरीय भोपाल हाट में स्थापित एक स्टेट मार्ट और जिलों में संचालित 43 रूरल मार्ट्स के माध्यम से एसएचजी उत्पादों को व्यापक बाजार मिला है। स्टेट मार्ट से 24.54 लाख रुपये एवं रूरल मार्ट्स से 2.94 करोड़ रुपये के उत्पादों की बिक्री की गई है।

**दीदी कैफे: स्वाद के साथ स्वावलंबन की मिसाल:** प्रदेश भर में 169 दीदी कैफे महिलाओं द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। इनमें मुख्यमंत्री आवास स्थित दीदी कैफे का टर्नओवर सर्वाधिक 1.27 करोड़ रुपये रहा है। इसके अलावा भोपाल हाट परिसर में एक विशेष 'मिलेट कैफे' भी संचालित है।

**आजीविका एक्सप्रेस:** परिवहन के साथ सेवाओं की डोर: 219 आजीविका एक्सप्रेस वाहनों के माध्यम से ग्रामीणों की शिक्षा, स्वास्थ्य और बाजार तक पहुंच सुनिश्चित की गई है, जिससे जीवन की गुणवत्ता में सुधार हुआ है।



**सशक्तिकरण और सेवा प्रदाय**

17,000 से अधिक एसएचजी सदस्य महिलाएं पंचायत प्रतिनिधि के रूप में निर्वाचित होकर स्थानीय शासन में अपनी भूमिका निभा रही हैं। वहीं एसएचजी समूह 2,790 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से 50.24 लाख टन अनाज का उपार्जन कर 80.38 करोड़ रुपये का कमीशन प्राप्त कर चुके हैं।

**और भी हैं कई अभिनव प्रयास**

4,147 समूहों द्वारा जल कर वसूली से 8.43 करोड़ रुपये की आय। 5 जिलों में टोल टैक्स वसूली से मासिक 1-1.5 लाख रुपये तक की आय। 72 सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्रों पर 2.37 लाख प्रतिभागियों को प्रशिक्षण। 2,228 एसएचजी द्वारा 2,970 सदस्य सरकारी पीडीएस दुकानों का संचालन। 407 गौशालाओं का सफल संचालन।

15 लाख परिवारों की सालाना आय न्यूनतम 1 लाख से अधिक

# समूहों के माध्यम से छोटे-छोटे व्यवसायों से मुनाफा कमा रहीं मध्यप्रदेश की महिलाएं

भोपाल

प्रदेश सरकार का महिला मिशन महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनैतिक विकास को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ उन्हें सम्मान और सुरक्षा प्रदान करने के लिए समर्पित है। सरकार ने महिलाओं के समग्र विकास को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा है।

इस मिशन के तहत, महिलाओं को उद्यमिता, कौशल विकास, शिक्षा और रोजगार के अधिक अवसर दिये जा रहे हैं। मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एसआरएलएम) ने ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं का प्रभाव ग्रामीण परिवारों के जीवन में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। मध्यप्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत गरीब परिवार के लगभग 62 लाख सदस्यों को, लगभग 5 लाख स्व-सहायता समूहों से जोडा गया है। इनमें से लगभग 15 लाख परिवारों की सालाना आय न्यूनतम 1 लाख से अधिक अथवा करीब 10-12 हजार रुपये महीने तक पहुंची है। यह आंकडे मध्यप्रदेश में आर्थिक उन्नयन के प्रयासों की सफलता को दर्शाते हैं। इस मिशन के तहत महिलाओं को स्व सहायता समूह बनाकर कई प्रकार के व्यवसायों की शुरुआत करने का अवसर मिला। इन व्यवसायों में स्कूली ड्रेस सिलाई, पोषण आहार का संचालन, टोल टैक्स बैरियर प्रबंधन, राशन की दुकानों का संचालन, जल प्रबंधन, पंचायतों में कर संग्रहण और सड़कों के रख-रखाव जैसी गतिविधियाँ शामिल हैं। इससे महिला सशक्तिकरण के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिली। मिशन के समूहों से जुड़े परिवारों को आजीविका के एक से अधिक विकल्प उपलब्ध कराने के लिये लगातार प्रशिक्षण, मार्गदर्शन के साथ-साथ वित्तीय सहयोग भी दिया जा रहा है।



**48,655 | महिलाओं को स्व-सहायता समूहों से जोड़ा**

विगत एक वर्ष में मिशन के अंतर्गत 48,655 महिलाओं को स्व-सहायता समूहों से जोड़ा जा चुका है। इसके साथ ही 479 ग्राम संगठन (व्ही.ओ.) और 35 संकुल स्तरीय संगठन (सी.एल.एफ) स्थापित किए गए हैं, जो ग्रामीण महिलाओं को संगठित कर उनके सामाजिक-आर्थिक उत्थान में योगदान दे रहे हैं। मिशन ने 21,860 स्व-सहायता समूहों को कुल 43.57 करोड़ रुपये परिक्रामी निधि (रिवाल्विंग फण्ड) और 14,657 समूहों को 129.92 करोड़ रुपये सामुदायिक निवेश निधि (सीआईएफ) प्रदान की है। इसके अलावा, विभिन्न बैंकों से 1,38,192 समूहों को 3,115 करोड़ रुपये का ऋण प्राप्त हुआ है, जो इन समूहों के आर्थिक विकास में सहायक बन रहा है।

**उद्योग आधारित आजीविका से बढ़े अवसर**

स्वयं सहायता समूहों को स्थायी व्यवसाय और आजीविका के उद्देश्य से नमो ड्रोन दीदी योजना प्रारम्भ की गयी। यह योजना महिला स्वयं सहायता समूहों को कृषि प्रयोजनों के लिए किसानों को ड्रोन किराए पर देने में सक्षम बनाती है नैनो यूरिया और नैनो डीएपी जैसे नवीन तरल उर्वरकों के पत्तों पर छिड़काव के लिए ड्रोन का उपयोग से कृषि में उन्नत तकनीक की शुरुआत करती है।

D-16021/25




# बारिश का 107 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा, सड़कें बन गईं दरिया और ट्रेनों व उड़ानों पर भी लग गया ब्रेक

## मुंबई में 75 साल में सबसे जल्दी आया मानसून, पर दैनिक जीवन को डाला मुसीबत में

एजेंसी ▶▶ मुंबई

यहां भारी बारिश से हालात बिगड़ते जा रहे हैं। मानसून ने 75 साल में सबसे जल्दी शहर में दस्तक दे दी है। मई महीने में हुई बारिश ने शहर का 107 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। सोमवार की सुबह शहर में भारी बारिश हुई, जिससे यातायात, जलभराव और लोकल ट्रेनों के निलंबन सहित दैनिक जीवन में अच्छी खासी परेशानी देखी गई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून मुंबई में पिछले 75 वर्षों में सबसे पहले पहुंचा है। मानसून अपनी सामान्य तिथि 11 जून से 16 दिन पहले आ गया है। दिन में पुणे में भी मानसून पहुंचा।आईएमडी की वैज्ञानिक सुषमा नायर ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून 1956 में 29 मई को मुंबई पहुंचा था। यह 1962 और 1971 में भी इसी तिथि को पहुंचा था। कुछ घंटों की लगातार बारिश के कारण मुंबई के कई निचले इलाकों और रेलवे ट्रैक पर जलभराव हो गया। इससे सोमवार सुबह सड़कों और लोकल ट्रेन सेवाओं पर यातायात प्रभावित हुआ।



**एक दिन में ही कई शहर हो गए लबालब**

आईएमडी के अनुसार सुबह 8.30 बजे से 11.30 बजे के बीच कोलाबा में 105.2 मिलीमीटर, सांताक्रूज (55 मिमी), बांद्रा (68.5 मिमी), जुहू एयरपोर्ट (63.5 मिमी), चेंबूर (38.5 मिमी), विक्रोली (37.5 मिमी), महालक्ष्मी (33.5 मिमी) और सायन (53.5 मिमी) बारिश हुई।



### देशभर के कई राज्यों में भयंकर बारिश-आंधी का अलर्ट

- कासरगोड के लिए 'रेड अलर्ट' जारी कर भारी बारिश का जताया अनुमान
- पूर्वोत्तर भारत में 7 दिन के दौरान तेज बारिश, आंधी की जताई संभावना
- केरल, लक्षद्वीप, दक्षिण तटीय महाराष्ट्र, गुजरात क्षेत्र में अलर्ट
- दक्षिण-पूर्व राजस्थान, मध्य महाराष्ट्र, विदर्भ, नॉर्थ उत्तर प्रदेश, मेघालय, मणिपुर में तेज बारिश की संभावना
- तमिलनाडु के घाट क्षेत्र में भारी बारिश की संभावना

केरल में भारी बारिश का कहर

## पेड़ उखड़े, सेना तैनात, कई लोग राहत शिविर भेजे गए



मल्लप्पुरम। केरल के उत्तरी जिलों में मूसलाधार बारिश का कहर लगातार जारी है, जिससे कई क्षेत्रों में लोगों को राहत शिविरों और सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया है। भारी वर्षा से राज्य भर में बड़े पैमाने पर पेड़ उखड़ गए हैं, जिससे गांव, कस्बे और पहाड़ी क्षेत्र प्रभावित हुए हैं, जबकि कई नदियों और जलाशयों का जलस्तर बढ़ने से निवासियों लिए खतरा पैदा हो गया है। मल्लप्पुरम जिले में भारी बारिश के चलते केले के खेत में बना एक कुंआ अचानक धंस गया। वायनाड के सुल्तान बाथरी के पुजमकुनी गांव से कई आदिवासी परिवारों को राहत शिविरों में पहुंचाया गया है।

### त्रिशूर में यातायात बाधित हो गया

त्रिशूर जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण पेड़ों के व्यापक रूप से उखड़ जाने से खतरा बढ़ गया और विभिन्न स्थानों पर यातायात बाधित हो गया। त्रिशूर-गुरुवायूर रेल मार्ग पर एक पेड़ उखड़कर गिर गया है। तेज हवाओं और लगातार बारिश के कारण अट्टापडी और नेल्लियामपथी क्षेत्रों सहित पलक्कड़ जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कोझिकोड से कई लोगों को पड़ोसी कोझिकोड जिले के राहत शिविरों में पहुंचाया गया है।

**कोझिकोड में लोगों को सतर्क रहने के कहा**

कोझिकोड जिला प्रशासन ने स्थानीय निवासियों से सतर्क रहने का आग्रह किया है, क्योंकि पूनूर पुझा का जलस्तर कोलिकल में खतरे के स्तर से ऊपर और कुन्नमंगलम में चेतावनी स्तर से ऊपर पहुंच गया है।



### उपनगरीय ट्रेनें और सड़क यातायात प्रभावित

आंधी और तेज हवा की चेतावनी के बीच मुंबई के कई इलाकों, खासकर द्वीपीय शहर में कुछ घंटों तक तेज बारिश हुई। मध्य रेलवे नेटवर्क पर मस्जिद, बायकुला, दादर, माटुंगा और बदलापुर रेलवे स्टेशनों पर ट्रैक जलमग्न हो गए। किंग्स सर्कल, मंत्रालय, दादर टीटी ईस्ट, परेल टीटी, कालाचौकी, चिंचपोकली और दादर स्टेशन सहित निचले इलाकों में जलभराव देखा गया।

### पुणे में फटा बादल, लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया

पुणे (ग्रामीण) के पुलिस अधीक्षक संदीप सिंह गिल ने बताया कि इंदापुर के पास पुणे-सोलापुर राजमार्ग का एक हिस्सा जलभराव के कारण लगभग दो घंटे तक बंद रहा, लेकिन पानी कम होने के बाद यातायात फिर से शुरू हो गया।इंदापुर के 70 गांवों के कई घरों और बारामती के 150 घरों में बारिश का पानी घुस गया, जिससे स्थानीय अधिकारियों को निवासियों को तुरंत सुरक्षित स्थान पर ले जाने के लिए मजबूर होना पड़ा।


### विभाग ने लहरें उठने की संभावना जताई, अलर्ट

आईएमडी ने अगले 24 घंटों में मुंबई के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान लगाया है। पूर्वानुमान में कहा गया कि आम तौर पर बादल छाए रहेंगे। 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और शहर और उपनगरों में अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।' बीएमसी ने बताया कि सुबह 11.24 बजे 4.75 मीटर तक लहरें उठ सकती हैं। फिर रात 11.09 बजे 4.17 मीटर तक लहरें उठने की उम्मीद है।

## खबर संक्षेप

### झरने में फंसे 5 पर्यटकों को लोगों ने बचाया

**मंगलुरु।** कर्नाटक में एरागुंडी झरने के ऊपर फंसे 5पर्यटकों को स्थानीय लोगों ने सुरक्षित बचा



लिया। यह घटना रविवार को दक्षिण कन्नड़ जिले स्थित मूडबिद्री तालुक के पुट्टीगे गांव के पलाडका में हुई। पर्यटक झरने के ऊपरी हिस्से पर चढ़ गए थे लेकिन नदी में पानी का स्तर बढ़ने से वे फंस गए और मदद के लिए गुहार लगाने लगे।

### सौरव के भाई-भाभी बालबाल बचे, स्पीडबोट पलटी

**पुरी।** यहां के समुद्र में वॉटर स्पोर्ट का आनंद लेते समय भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव



गांगुली के बड़े भाई क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल के अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली और उनकी पत्नी अर्पिता की 'स्पीडबोट' पलट गई लेकिन दोनों बाल-बाल बच गए। यह घटना शनिवार शाम को 'लाइटहाउस' के पास हुई।

### बंगाल स्वास्थ्य विभाग के मुख्यालय को उड़ा देंगे

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विभाग के मुख्यालय स्वास्थ्य भवन को बम से उड़ाने की



धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद बम निरोधक और श्वान दस्तों के साथ पुलिसकर्मियों की एक बड़ी टीम मौके पर पहुंची। ईमेल सोमवार तड़के स्वास्थ्य सेवा विभाग को मिला, जिसमें लिखा था कि 1.13 बजे 4 बम विस्फोट होंगे।

### जस्टिस वर्मा संबंधी जांच रिपोर्ट उजागर नहीं होगी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आरटीआई के तहत उस रिपोर्ट को सार्वजनिक करने से इनकार कर



दिया, जिसमें जस्टिस यशवंत वर्मा को नकदी मिलने के आरोपों में दोषी ठहराया है। तत्कालीन सीजेआई जस्टिस संजीव खन्ना वर्मा के खिलाफ कार्रवाई को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को लिखे पत्र को भी उजागर करने से इनकार कर दिया।

### पीएम ने दाहोद में 24,000 करोड़ की विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन

# अगर कोई हमारी बहनों के सिंदूर को मिटाएगा तो आज का भारत उसे 'समूल' मिटा देगा



**प्रधानमंत्री ने लोगों को किया संबोधित, 'ऑपरेशन सिंदूर' का भी किया जिक्र**

#### हमारी सेनाओं ने पाकिस्तानी फौज को भी धूल चटाई

पीएम मोदी ने कहा किमोदी ने अपनी तीनों सेनाओं को खुली छूट दी और हमारे शूरवीरों ने वो कर दिखाया, जो दुनिया ने पिछले कई दशकों से नहीं देखा था। हमने सीमापार चल रहे 9 आतंकी ठिकानों को ढूंढ निकाला और 22 तारीख को उन्होंने जो खेल खेला था, 6 तारीख की रात को 22 मिनट में हमने उन्हें मिट्टी में मिला दिया। पाकिस्तानी सेना ने दुस्साहस दिखाया, तो हमारी सेनाओं ने पाकिस्तानी फौज को भी धूल चटा दी।



एजेंसी ▶▶ दाहोद

पीएम मोदी ने दाहोद में करीब 24,000 करोड़ की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया।वेरावल और अहमदाबाद के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस और वलसाड और दाहोद स्टेशनों के बीच एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान उन्होंने विशाल जनसभा को संबोधित भी किया। पीएम मोदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि ये क्षेत्र मां भारती की, मानवता की रक्षा के लिए हमारे तप और त्याग को दर्शाता है। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने जो कुछ किया, क्या भारत चुप बैठ सकता है? क्या मोदी चुप बैठ सकता है? अगर कोई हमारी बहनों के सिंदूर को मिटाएगा, तो उसका भी मिटना तय हो जाता है। इसलिए ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं है। ये हम भारतीयों के संस्कारों और हमारी भावनाओं की अभिव्यक्ति है। आतंकवादियों ने 140 करोड़ भारतीयों को चुनौती दी थी। मोदी ने वही जवाब दिया है।

#### आगे बढ़ते रहना, गरीबी को खत्म करना और विकसित भारत का निर्माण हमारा लक्ष्य

उन्होंने कहा कि विभाजन के बाद नए-नए बने देश का एक ही लक्ष्य था- भारत से नफरत करना और हमारी प्रगति को रोकने की कोशिश करना, लेकिन हमारा एक ही लक्ष्य है- आगे बढ़ते रहना, गरीबी को खत्म करना और विकसित भारत का निर्माण करना। वास्तव में विकसित भारत तभी संभव है, जब हमारी सशस्त्र सेनाएं मजबूत हों और हमारी अर्थव्यवस्था भी मजबूत हो। हम पूरी लगन और दृढ़ संकल्प के साथ लगातार उस दिशा में काम कर रहे हैं।



**पीएम मोदी की दुश्मनों को सख्त चेतावनी**

#### कोटि-कोटि जनों ने भी मुझे आशीर्वाद दिया

उन्होंने कहा कि गुजरात के आप सभी लोगों में मुझे भरपूर आशीर्वाद दिया और बाद में देश के कोटि-कोटि जनों ने भी मुझे आशीर्वाद देने में कोई कमी नहीं रखी।आपके आशीर्वाद की शक्ति से मैं दिनरात देशवासियों की सेवा में जुटा रहा। देश हर सेक्टर में आगे बढ़ा है।

**देश निराशा से निकलकर विश्वास के उजाले में तिरंगा फहरा रहा**

मोदी ने कहा कि आज देश निराशा के अंधकार से निकलकर विश्वास के उजाले में तिरंगा फहरा रहा है। आज हम देश को विकसित भारत बनाने के लिए जी-जान से जुटे हैं। देश की तरक्की के लिए जो कुछ भी चाहिए वो हम भारत में ही बना रहे।

**जरूरी तकनीक खुद बना रहे दुनिया में निर्यात कर रहे**

उन्होंने कहा कि आज हम स्मार्ट फोन से लेकर, गाड़ियां, खिलौने, सेना के अस्त्र-शस्त्र और दवाओं जैसी चीजें दुनिया के देशों में निर्यात कर रहे हैं। आज भारत रेल, मेट्रो और इसके जरूरी तकनीक खुद बनाता भी है और दुनिया में निर्यात भी करता है।

**मैंने दशकों पुरानी बेड़ियों को तोड़ा देशसेवा से नाता जोड़ा**

पीएम ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र किया। मोदी ने वही किया जिसके लिए लोगों ने मोदी को चुना है। पीएम ने कहा कि मैंने दशकों पुरानी बेड़ियों को तोड़कर सबक सिखाया है। देश सेवी कर रहे।

#### मैंने वही किया, जिसके लिए देश ने मुझे प्रधान सेवक बनाया

पीएम मोदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर कहा कि मैंने तीनों सेनाओं को पूरी छूट दी और हमारे बहादुर सैनिकों ने वो कर दिखाया, जो दुनिया ने दशकों में नहीं देखा था। मैंने वही किया, जिसके लिए देशवासियों ने मुझे प्रधान सेवक की जिम्मेदारी दी है।

**26 मई का ऐतिहासिक दिन, देश ने कई अकल्पनीय फैसले लिए**

पीएम मोदी ने सोमवार को कहा कि 2014 में आज ही के दिन उन्होंने पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। उसके बाद देश ने कई अकल्पनीय और अभूतपूर्व फैसले लिए हैं। पीएम ने कहा कि आज 26 मई है।

तेज प्रताप पर पत्नी ऐश्वर्या बिफरीं

## मेरी जिंदगी बर्बाद की? परिवार चुनाव के कारण ड्रामा कर रहा



एजेंसी ▶▶ पटना

राजद सुप्रीमो लालू यादव के परिवार में एक नया मोड़ आया है। तेज प्रताप यादव की पत्नी ऐश्वर्या राय ने आज एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि लालू का पूरा परिवार एक नाटक कर रहा है। ऐश्वर्या ने यह बात तेज प्रताप के एक पोस्ट के बाद कही है, जिसमें उन्होंने अनुष्का यादव नाम की एक महिला के साथ अपने 12 साल के संबंध की बात कही थी। इस पोस्ट के बाद आरजेडी ने तेज प्रताप को 6 साल के लिए पार्टी से निकाल दिया। ऐश्वर्या का कहना है कि जब तेज प्रताप पहले से ही किसी और से प्यार करते थे, तो उन्होंने उनसे शादी क्यों की और उनकी जिंदगी क्यों बर्बाद की?

### परिवार सिर्फ दिखावा कर रहा

सोमवार को तेज प्रताप यादव की पत्नी ऐश्वर्या राय ने मीडिया के सामने आकर पहली बार इस मामले पर बात की। उन्होंने कहा कि लालू का परिवार सिर्फ दिखावा कर रहा है। ऐश्वर्या, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री दरोगा राय की पोती हैं। उनकी शादी 2018 में तेज प्रताप यादव से हुई थी, लेकिन शादी के कुछ महीनों बाद ही दोनों में अनबन हो गई और ऐश्वर्या घर छोड़कर चली गईं। उनका तलाक का मामला अभी भी कोर्ट में चल रहा है।

### संबंध की बात पर लगी 'आग'

यह पूरा मामला तब शुरू हुआ जब तेज प्रताप यादव ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया। इस पोस्ट में उन्होंने अनुष्का यादव नाम की एक महिला के साथ अपने 12 साल के संबंध की बात कही। उन्होंने लिखा कि अनुष्का से मेरा 12 साल से संबंध है। हम दोनों एक दूसरे से प्रेम करते हैं। हालांकि तेज प्रताप ने थोड़ी देर बाद ही उस पोस्ट को हटा दिया। उन्होंने कहा कि उनका सोशल मीडिया अकाउंट हैक हो गया था। यहीं से मामला बढ़ गया।

#### आरजेडी ने तेज को 6 साल के लिए किया 'निस्तेज'

तेज प्रताप के इस पोस्ट के बाद आरजेडी ने उन्हें 6 साल के लिए पार्टी से निकाल दिया। अब ऐश्वर्या राय का कहना है कि यह सब परिवार का रचा हुआ नाटक है। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बारे में जो भी जानकारी मिली है, वह मीडिया के जरिए ही मिली है।

सीएम सरमा का कांग्रेस पर बड़ा हमला

## गोगोई की पत्नी ने पाक वेतन पर काम किया, बोरा का बयान

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम के सीएम हिमंत विस्वा सरमा ने सोमवार को दावा किया कि



कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने चौंकाने वाला कबूलनामा किया है कि उनकी पार्टी के सांसद गौरव गोगोई की ब्रिटिश मूल की पत्नी पाकिस्तान सरकार के वेतन पर काम करती थी। सरमा ने कहा कि उन्हें इन विवरणों की पहले से जानकारी नहीं थी और अब जब इस बात का खुलासा हुआ है तो कांग्रेस नेता रिपुन बोरा का बयान दर्ज किया जाएगा और मामले में कार्रवाई की जाएगी। सरमा ने कहा कि गोगोई की पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न ने भारत और पाकिस्तान के बीच 19 बार यात्रा की थी।पूर्व राज्यसभा सदस्य बोरा ने रविवार को कहा था कि कोलबर्न एक अंतरराष्ट्रीय गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) में काम करती हैं, जिसका नेटवर्क पाकऔर अन्य देशों में है। बोरा के हवाले से कहा गया था कि कोलबर्न को पाकिस्तान से वेतन मिला था।

गृहमंत्री शाह ने 'स्वस्ति निवास' की आधारशिला रखी और बोले

## केंद्र सरकार ने देश के स्वास्थ्य परिदृश्य को बदल दिया

एजेंसी ▶▶ नागपुर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचे को व्यापक पैमाने पर बढ़ावा मिला है। मोदी सरकार ने देश के स्वास्थ्य परिदृश्य को बदल दिया है। शाह ने यहां राष्ट्रीय कैंसर संस्थान (एनसीआई) में कैंसर रोगियों और उनके तीमारदारों के लिए आवासीय सुविधा 'स्वस्ति निवास' की आधारशिला रखने के बाद स्वास्थ्य सेवा को बढ़ावा देने के प्रयासों में सहायता के लिए निजी क्षेत्र की भी सराहना की। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी के शासन में स्वास्थ्य क्षेत्र का बजट 1.35 लाख करोड़ है, जबकि मनमोहन सिंह सरकार के समय यह 37,000 करोड़ था।

### नागपुर में राष्ट्रीय कैंसर संस्थान में कैंसर रोगियों को और सुविधाएं मिलेंगी



**मोदी सरकार में मुफ्त इलाज की सीमा 25 लाख तक पहुंची**

इस अवसर पर गृहमंत्री शाह ने कहा कि मोदी सरकार के तहत 60 करोड़ गरीब लोगों को 5 लाख रुपए तक का इलाज निःशुल्क प्रदान किया जा रहा है। स्वतंत्रता के बाद जहां केवल सात अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) स्थापित किए गए थे, वहीं अब कुल 23 एम्स की स्वीकृति दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकारों की सहायता के कारण मुफ्त इलाज की सीमा 25 लाख रुपए तक पहुंच गई है, जो देश की 60 प्रतिशत आबादी के लिए वरदान साबित हुई है।

**एमबीबीएस पीजी की संख्या बढ़ी**

उन्होंने कहा कि 2014 तक देश में 387 सरकारी मेडिकल कॉलेज थे, जो अब 780 हो गए हैं। एमबीबीएस की संख्या 2014 में 51,000 से बढ़कर अब 1.18 लाख हो गई है। इस अवधि में पीजी सीट 31,000 सीट से बढ़कर 74,000 सीट हो गई हैं। योग दिवस, 'फिट इंडिया' और 'खेलो इंडिया' घरों में शौचालय की सुविधा और धुआं मुक्त रसोई के प्रधानमंत्री मोदी की सराहना की।

### कैंसर से लड़ने आज अच्छे संस्थान मौजूद

देश के प्रमुख कैंसर उपचार इकाइयों में से एक एनसीआई में समारोह में शाह ने कहा कि दुनिया में मुंह के कैंसर के मरीजों का सबसे बड़ा प्रतिशत भारत में है। उन्होंने कहा कि देश में हर 8 मिनट में गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर से एक महिला की मौत होती है। उन्होंने कहा कि कुछ वर्ष पहले तक कैंसर का इलाज असंभव माना जाता था, लेकिन पिछले 15 वर्षों में इस घातक बीमारी से लड़ने के लिए कई अच्छे संस्थान खुले हैं।

## सेना ने बताई हमले नाकाम करने की कहानी

# आकाश मिसाइल ने मार गिराए कई पाकिस्तानी हथियार, दिखाई दुश्मन देश को उसकी औकात, नापाक इरादों को हवा में ही कर दिया बेअसर

एजेंसी ▶▶ जैसलमेर

पाकिस्तान के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारतीय सेना ने पाकिस्तान को एक मजबूत एयर डिफेंस सिस्टम की मदद से धूल चटाई। भारतीय सेना ने 7 से 10 मई के बीच पाकिस्तान की तरफ से किए गए कई एयर स्ट्राइक को नाकाम कर दिया और पाकिस्तान को उसकी औकात दिखा दी। इस एयर डिफेंस सिस्टम के रडार, मिसाइल बैटरियों और रियल टाइम अटैक करने के मजबूत नेटवर्क की मदद से पाकिस्तान के नापाक इरादों को इंडियन आर्मी ने हवा में ही बेअसर कर दिया। दरअसल पाकिस्तान ने भारत में राजस्थान से लगती सीमा में 7 से 10 मई के बीच ड्रोन और मिसाइल अटैक किए, जिसे भारतीय सेना ने नेस्तनाबूत कर दिया। रक्षा मंत्रालय की विशेष ब्रीफिंग में तीनों सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने भारतीय सेना की इस जांबाजी का विवरण दिया। साथ ही बताया कि कैसे रणनीतिक प्रयासों से सफलता पाई, कैसे भारत का एयर डिफेंस सिस्टम एक्टिव हुआ और किस तरह इस सिस्टम ने काम को बखूबी अंजाम दिया।



### पाकिस्तानी हमलों को किया नाकाम

सेना ने बताया कि जब पाकिस्तानी ड्रोन, लड़ाकू विमान और सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलों ने भारतीय हवाई क्षेत्र में घुसपैठ करने का प्रयास किया तो इस एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तानी हमलों को पूरी तरह से नाकाम कर दिया। पाकिस्तान की तरफ से किए गए हवाई हमलों को हवा में ही फेल कर दिया। जिससे एयरबेस, रडार पोस्ट, लॉजिस्टिक्स हब और आबादी इलाकों की सेफ सिक्योरिटी हुई। भारत के इस फोर लेयर्ड एयर डिफेंस सिस्टम में लंबी दूरी के निगरानी रडार, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, आकाश मिसाइल प्रणाली और कम दूरी की एयर डिफेंस मिसाइल प्रणाली शामिल थीं, जिन्होंने पाकिस्तान को पुख्ता जवाब दिया।

### 50 किमी तक खतरों को रोका

*एयर डिफेंस सिस्टम के दूसरे लेयर को पॉइंट डिफेंस लेयर के रूप में जाना जाता है और यह महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा करता है। यह लेयर आकाश, स्पाइडर, समर, पिकोरा और ओसा-एके सहित कम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल सिस्टमों से लैस है। इन सिस्टमों को 50 किलोमीटर तक की सीमा के भीतर आने वाले हवाई खतरों को रोकने के लिए बनाया गया है, जो रक्षात्मक कवर प्रदान करता है।*

### 'आकाशतीर' ने ड्रोन हमले किए बेअसर

*भारतीय सेना ने कहा कि भारत की स्वदेश निर्मित 'आकाशतीर' वायु रक्षा प्रणाली ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। दुश्मन (पाकिस्तान) के मिसाइलों और ड्रोन की बौछार को इसने रोक दिया। पाकिस्तान ने भारतीय सेना और नागरिक क्षेत्रों पर जब हमला किया था तब आकाशतीर ने हर आने वाली मिसाइल (प्रक्षेपास्त्र) को रोक कर बेअसर कर दिया।*



### 'आकाशतीर' स्वचालित एयर डिफेंस कंट्रोल है

आकाशतीर स्वचालित एयर डिफेंस कंट्रोल और रिपोर्टिंग सिस्टम है, जो दुश्मन के विमानों, ड्रोन और मिसाइलों का पता लगाने, ट्रैक करने और उनसे निपटने में सक्षम है। आकाशतीर ने दिखा दिया कि वह दुनिया के किसी भी अस्त्र को अधिक तेजी से देखता है।

---

## खबर संक्षेप

### भारत में सस्ता होगा मस्क का स्टारलिंक


**नई दिल्ली।** एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक भारत में अपनी सैटेलाइट इंटरनेट सेवाएं शुरू करने की तैयारी में है। इसके



इंटरनेट प्लान की कीमत 850 रुपए प्रति माह से कम हो सकती है। लॉन्चिंग ऑफर के तहत यूजर्स को अनलिमिटेड डाटा भी मिल सकता है। स्टारलिंक को भारत में सेवाएं देने के लिए कुल 4% एजीआर शुल्क, प्रत्येक स्पेक्ट्रम ब्लॉक पर 3,500 रुपए वार्षिक शुल्क और 8% लाइसेंसिंग फीस का भुगतान भी करना होगा। कंपनी का लक्ष्य 1 करोड़ ग्राहक बनाना है।

### गाजा में इजराइली हमलों में 52 की मौत

**दीर अल-बलाह।** गाजा पट्टी में सोमवार को इजराइली हमलों में कम से कम 52 लोगों की मौत हो गई। मारे गए



लोगों में एक स्कूल में शरण लेने वाले 36 लोग भी शामिल हैं, जो हमले के वक्त सो रहे थे और हमले से उनके सामान में आग लग गई। सेना ने बताया कि उन्होंने स्कूल से साजिश रच रहे चरमपंथियों को निशाना बनाया। इजराइल ने हमास के साथ युद्ध विराम समाप्त करने के बाद मार्च से सिलसिलेवार हमले शुरू किए हैं।

---

## संसदीय समिति की बैठक में बोले विदेश मंत्री जयशंकर

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद दी पाक को जानकारी अमेरिकी मध्यस्थता का सवाल ही नहीं उठता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीमापार आतंकवाद के मुद्दे पर सोमवार को संसदीय समिति की बैठक हुई। इस बैठक में सरकार ने सीमापार आतंकवाद को लेकर अपनी रणनीति साझा की, जिसमें कूटनीतिक पहल और अन्य कोशिशों की पूरी जानकारी दी। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने संसद की सलाहकार समिति के साथ बैठक में बताया कि पाकिस्तान में स्थित आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया, जो आतंकवाद का केंद्र थे। इससे पाकिस्तानी सेना के मनोबल पर चोट लगी है क्योंकि वह आतंकी शिविरों की रक्षा नहीं कर सकी।

उन्होंने बताया कि आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में भारत को वैश्विक स्तर पर समर्थन मिला है। वहीं पाकिस्तान को तीन देशों को छोड़कर- तुर्किये, अजरबैजान और चीन को छोड़कर किसी का समर्थन नहीं मिला। सरकार ने स्पष्ट किया कि 'भारत और पाकिस्तान के बीच डीजीएमओ स्तर के अलावा किसी भी तरह की कोई बातचीत नहीं हुई, और वह भी हमलों के बाद ही हुई थी। पहले आतंकी ठिकानों पर हमला हुआ, फिर देश को सरकार की ओर से जानकारी दी गई। इसके बाद भारतीय सैन्य अभियान महानिदेशक (डीजीएमओ) ने पाकिस्तानी डीजीएमओ से संपर्क किया। विदेश मंत्री ने कांग्रेस द्वारा उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों को बेईमानी और घटनाओं का गलत चित्रण बताया। 'ऑपरेशन सिंदूर' को तभी रोका गया जब पाकिस्तान के डीजीएमओ ने इसे रोकने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि दोनों के बीच अमेरिकी मध्यस्थता का कोई सवाल ही नहीं है।

तुर्किये, अजरबैजान और चीन छोड़कर दुनिया भारत के साथ

हमले के बाद ही भारत के डीजीएमओ ने पाकिस्तान से संपर्क किया

### कांग्रेस के आरोपों को सिरे से नकारा



### फिलहाल सिंधु जल समझौता स्थगित

*सिंधु जल समझौते को लेकर संसदीय समिति ने सरकार से पूछा कि क्या वह सिंधु जल समझौते का स्थगन बरकरार रखेगी या सिर्फ सरकार ने प्रतीकात्मक तौर पर यह कदम उठाया है। जयशंकर ने कहा कि इंजीनियरिंग तकनीक, जलवायु परिवर्तन और ग्लेशियरों के पिघलने से जमीनी हालात में आए बदलावों के कारण संधि की शर्तों पर फिर से बातचीत करना जरूरी हो गया है। 1960 की संधि की प्रस्तावना में कहा गया है कि इसे सद्भावना और मित्रता की भावना के आधार पर तैयार किया गया है। लेकिन पाकिस्तान ने इन सभी सिद्धांतों को प्रभावी रूप से स्थगित कर दिया। फिलहाल सिंधु जल समझौता स्थगित है और भविष्य में जो भी कदम उठाया जाएगा, उसके बारे में संसद को जानकारी दे दी जाएगी।*

### कांग्रेस ने लगाए थे ये आरोप

*कांग्रेस सूत्रों ने दावा किया कि संसदीय समिति की बैठक में कांग्रेस ने पूछा कि भारत के साथ पाकिस्तान का नाम क्यों जोड़ा गया? लेकिन सरकार इस पर जवाब नहीं दे पाई। कांग्रेस ने आईएमएफ का मुद्दा भी उठाया और पूछा कि आईएमएफ द्वारा पाकिस्तान को कर्ज दिए जाने पर भारत तटस्थ क्यों रहा। कांग्रेस ने साथ ही पाकिस्तान और चीन के बीच बढ़ते सैन्य सहयोग और रणनीतिक साझेदारी पर भी चिंता जाहिर की। कांग्रेस ने अमेरिका के विदेश मंत्री के उस बयान पर भी सवाल किया, जिसमें मार्को रुबियो ने दावा किया था कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच शांति समझौता कराया।*

### आतंकवाद और बातचीत साथ-साथ नहीं चलेगी

विदेश मंत्रालय ने संसदीय समिति से राष्ट्रीय एकता बनाए रखने की अपील की और बताया कि इसी के तहत सर्वदलीय सांसदों के प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों के दौरे पर भेजे गए हैं। सांसदों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे को लेकर सवाल किया, जिस पर सरकार ने बताया कि अमेरिका और अन्य देशों ने भारत को पाकिस्तान के साथ बातचीत की सलाह दी थी, लेकिन उन्हें बता दिया गया कि आतंकवाद और बातचीत साथ-साथ नहीं चल सकतीं।



### मिसरी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर प्रस्तुति दी

जयशंकर ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर' और आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ भारत की शून्य-सहिष्णुता नीति पर चर्चा की। इस संबंध में एक मजबूत और एकजुट संदेश भेजने के महत्व को रेखांकित किया। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बैठक में सांसदों के समक्ष 'ऑपरेशन सिंदूर' पर एक प्रस्तुति दी, बाद में जयशंकर ने प्रश्नों के उत्तर दिए।

---

## सुप्रीम कोर्ट ने दिया ऐतिहासिक आदेश

# कैडर अधिकारियों का मनोबल बढ़ाएं आईपीएस की पदस्थापना कम करें



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने एक ऐतिहासिक आदेश में निर्देश दिया है कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) में महानिरीक्षक स्तर तक के आईपीएस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति दो वर्षों में 'उत्तरोत्तर' की जानी चाहिए ताकि कैडर अधिकारियों को अधिक अवसर मिल सकें। न्यायमूर्ति अभय एस ओका (अब सेवानिवृत्त) और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने 23 मई को आदेश सुनाते हुए कहा कि सीएपीएफ में कैडर अधिकारियों की पदोन्नति में विलंब से मनोबल पर 'प्रतिकूल' प्रभाव पड़ सकता है। इन संगठनों के अधिकारियों द्वारा दायर कई शिकायत याचिकाओं का निपटारा करते हुए पीठ ने यह भी कहा कि इन सीएपीएफ की बहुप्रतीक्षित कैडर समीक्षा छह महीने में की जानी चाहिए।

### पदोन्नति में देरी के समाधान की गुहार

याचिकाकर्ताओं, जिनमें शुरू में इन बलों के 18 हजार अधिकारी शामिल थे, ने 2009 में आवेदन दायर कर गृह मंत्रालय से उनमें से प्रत्येक को संगठित समूह ए सेवा (ओजीएएस) के रूप में मानते हुए कैडर समीक्षा की मांग की थी, ताकि समय पर पदोन्नति में देरी से संबंधित उनके मुद्दे का समाधान किया जा सके। न्यायालय ने कहा कि यह पूरी तरह से स्पष्ट है कि सीएपीएफ को कैडर मुद्दों और अन्य सभी संबंधित मामलों के लिए ओजीएएस के रूप में माना गया है। जब सीएपीएफ को ओजीएएस घोषित किया गया है, तो ओजीएएस को उपलब्ध सभी लाभ स्वाभाविक रूप से सीएपीएफ को मिलने चाहिए।

### गृह मंत्रालय ने जताया विरोध

पीठ ने आदेश दिया कि सभी सीएपीएफ में कैडर समीक्षा, जो वर्ष 2021 में होनी थी, आज से छह महीने की अवधि के भीतर पूरी की जाए। वर्तमान में, इन बलों में महानिरीक्षक स्तर पर 50 प्रतिशत पद आईपीएस अधिकारियों के लिए आरक्षित हैं, जबकि उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) स्तर के लगभग 15 प्रतिशत पद सेना (5 प्रतिशत) के अलावा अखिल भारतीय सेवा से प्रतिनियुक्ति पर आने वाले अधिकारियों के लिए रखे गए हैं। गृह मंत्रालय ने सीएपीएफ कैडर अधिकारियों की याचिका का विरोध करते हुए कहा कि आईपीएस अधिकारी पदानुक्रम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

---

## यूक्रेन पर मिसाइल अटैक से भड़के ट्रंप

# मैं पुतिन से नाराज हूं, वो सही नहीं कर रहे, बहुत से लोगों को मार रहे

एजेंसी ▶▶ न्यू जर्सी

रूस और यूक्रेन में युद्धविराम करवाने की कोशिश में लगे ट्रंप ने अब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर नाराजगी जाहिर की है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को यूक्रेन पर रूस द्वारा लगातार की जा रही है बमबारी को गलत बताया और गहरी नाखुशी व्यक्त करते हुए कहा कि मैं पुतिन से खुश नहीं हूं। मुझे नहीं पता कि उनके साथ क्या हो गया है। वे बहुत से लोगों को मार रहे हैं। मैं इससे खुश नहीं हूं। ट्रंप ने रविवार को रात भर यूक्रेनी शहरों पर 367 ड्रोन और मिसाइलों के रूसी हमले की प्रतिक्रिया में ये बात कही। इस हमले में कीव पर भी अटैक किया गया था।

### रूस ने 367 ड्रोन दोगे, 13 की मौत



*शनिवार-रविवार की रात रूस ने यूक्रेन पर अभी तक का सबसे बड़ा हवाई हमला किया। इस हमले में कुल 367 ड्रोन और मिसाइल राजधानी कीव सहित कई यूक्रेनी शहरों , पर दागे गए। इन हमलों में 13 लोग मारे गए हैं और 60 से ज्यादा घायल हुए हैं, संपत्ति का भी भारी नुकसान हुआ है। रूस ने यूक्रेनी शहरों पर विभिन्न प्रकार की 69 मिसाइलें और 298 ड्रोन से ताजा हमला किया है। मारे गए 13 लोगों में जीटोमीर इलाके के तीन बच्चे भी शामिल हैं।*

### अमेरिकी चुप्पी से पुतिन का हौसला बढ़ा

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर पोस्ट मैसेज में अमेरिका पर कटाक्ष करते हुए कहा, अमेरिका की चुप्पी और विश्व में अन्य देशों के शांत रहने से पुतिन का हौसला बढ़ रहा है। रूस का इस तरह का आतंकी हमला उस पर नए प्रतिबंध लगाने के लिए पर्याप्त है।

---

## यूएस जाएंगे मिसरी और कपूर

# भारत और अमेरिकी रिश्तों को देंगे मजबूती, आईसीईटी को देंगे बढ़ावा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश सचिव विक्रम मिसरी इस सप्ताह अमेरिका की यात्रा करने वाले हैं। उनके साथ पीएम के डिप्टी एनएसए पवन कपूर भी वाशिंगटन जाएंगे। यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब भारत और अमेरिका के रिश्तों में कुछ खटास देखने को मिल रही है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बार-बार भारत और पाकिस्तान के बीच शांति स्थापित कराने की बात करते रहे हैं। उन्होंने इसे व्यापार से भी जोड़ा है। भारत को यह बात पसंद नहीं आई है। भारत का कहना है कि यह मामला दोनों देशों के बीच का है और इसमें किसी तीसरे की जरूरत नहीं है।



### पाक के साथ व्यापारिक सौदे से चिंता

पवन कपूर की यात्रा भी महत्वपूर्ण है। ट्रंप टीम के पाकिस्तान के साथ कुछ व्यापारिक सौदे भी हुए हैं। इसमें क्रिप्टो सेक्टर भी शामिल है। इससे भी भारत और अमेरिका के रिश्तों पर असर पड़ा है। ट्रंप ने नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल (एनएससी) में कर्मचारियों की संख्या कम कर दी है। इसका असर भारत जैसे देशों के साथ बातचीत पर पड़ सकता है। कपूर की यात्रा से ट्रस्ट इनिशिएटिव को आगे बढ़ाने का मौका मिलेगा। यह पहल बाइडेन प्रशासन के इनिशिएटिव ऑन क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी (आईसीईटी) के बाद शुरू हुआ था।

---

## सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल पहुंचा कुवैत

# आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ डिप्टी पीएम ने जताई प्रतिबद्धता

एजेंसी ▶▶ कुवैत सिटी

कुवैत ने आतंकवाद के खिलाफ भारत को अपना समर्थन दिया है। भाजपा के सांसद बैजयंत जय पांडा के नेतृत्व में एक सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को कुवैत के डिप्टी पीएम और कैबिनेट मामलों के राज्य मंत्री शेरिदा ए एस अल-मौशरजी से मुलाकात की। मौशारजी को पाकिस्तान से आतंकवाद से निपटने के लिए भारत की हालिया कार्रवाइयों से अवगत कराया। यह प्रतिनिधिमंडल उन सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से एक है, जिन्हें भारत ने पाकिस्तान की साजिशों और आतंकवाद के प्रति अपनी राय से अवगत कराने के लिए विश्व की 33 राजधानियों का दौरा करने का काम सौंपा है।

### ग्रैंड मास्क का दौरा किया



पांडा ने कहा कि कुवैत की प्रतिष्ठित 'ग्रैंड मॉस्क' का दौरा किया, जो देश की समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है। मस्जिद के इतिहास के बारे में जानकर खुशी हुई। मस्जिद के खूबसूरत भारतीय सागौन के दरवाजे सदियों के सांस्कृतिक संबंधों को दर्शाते हैं।

### भारतीय राजदूत ने किया स्वागत

प्रतिनिधिमंडल में 'ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन' (एआईएमआईएम) के नेता असदुद्दीन ओवैसी, पूर्व केंद्रीय मंत्री गुलाम नबी आजाद, राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य रेखा शर्मा और अमेरिका, बांग्लादेश एवं थाईलैंड में भारत के पूर्व राजदूत और पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला भी शामिल हैं। कुवैत में प्रतिनिधिमंडल ने समाज के प्रमुख सदस्यों, प्रभावशाली व्यक्तियों, थिंक टैंक, मीडिया और भारतीय प्रवासी समुदाय के विभिन्न वर्गों के साथ बातचीत की।

---

## न्यूयॉर्क में गूंजेगी भारतीय संस्कृति की आवाज

# लिंकन सेंटर में पहली बार होगा नीता अंबानी के कल्चर वीकेंड का आयोजन

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

12 से 14 सितंबर तक न्यूयॉर्क के प्रतिष्ठित लिंकन सेंटर में 'नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर (एनएमएसीसी)' वीकेंड का आयोजन होगा। यह तीन दिन का सांस्कृतिक महोत्सव रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन और समाजसेवी नीता अंबानी के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य भारतीय कला, संगीत, नृत्य, फैशन और हस्तशिल्प को वैश्विक मंच पर पेश करना है। यह आयोजन एनएमएसीसी का अंतरराष्ट्रीय डेब्यू होगा। 2023 में खोले गए इस सेंटर को एक बहुआयामी सांस्कृतिक हब के रूप में तैयार किया गया था।



### भारतीय पोशाकों की दिखेगी झलक

न्यूयॉर्क संस्करण की शुरुआत 'ग्रैंड स्वागत' से होगी, जो सिर्फ आमंत्रित मेहमानों के लिए होगा। इसमें डिजाइनर मनीष मल्होत्रा द्वारा क्यूरेट किया गया स्वदेश फैशन शोकेस होगा, जिसमें भारत की विविधता भरी पोशाकों की झलक देखने को मिलेगी। मशहूर शेफ और मिशेलिन स्टार से सम्मानित विकास खन्ना द्वारा तैयार किया गया क्षेत्रीय भारतीय व्यंजन परोसा जाएगा।

---

## पाकिस्तान के लिए जासूसी करने का है आरोप, एक वीडियो में हुआ नया खुलासा

# कोर्ट ने ज्योति मल्होत्रा को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

एजेंसी ▶▶ हिसार

पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार की गई ज्योति मल्होत्रा को सोमवार को हिसार की अदालत में पेश किया गया। जहां से कोर्ट ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इससे पहले उसे पहले पांच दिन और फिर चार दिन की पुलिस रिमांड पर रखा गया था। चार दिन की मौजूदा रिमांड अवधि पूरी होने के बाद ही उसे कोर्ट में पेश किया गया। इससे पहले ज्योति के पिता हरीश ने रविवार को बेटी से बातचीत की। कुछ मिनटों की मुलाकात में ज्योति ने कहा कि पापा टेंशन मत लेना। मैं पूरी तरह बेकसूर हूं। जल्द ही बाहर आऊंगी। ज्योति के पिता हरीश मल्होत्रा ने रविवार को एसपी से ज्योति से मिलने की गुहार लगाई थी। इस पर एसपी ने उन्हें लघु सचिवालय बुलाया। करीब डेढ़ बजे वह लघु सचिवालय पहुंचे। यहां उनकी बातचीत ज्योति से करवाई गई।

### पाक में ज्योति की खातिरदारी, छह बंदूकधारी सुरक्षा कर रहे थे



इस बीच स्कॉटलैंड के एक कंटेंट क्रिएटर और यूट्यूबर का वीडियो सामने आया है, जिसमें गिरफ्तार ज्योति मल्होत्रा भी नजर आ रही हैं। वीडियो में ज्योति लाहौर के अनारकली बाजार में घूमते समय छह एक-47 राइफल से लैस सुरक्षाकर्मियों से घिरी हुई नजर आ रही हैं। इसी दौरान स्कॉटलैंड के एक यूट्यूबर कैलम मिल भी पाकिस्तान में ही थे। सुरक्षाकर्मियों के बीच घिरा देख कैलम ने पूछा कि इतनी सुरक्षा की जरूरत क्यों पड़ी? कैलम मिल का यूट्यूब चैनल 'कैलम अब्रोड' है। वह मार्च में पाकिस्तान गए थे। अनारकली बाजार में शूट किए गए उनके वीडियो में कई बंदूकधारी लोग दिख रहे हैं, जिनकी जैकेट पर 'नो फियर' लिखा हुआ है।

### एनआईए के हिरासत में सीआरपीएफ जवान

पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों को गोपनीय सुरक्षा जानकारी देने के आरोप में गिरफ्तार सीआरपीएफ जवान को अदालत ने 15 दिन की एनआईए हिरासत में भेज दिया है। पटियाला हाउस के विशेष न्यायाधीश चंद्रजीत सिंह ने इस मामले को राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा बेहद गंभीर अपराध बताया। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बल देश की रक्षा की नींव हैं। इसमें सेंध लगाना देशद्रोह है। यह देश के भविष्य के साथ खिलवाड़ है और इसकी गहन जांच होनी चाहिए। कोर्ट में सुनवाई बंद कमरे में (बंद कमरे में) हुई। जज ने टिप्पणी की कि जवान की हरकतें न सिर्फ राष्ट्र की सुरक्षा के लिए बल्कि भारत आने वाले विदेशी नागरिकों और देशवासियों की जान के लिए भी खतरा पैदा कर सकती हैं।

# मध्यप्रदेश में लगातार बढ़ रही हैं स्वास्थ्य सुविधाएं : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने श्री जवाहरलाल दर्डा की कांस्य प्रतिमा का किया अनावरण





**हरिभूमि, जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को सेठ गोविंददास शासकीय जिला चिकित्सालय पहुंचकर वरिष्ठ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री जवाहरलाल दर्डा की कांस्य प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर आयोजित सभा के दौरान उन्होंने कहा कि श्री जवाहरलाल दर्डा ने स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान दिया और जबलपुर से उनका गहरा नाता रहा है। जबलपुर में उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में भी उल्लेखनीय कार्य किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जबलपुर से नेताजी सुभाषचंद्र बोस का भी गहरा नाता रहा है। उन्होंने अंग्रेजों के दम्भ को तोडा.और 23 वर्ष की उम्र में आईसीएस की परीक्षा पास की। जिस समय अंग्रेज भारतीयों के ज्ञान स्तर को कम आंकते थे। महात्मा गांधी ने भी अफ्रीका से स्वतंत्रता की लड़ाई की शुरूआत कर एक नई दिशा दी। स्वतंत्रता संग्राम में कई महान विभूतियों ने अपना अमूल योगदान दिया। मध्यप्रदेश झाबुआ से चंद्र शेखर आजाद ने भी कभी अंग्रेजों की अधीनता नहीं स्वीकारी और उन्होंने स्वयं को जीते जी आजाद रहने का संकल्प पूरा किया। श्री दर्डा ने आजादी के पहले स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ी और स्वतंत्रता के पश्चात महाराष्ट्र के कई मंत्रालयों में 23 वर्ष तक कई जिम्मेदारियों का निर्वाहन कर सामाजिक सारोकार और जनहित के कई उल्लेखनीय कार्य किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाएं लगातार बढ़ रही हैं। 2002-03 में जहां 5 मेडिकल कॉलेज थे। 20 साल बाद 30 मेडिकल हो गयें हैं और 2 साल बाद 50 मेडिकल कॉलेज हो जायेंगे। मध्यप्रदेश तेजी से औद्योगिक विकास की ओर बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश की विकास दर 12 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। आर्थिक रूप से 2002-03 में जहां प्रति व्यक्ति आय 11 हजार रूपये होती थी, वहीं अब 1 लाख 52 हजार रूपये हो गई है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत भी तेजी से आर्थिक विकास कर रहा है। अब भारत जापान को पीछे छोड़कर चौथे नंबर की अर्थव्यवस्था बन चुका है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सेना का अभिनंदन करते हुए कहा कि सेना ने देश का मान रखा, दुश्मनों को मुंह तोड़ जवाब दिया, जिसे पाकिस्तान कभी नहीं भूल पायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब समय बदल चुका है। मध्यप्रदेश में कई विकास के कार्य हो रहे हैं, जबलपुर सहित समूचा महाकौशल क्षेत्र तेजी से विकास कर रहा हैं, विकास को लेकर प्रदेश सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगा। कार्यक्रम के दौरान लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, विधायक अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी इंदू, संतोष बरड़े, भाजपा के नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, नगर निगम जबलपुर के अध्यक्ष रिकुंज विज, आलोक जैन और प्रबंध निदेशक देवेन्द्र दर्डा भी मौजूद थे।

## कैंसर पीड़ित मरीजों की निस्वार्थ सेवा अनुकरणीय



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सोमवार को जबलपुर प्रवास के दौरान भेड़ाघाट के समीप स्थित विराट हॉस्पिस पहुँचे और यहाँ कैंसर के मरीजों की निःस्वार्थ भाव से की जा रही सेवा के कार्य की सराहना की। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने विराट हॉस्पिस में भर्ती उन कैंसर मरीजों से भेंट की, जिन्हें डॉक्टर भी जबाब दे चुके हैं और गरीब परिवारों के होने की वजह से जीवन के अंतिम समय में उन्हें देखभाल के लिये यहाँ रखा गया है। मुख्यमंत्री ने इन मरीजों से भेंट की और उनकी कुशल क्षेम जानी। इस अवसर पर नर्सिंग स्टाफ और कैंसर मरीजों ने मुख्यमंत्री का गुलाब का फूल भेंट कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि ब्रह्मर्षि वावरा मिशन द्वारा संचालित यह प्रकल्प मानवता की सेवा की अद्भुत मिसाल है। उन्होंने यहां गरीब परिवारों के कैंसर के मरीजों की, की जा रही सेवा और देखभाल के लिये साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी और उनके सहयोगियों को साधुवाद दिया।

कैंसर मरीजों से भेंट करने के पहले मुख्यमंत्री डॉ यादव ने विराट हॉस्पिस परिसर में निर्माणाधीन कैंसर अस्पताल भवन का अवलोकन किया। विराट हॉस्पिस की संस्थापक साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी भी इस मौके पर उनके साथ थीं। विराट हॉस्पिस के मेडिकल डायरेक्टर डॉ अखिलेश गुमास्ता ने ब्रेकी थेरेपी यूनिट सहित कैंसर मरीजों के उपचार के लिये निर्माणधीन अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी मुख्यमंत्री को दी। मुख्यमंत्री को बताया गया कि अस्पताल में ब्रेकी थेरेपी मशीन से कैंसर मरीजों उपचार शुरू भी कर दिया गया है। इस अस्पताल में कैंसर मरीजों का उपचार निःशुल्क दिया जायेगा। कैंसर मरीजों की रेडिया थेरेपी के लिए यहां अत्याधुनिक कोबॉल्ट मशीन भी स्थापित की जा रही है। भाभा एटमिक रिसर्च सेंटर से अनुमोदन मिलने के बाद इससे भी उपचार प्रारंभ कर दिया जायेगा। मुख्यमंत्री के विराट हॉस्पिस के भ्रमण के दौरान लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, विधायक अजय विश्नोई एवं अशोक रोहाणी, तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष श्रीरविकरण साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा गोंटिया, भाजपा के ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, भाजपा के नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज भी मौजूद थे।

## लिज्जत के उत्पादों का लाजवाब स्वाद बहनों की मेहनत का परिणाम



लिज्जत पापड़ जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड को स्थापित कर महिला सशक्तिकरण एवं संगठन की शक्ति की मिसाल पेश कर रहें श्री महिला गृह उद्योग जबलपुर की बहनों से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज सोमवार को यहां लिज्जत पापड़ भवन में आत्मीय संवाद किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने छोटे से गृह उद्योग से देश का प्रतिष्ठित ब्रांड बनने की यात्रा में ढाई हजार से अधिक बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए लिज्जत परिवार को बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि लिज्जत का यह भवन श्रम का मंदिर हैं। इस मंदिर में काम करके आशीर्वाद मिलता हैं। उन्होंने कहा कि श्री महिला गृह उद्योग की बहनों की मेहनत ही लिज्जत के उत्पादों के स्वाद को लाजवाब बनाता हैं। लिज्जत की देश-विदेश में प्रसिद्ध का कारण भी बहनों की मेहनत हैं। मंचीय कार्यक्रम के पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अन्य जन प्रतिनिधियों के साथ श्री महिला गृह उद्योग के भवन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री महिला गृह उद्योग को मुख्यमंत्री सहायता कोष से 5 लाख रूपये की राशि प्रदान करने की घोषणा की साथ ही प्रतिकात्मक रूप से समिति की महिला सदस्यों को लाभांश का वितरण किया। उन्होंने गृह उद्योग की पूर्व संचालक श्रीमती पुष्पा बैरी का भी शॉल श्रीफल से सम्मान किया। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, सांसद श्री आशीष दुबे, महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक श्री अशोक रोहाणी सहित अन्य जन प्रतिनिधियों की उपस्थित रही।

## श्री राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सवः आज निकलेगी जनकपुरी टाउनशिप तक शोभायात्रा



**जबलपुर ।** माता-पिता एवं पूर्वजों के आशीर्वाद एवं कुल देवी-देवताओं की कृपा से नगर के पाटन रोड स्थित जनकपुरी प्रीमियम टाउनशिप में श्री राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का 27 मई से 31 मई 2025 तक भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव के अंतर्गत 27 मई को प्रातः 10 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी, जिसकी अगुवाई स्वयं द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज करेंगे। इस अवसर पर महाराज जी के आशीर्वचन सुनने का भी उपस्थित श्रद्धालुगणों को लाभ प्राप्त होगा। प्रातः 10 बजे शोभायात्रा प्रीतिकुंज (कोरलवुड टाउनशिप) बिनेकी तिराहा पाटन रोड से प्रारंभ होकर जनकपुरी टाउनशिप में सम्पन्न होगी। शोभायात्रा में नगर के लोकप्रिय जनप्रतिनिधि, प्रतिष्ठित नागरिक एवं धर्मप्रेमी अद्धालुजन शामिल रहेंगे। श्री राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के आयोजक एवं जनकपुरी टाऊनशिप के पंकज पांडे, यश मिश्रा, सतानंद मिश्रा एवं समस्त जनकपुरी परिवार ने शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## विद्युत वितरण कंपनी ने जारी किए पेंशनरों के महंगाई राहत के आदेश

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने अपने पेंशनरों एवं परिवार पेंशनरों के महंगाई राहत के आदेश जारी कर दिए हैं। पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने मध्य प्रदेश शासन, वित्त विभाग के परिपत्र के अनुरूप पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के पेंशनरों एवं परिवार पेंशनरों की 01 मार्च 2025 से महंगाई राहत छठवें वेतनमान में 7 प्रतिशत एवं सातवें वेतनमान में 3 प्रतिशत की वृद्धि स्वीकृत की गई है। जिसके अनुसार छठवें वेतनमान में 246 प्रतिशत एवं सातवें वेतनमान में 53 प्रतिशत की दर से महंगाई राहत दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के पेंशनरों एवं परिवार पेंशनरों को 01 अक्टूबर 2024 से छठवें वेतनमान में 239 प्रतिशत एवं सातवें वेतनमान में 50 प्रतिशत की दर से महंगाई राहत दी जा रही थी। कंपनी के आदेश के अनुसार 80 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु के पेंशनरों को देय अतिरिक्त पेंशन पर भी मंहगाई राहत देय होगी।



## उपराष्ट्रपति का डुमना विमानतल पर किया स्वागत

**जबलपुर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का सपत्नीक भारतीय वायुसेना के विमान से सोमवार सुबह 10.59 बजे डुमना एयरपोर्ट आगमन हुआ। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री तथा वेटिंग इन मिनिस्टर राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू,विधायक अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी इंदु, संतोष बरकडे, जिला पंचायत अध्यक्ष आशा मुकेश गोटिया, जिला भाजपा अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राज कुमार पटेल, निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, पंकज दुबे, रजनीश यादव, आलोक चंसोरिया, पूर्व मंत्री अंचल सोनकर, शरद जैन सहित अन्य गणमान्य नागरिक,डीआईजी अतुल सिंह, सेना के वरिष्ठ अधिकारी, कलेक्टर दीपक सक्सेना व पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय,रेलवे के जी एम शोभना बंदोपाध्याय ने उनकी अगवानी कर आत्मीय स्वागत किया। उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ डुमना एअरपोर्ट पर कुछ देर रुकने बाद सुबह 11.19 बजे वायुसेना के हेलीकॉप्टर से नरसिंहपुर के लिए रवाना हुए। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नरसिंहपुर में कृषि उद्योग समागम में शामिल होने बाद भारतीय वायु सेना के हेलिकाप्टर से दोपहर 2.48 बजे डुमना एयरपोर्ट पहुंचे। यहां कुछ देर रुकने के बाद 3.35 बजे उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ भारतीय वायु सेना के विमान से दिल्ली रवाना हुये।

## तारक मेहता का उल्टा चश्मा फेम जेनिफर मिस्त्री ने शहर के कार्यक्रमों में की शिरकत

**जबलपुर।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा फेम सुश्री जेनिफर मिस्त्री बंसीवाल का नगर आगमन हुआ है। वे मामीज आफ जबलपुर तथा डब्ल्यू फैशन स्टोर के संयुक्त आयोजन में शिरकत करने पहुंची हैं,जहां उन्होंने संगठन के कामों की सराहना की तथा उनके कामों को जाना। इस गेट टू गेदर कार्यक्रम में वे सभी से मिलीं और परिचय भी प्राप्त किया। उनका स्वागत डब्ल्यू की ऑनर अनुराधा आनंद व डॉ आनंद ज्योति पाठक ने किया। इस अवसर पर मामीज ऑफ जबलपुर की कोर टीम डॉ उपासना उपाध्याय,शिवांगी कुलकर्णी, दिव्या मिश्रा, निधि भल्ला, मनीषा राय, चेरी बंगा एवं प्राची रवि शर्मा का विशेष सहयोग रहा,जिनके प्रयासों से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।गौरतलब है कि सुश्री जेनिफर जबलपुर की मूल निवासी हैं और उन्होंने भातखंडे संगीत महाविद्यालय से नृत्य की शिक्षा भी ली हुई है। लोकप्रिय सीरियल तारक मेहता का उल्टा चश्मा में निभाए अपने किरदार के चलते देश भर में उनकी ख्याति है,अब उन्हें बिग बॉस में भी बुलाए जाने की संभावना बताई जा रही है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संस्कारधानी में प्रतिभाओं की कमी नहीं है और प्रयास ईमानदारी से किया जाए तो फिल्मों या सीरियल में मुकाम पाना कठिन नहीं है।

## नारी के सशक्त स्वरों का प्रवाह बना जबलपुर का श्री जानकी बैंड

**जबलपुर।** कोरोना महामारी के दौरान जब सारी दुनिया ठहर-सी गई थी, उसी समय मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक नगरी जबलपुर से एक अनोखी पहल "श्री जानकी बैंड ऑफ विमेन" ने जन्म लिया। यह बैंड पूरी तरह महिला कलाकारों से सुसज्जित है और अपने गठन के कुछ ही वर्षों में देश भर के सांस्कृतिक मंचों पर छा गया है। श्री जानकी बैंड ने 20 सितम्बर 2020 को अपनी पहली ऑनलाइन प्रस्तुति दी। इसके बाद से यह बैंड न केवल मध्यप्रदेश बल्कि दिल्ली, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों के प्रमुख सांस्कृतिक आयोजनों में हिस्सा ले चुका है। इनमें खजुराहो महोत्सव, उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत अकादमी, भारत भवन, राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय, संगीत नाटक अकादमी, लाल किला नई दिल्ली, भारत मंडपम, नई दिल्ली, जश्न-ए-अदब (दिल्ली) आदि प्रमुख हैं। अब तक यह बंद लगभग 150 से अधिक परफॉर्मेंस दे चुका है।



श्री जानकी बैंड द्वारा प्रस्तुत गीतों और रचनाओं में विविधता देखने को मिलती है। बैंड द्वारा बुन्देली, जनजातीय, पंजाबी लोकगीत, देशभक्ति गीत, भक्ति संगीत, रविन्द्र संगीत, रंग संगीत, शास्त्रीय-उपशास्त्रीय , कबीर वाणी, गुरुवाणी, भोजपुरी गीत और कविताओं को शामिल हैं। बैंड की दो प्रतिभाशाली सदस्य सखी जैन और अंजली सोनी नेत्रहीन होते हुए भी अपनी संगीत साधना और आत्मविश्वास से सभी को प्रेरित करती हैं। वे श्री जानकी बैंड की आत्मा और संबल हैं।

इस संगीत दल में संभागीय बाल भवन जबलपुर की संगीत निदेशक एवं अनुदेशक डॉ शिप्रा सुल्लेरे, मुस्कान सोनी धोपे, मनीषा तिवारी, माही सोनी, मानसी सोनी, शालिनी अहिरवार,श्रेया ठाकुर, श्रुति जैन, उन्नति तिवारी, अंजली सोनी (नेत्र दिव्यांग), अनामिका कश्यप, अदिति पटेल, आरती दुबे, अर्पिता तिवारी, चांदनी सेन, अनामिका बाजपेई, मृणालिका विश्वकर्मा, रंजना निषाद, चेतना बेन, पलक गुप्ता, सखी जैन (नेत्र दिव्यांग) इस दल में शामिल हैं।

संस्कारधानी जबलपुर के साहित्यिक सांस्कृतिक की मजबूत पृष्ठभूमि एवं संभागीय बाल भवन जबलपुर (महिला बाल विकास विभाग) की पूर्व छात्राओं का यह समूह अब नाट्य लोक संस्थान के साथ आत्मनिर्भर और सशक्त ही नहीं बल्कि एक आईकॉनिक स्वरूप ले चुका है।

## जिला महामंत्री दाहिया घर पर नहीं मिले फिर भी बजाया शंख घंटा

# वोट मांगने घर-घर आते, जिला बोलो तो पीठ दिखाते

हरिभूमि सिहोरा।

लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने भाजपा जिला ग्रामीण महामंत्री राजेश दाहिया के निवास पर एक घंटे तक शंख,घंटा और थाली बजाकर सिहोरा जिला मुद्दे पर अपना घोषित आंदोलन जारी रखा।प्रदर्शन की पूर्व सूचना के बाद भी जिला ग्रामीण महामंत्री घर पर नहीं मिले।बावजूद इसके प्रदर्शन जारी रहा।समिति द्वारा आज प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजा मोर के घर प्रदर्शन की घोषणा की गई है।




### 6 को होगा जंगी प्रदर्शन

आंदोलन समिति के अनिल जैन,संतोष पांडे, कृष्णकुमार कुररिया ने कहा कि विगत 20 मई से स्थानीय राजनेताओं के घर हो रहे प्रदर्शन से आम जनता सिहोरा के साथ हुए अन्याय को समझ रही है।सरकार को इसे कमतर आंकने का परिणाम अवश्य भोगना होगा।आगामी 6 जून को भारी संख्या में सिहोरा वासी सड़क पर आकर अपना आक्रोश व्यक्त करेंगे। सोमवार को हुए प्रदर्शन में समिति के गौरीहर राजे, प्रदीप दुबे, संजय पाठक, संतोष वर्मा, शरद सेठ,रामजी शुक्ला, मोहन सोंधिया, निसार खान, जितेंद्र श्रीवास, चेतराम विश्वकर्मा, नीतेश खरया, अनिल खंपरिया सहित अनेक सिहोरा वासी मौजूद रहे।

### लगाए चुभते हुए नारे

प्रदर्शन कारियों ने "वोट मांगने घर घर आते,जिला बोलो तो पीठ दिखाते,सिहोरा से सब पाते हो,खुलकर क्यों नहीं आते हो जैसे नारे लगाकर स्थानीय नेताओं से सिहोरा वासियों की भावनाएं व्यक्त की।समिति ने पुनः कहा कि ये सिहोरा का दुर्भाग्य है कि हमारे सारे जनप्रतिनिधि सिर्फ बड़े नेताओं की जी हजूरी करने को ही अपना कर्तव्य मानते है। भाजपा के स्टार प्रचारको द्वारा सिहोरा जिला बनाए जाने की सार्वजनिक घोषणा के बाद भी चुप्पी साधना मौका परस्ती है।



## सम्मान पाकर उत्साहित हुए मेधावी छात्र-छात्राएं

**जबलपुर।** शहर के ऐसे मेधावी छात्र-छात्राओं को जिन्होंने गली-कूचों में रहकर बगैर कोई संसाधन के दसवीं, बारहवीं कक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर शहर को गौरवान्वित किया है, ऐसे मेधावी छात्र-छात्राओं के उत्साहवर्धन हेतु मप्र मुस्लिम विकास परिषद की जबलपुर इकाई ने एक कार्यक्रम सुपर मार्केट कॉफी हाउस में आयोजित कर सम्मानित किया। कार्यक्रम आयोजक मुस्लिम विकास परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ. मुईन अंसारी ने बताया कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता मधु चौधरी, टीकाराम कोष्टा, पत्रकार हाजी मुईन खान, अशफाक आरिफ, एसए सिद्दीकी, डॉ. प्रवीण मिश्रा के मुख्य आतिथ्य तथा वरिष्ठ कांग्रेस नेता साबिर उस्मानी, जावेद राईन, अलीम मंसूरी, मेहताब अली, इस्लाम अली एवं डॉ. मुईन अंसारी की अध्यक्षता में सर्वोच्च अंक प्राप्त छात्रा स्नेहा उपाध्याय, जोया अली, कहकशां अंजुम, शाईजा फातिमा, सानिया अंसारी, छात्र मो. अशहद को स्मृति चिन्ह देकर व मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मप्र मुस्लिम विकास परिषद के प्रदेशाध्यक्ष एड. मो. माहिर खान भोपाल के संदेश का वाचन किया गया कि मेधावी छात्र-छात्राओं को भविष्य में अध्ययन हेतु परिषद पूर्ण सहयोग करेगी। कार्यक्रम में अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय, काजी जिया, अशरफ अली, मशकूर अहमद, मुख्तार अंसारी, सलीम खान, अहमद रजा, फैजान कुरैशी, इरफान कुरैशी, गुलाम साबरी, जावेद मिर्जा, तारिक कुरैशी, शाहिद कुरैशी, मो. अशरफ, मुज्जफर कुरैशी आदि की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार हाजी मुईन खान ने तथा आभार प्रदर्शन डॉ. मुईन अंसारी ने किया।

लोक कल्याण के लिए पहल

## सरस्वती घाट एवं पंचवटी घाट पर बनाए गए महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम

हरिभूमि जबलपुर।

महिलाओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सरस्वती घाट एवं पंचवटी घाट जबलपुर में पांच चेंजिंग रूम बनाए गए। यह कार्य महंत दत्त जी महाराज की प्रेरणा से अखिल भारतीय ब्राह्मण एकीकृत परिषद की जबलपुर जिलाध्यक्ष ममता दिवाकर प्यासी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इन चेंजिंग रूमों को भेड़ाघाट नगर परिषद को औपचारिक रूप से सौंपा गया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष चतुर सिंह लोधी, पार्षद संध्या सिंह, विधायक प्रतिनिधि ओम नारायण दुबे, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंडित अंजू भार्गव, MIC सदस्य एवं पार्षद पंडित सुभाष तिवारी, पंडित संदीप गुरु, पंडित राम विनय करसोलिया, पंडित राघवेंद्र शुक्ल, पंडित शिव कुमार त्रिपाठी, घनश्याम बबेले, पंडित भगवती भारद्वाज, पंडित पुष्पा दुबे, पंडित राम दुबे, कपिल दुबे (सपरिवार), संजय गौतम, शक्ति शुक्ला, कृष्णकांत दुबे (सपरिवार), एडवोकेट विनय पांडे (सपरिवार), दिवाकर पयासी समेत अनेक विप्र बंधु एवं मातृशक्ति उपस्थित रहीं।

भोजन प्रसाद की उत्तम व्यवस्था अखिल भारतीय ब्राह्मण एकीकृत परिषद के जिला पदाधिकारियों द्वारा की गई। आयोजन में विशेष रूप से जिला संयोजक पंडित सुशील पांडे, जिला महासचिव पंडित वंदना कटारे, जिला कोषाध्यक्ष पंडित ममता त्रिवेदी, व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक पंडित नंदकिशोर तिवारी, व्यापार प्रकोष्ठ महामंत्री पंडित मंगल पांडे, सिहोरा तहसील संयोजक पंडित आख़िल राज तिवारी, पाटन तहसील अध्यक्ष पंडित कृष्णकांत त्रिपाठी (सपरिवार), जिला उपाध्यक्ष पंडित जयंत त्रिपाठी, जिला सचिव पंडित माधवी त्रिपाठी, जिला मंत्री पंडित जानकी दुबे (सपरिवार), महिला प्रकोष्ठ मनीषा पारासर (सपरिवार), मीडिया प्रभारी लकी गर्ग, वार्ड 74 अध्यक्ष पंडित टीकाराम, वार्ड 74 संयोजक पंडित ओम नारायण दुबे उपस्थित रहे।



### रक्त दान एवं निःशुल्क जांच शिविर संपन्न

**जबलपुर।** पीड़ित मानवता की सेवार्थ, इंडियन रेडक्रास सोसायटी, प्राणदा प्रकोष्ठ सक्षम महाकोशल प्रांत, विशुद्ध हेल्थ केयर जनसेवा समिति एवं सात्विक सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में 25 मई को विशाल रक्त दान एवं निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन फ्रंटियर मोटर्स करमेता में किया गया। इस शिविर में 51 से अधिक रक्तवीरों ने उत्साहपूर्वक पीड़ित मानवता के लिए रक्तदान किया। साथ ही सभी कर्मचारियों ने निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं सीपीआर ट्रेनिंग का लाभ लिया। इस अवसर पर सक्षम से डॉ. अंकित सेठ, पीयूष जैन, संकेत, सुचित, अरविंद गुप्ता, अशोक परियानी, डॉ. अर्पिता, डॉ. अपूर्वा स्थापक, देव जी नेत्रालय से, मेडिकल बल्ड बैंक से डॉ. चनपुरिया एवं टीम, ज़िला रेडक्रास से सुनील गर्ग, फ्रंटियर मोटर्स से अनमोल वाधवा, जगदीश वाधवा, केप्टन साहब एवं सौरभ शर्मा आदि प्रमुखता से उपस्थित थे।

## रात में पशुओं को बंद कर संतों से कर रहे अभद्रता | भक्तों ने प्रशासन से ध्यान देने की मांग की

# सैलवारा आश्रम प्रांगण को कुछ ग्रामीण कांजी हाउस में तब्दील करने आमादा

हरिभूमि न्यूज सिहोरा।

तहसील के दिव्य संत प्रकाशवन अवधूत महाराज के आश्रम शेलेश्वर धाम सैलवारा में कुछ स्थानीय ग्रामीण रात के समय जबरन आवारा पशुओं को आश्रम परिसर की बाउंड्री के अंदर बंद कर देते हैं और सुबह ही निकालते हैं। अगर संत जन रोकने का प्रयास करते हैं पर ग्रामीण उनसे अभद्रता पूर्वक व्यवहार करते हैं। पशुओं द्वारा मन्दिर परिसर में की जा रही गंदगी से सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है।

सिहोरा से मझगवां के पास स्थित शैलवारा धाम आश्रम में ग्राम के ही कुछ लोग काजी हाउस बंद होने की वजह से आवारा पशुओं को आश्रम परिसर की बाउंड्री के अंदर भेजकर गेट बंद कर देते हैं । जिन्हें आश्रम के संतो द्वारा रोका भी गया किंतु दबंगई करते कुछ तत्व जबरन मवेशियों को बाउंड्री के अंदर प्रतिदिन बंद कर देते हैं। जिससे आश्रम की सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है साथ ही चारों तरह गोबर ही फैला रहता है आश्रम में कार्य करने वाले सभी सन्त और गुरु जी के सेवादार बुजुर्ग हैं जिनको सफाई करने में बहुत मेहनत करनी पड़ती है। मन्दिर परिसर में आवारा पशु एक आम समस्या है यह श्रद्धालुओं और मंदिर के रखरखाव करने वाले कर्मचारियों और आसपास के लोगों के लिए कई तरह की परेशानियां पैदा कर रही है इससे मंदिर की पवित्रता का खंडन, श्रद्धालुओं को नुकसान,और गंदगी से बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ। ऐसे में यदि संत इन लोगों को रोकते हैं तो अभद्र व्यवहार किया जाता है। जबकि यह आश्रम पूरे क्षेत्र सहित सभी अनुयायियों के धार्मिक आस्था का केंद्र भी है जिसकी वजह है आश्रम में आने वाले भक्तों में इस प्रकार की गंदगी से नाराजगी भी है। अनेक भक्तों ने प्रशासन से मांग की है कि वह इस ओर ध्यान देकर आश्रम को कांजी हाउस बनने से रोके।



## शनिदेव की जयंती पर भंडारे के साथ भजन संध्या आज

**जबलपुर।** सिविल कोर्ट के पास स्थित शनि मंदिर में आज अभिषेक पूजन-अर्चन के साथ दोपहर 11 बजे से विशाल भंडारे के साथ रात्रि 8 बजे से भजन संध्या का भी आयोजन होगा। विदित हो की इस शनि मंदिर में लोगों की बेहद आस्था है तथा हर शनिवार को सैकड़ों भक्त यहां भगवान शनिदेव की पूजा एंव उनके दर्शन करने पहुंचते हैं।इसी तरह कंकाली मोहल्ला में दुर्गा मंदिर के पास स्थित एंव रेलवे स्टेशन के पास स्थित शनि मंदिर में भी जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा।



### डॉ. आम्बेडकर जनसेवा पार्टी की सभा 1 जून को

**जबलपुर।** डॉ. बाबा साहेब आम्बेडकर जनसेवा पार्टी के मोहनलाल चौधरी ने बताया कि 01 जून को मध्यान्ह 12.30 बजे से गोरखपुर गंगासागर अकबर का बाड़ा में कमल चौधरी के निवास पर पार्टी की सभा आयोजित है। सभा के मुख्य अतिथि शारदा प्रसाद चौधरी होंगे, अध्यक्षता रामसिपाही सेठ करेंगे। संस्था के अमित सैनी, रामसिपाही सेठ, श्यामलाल चौधरी, लखन खरे, ओमनाथ, गनेश प्रसाद चौधरी, सियाबाई, मीनाबाई, रामबाई, सीताबाई, रामकली, चंद्राबाई, नरबद बाई, लक्ष्मीबाई, श्यामाबाई सहित अन्य ने सभा में उपस्थिति की अपील की है।

श्रमदान अपनापन हथकरघा केन्द्र का शुभारंभ आज

## धागे बुन रहे आत्मनिर्भरता और सम्मान

**जबलपुर।** हथकरघा उद्योग के लिए कैदियों को प्रशिक्षण देने आचार्य विद्यासागर महाराज द्वारा शुरू किये गये श्रमदान अपनापन प्रकल्प के तहत आज 27 मई मंगलवार को प्रातः 9 बजे, केए मॉल, ज्योति टॉकीज के सामने, आनंद होटल, जबलपुर में श्रमदान अपनापन हथकरघा विक्रय केंद्र का शुभारंभ आचार्य समय सागरमहाराज के पावन श्रमदान के माध्यम से किया जा रहा है। इस प्रकल्प से जेल में कैदियों को स्वरोजगार और आजविका आत्मनिर्भरता और सम्मान दोनों मिल रहा है। बताया गया है कि इस प्रकल्प से अब तक 1500 ग्रामीण परिवारों एवं 450 बंदियों को एक नया जीवन मिला है। यह पहल केवल वस्त्र विक्रय केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक पुनर्निर्माण, पर्यावरणीय संतुलन और पुनर्वास की एक मिसाल है। यह अभिनव अभियान मध्यप्रदेश की 6 जेलों सहित तिहाड़ जेल (दिल्ली), सागर सेंट्रल जेल, बनारस सेंट्रल जेल, मिर्जापुर, आगरा एवं मथुरा जेल में संचालित है, जहाँ बंदी हथकरघा चलाकर प्रति माह 8 हजार से 10 हजार तक की आय प्राप्त कर रहे हैं। श्रमदान अपनापन न केवल 100 हस्तनिर्मित, प्राकृतिक वस्त्रों की बिक्री का केंद्र है, बल्कि यह ग्रामीण भारत के पुनर्निर्माण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल है। आपके एक वस्त्र से किसी का घर चलता है, किसी की दुनिया संवरती है। इस अवसर पर सामाजिक, आध्यात्मिक एवं प्रशासनिक क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियां उपस्थित रहेंगी।

## परिचित के युवक ने किया चाकू से वार | बरगी घूमने गई महिला जानलेवा हमले में गंभीर

**जबलपुर।** बरगी थाना अतंर्गत ग्राम बरबटी में एक महिला पर युवक ने धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया। महिला अपनी दो साल की बच्ची और एक युवक के साथ बरबटी घूमने गई थी। हमलावर महिला का पूर्व परिचित बताया जा रहा है। हमले में घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

बरगी थाना प्रभारी कमलेश चौरिया ने बताया कि घायल महिला कविता गुप्ता, बल्देवबाग क्षेत्र की रहने वाली है। जो अपनी 2 साल की बेटी के साथ नमन विश्वकर्मा नामक युवक के साथ बरबटी गांव के पास घूमने आई थी। नमन गढ़ा थाना क्षेत्र का निवासी है और उसका महिला से पुराना परिचय था। किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद नमन ने आवेश में आकर चाकू जैसे धारदार हथियार से महिला पर 5 से 7 बार हमला कर दिया। इस वीभत्स घटना की सबसे दर्दनाक बात यह रही कि महिला की दो साल की मासूम बच्ची पूरी वारदात की गवाह बनी। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया है उसने अपना मोबाइल भी बंद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 109 बीएनएस के तहत हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी अभी फरार है।

## 4 थाना क्षेत्रों में मारपीट की वारदातें, 5 घायल

# चाकू, लाठी व बीयर की बॉटलों से हमला

**जबलपुर।** चरगवां, गढ़ा, गोहलपुर और गौरीघाट थाना क्षेत्रों में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने पर बदमाशों ने चाकू, लाठी व बीयर की बोतल से हमला कर पांच युवकों को घायल कर दिया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

चरगवां पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम चरगवां निवासी 40 वर्षीय शराब दुकान में हेल्पर नन्हें सिंह परिहार गत शाम लगभग 4.30 बजे सतीष उपाध्याय के साथ अपनी मोटर सायकल से गंगई से चरगवां आ रहे थे रास्ते में ग्राम मिरगा पत्थर फैक्ट्री के पास भिड़की निवासी रंजीत श्रीपाल और अभिषेक झारिया ने उसे रोका और शराब पीने के लिये पैसे मांगने लगा, पैसे देने से मना करने पर अभिषेक झारिया गाली गलौज करने लगा, गाली देने से मना करने पर रंजीत श्रीपाल ने लाठी से नन्हें सिंह परिहार पर हमला कर हाथ, पैर, कमर पर चोटें पहुंचा दी और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर धारा 126(2), 119(1), 351(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है। पुलिस ने आरोपी ग्राम भिड़की निवासी 34 वर्षीय रंजीत श्रीपाल को गिरफ्तार कर मामला जांच में लिया है।

इसी तरह गढ़ा में भैरवनगर सांई छात्रावास के पीछे तिलवारा निवासी 25 वर्षीय यश बर्मन गत रात लगभग 9 बजे यश अपने दोस्त रोहित नागवंशी के साथ अपनी बाईक क्रमांक एमपी 20 सीएच 9652 से अपने घर भैरवनगर जा रहा था। रास्ते में चाय पीने के लिये रूके थे तभी बाईक सवार दो अज्ञात लड़के उनके पास आए और शराब पीने के लिये दो हजार रूपये की मांग करने लगे। रुपए देने से मना करने पर गालीगलौज की और एक लड़के ने दोस्त रोहित नागवंशी के सिर पर बीयर की बॉटल से हमला कर घायल कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 118(1), 351(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

इसी प्रकार गोहलपुर में ग्राम कांकरदेही मझौली निवासी 45 वर्षीय राजेंद्र पटवा गत शाम बुद्ध मरावी , लवलेश लोधी, राजा पटवा चारों दुकान में फ्लेक्स बांध रहे थे तभी चंडालभाटा निवासी अरूण समुन्द्रेआया और शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगा, पैसे देने से मना करने पर गाली गलौज करते हुये धक्का मुक्की करने लगा एवं कुर्सिया बाहर फैंककर तोड़फोड़ कर धंधा करना है तो शराब पीने के लिये रोज 500 रूपये देने पड़ेगें कहते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 324(4), 119(1), 351(3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। वहीं गौरीघाट में दुर्गानगर गार्डन के बाजू से गौरीघाट निवासी 40 वर्षीय बलराम झारिया ने लगभग 6 माह पहले विकास अहिरवार के लिए फोटोग्राफी का ठेका नवीन और हर्षित को दिया था। गत रात लगभग 10.30 बजे ग्राम छिवला में नवीन और हर्षित मिले जिससे बलराम ने फोटो और वीडियो मांगे तो दोनों उसके साथ गाली गलौज करने लगे, गालियां देने से मना करने पर नवीन ने चाकू से उसकी जांघ पर हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 118(1), 351(3), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## खेत में सर्प दंश से महिला की मौत

**जबलपुर।** मझौली थाना अतंर्गत ग्राम अभाना में चारा काटने खेत गई एक महिला की सांप के काटने पर मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। मझौली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम अभाना निवासी 50 वर्षीय जीराबाई काछी गत शाम लगभग 5-6 बजे चारा काटने खेत गई थी जो देर शाम तक घर नहीं पहुंची तो उसका बेटा राहुल काछी खेत जाकर देखा तो उसकी मां जीराबाई खेत में पड़ी थी, जिसे पैर में सांप ने काट लिया था और इसी वजह से जीराबाई की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

**श्री ओम प्रकाश लाल श्रीवास्तव-** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय से सेवानिवृत श्री ओम प्रकाश लाल श्रीवास्तव का स्वर्गवास हो गया है। श्री जय प्रकाश श्रीवास्तव के बड़े भाई एवं आशीष एवं आनंद के पिताजी थे। अंतिम यात्रा उनके निज निवास पंजाब बैंक के पीछे सुहागी से आज मंगलवार को 10 बजे ग्वारीघाट मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।



**श्रीमती जसवीर कौर वाधवा-** मदनमहल निवासी श्री गुरूचरण सिंह वाधवा के धर्मपत्नी श्रीमती जसवीर कौर वाधवा (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री दिनकर विष्णुपंत पांडे-** सत्यानंद विहार रामपुर निवासी श्री दिनकर विष्णुपंत पांडे (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती छोटी बाई चौधरी-** भानतलैया सिंधी कैंप निवासी श्री रम्पत चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती छोटी बाई चौधरी (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री जगतपाल श्रीवास-** नारायण नगर गुलौआ गढ़ा निवासी श्री जगतपाल श्रीवास (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हरदेव सिंह-** मदनमहल गुप्तेश्वर वार्ड निवासी श्री हरदेव सिंह (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती विमला थापा-** शारदा नगर रांझी निवासी श्री भीम बहादुर थापा की धर्मपत्नी श्रीमती विमला थापा (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राहुल चौधरी-** भानतलैया चौधरी मोहल्ला निवासी श्री जगदीश चौधरी के पुत्र श्री राहुल चौधरी (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री तुलसी दास केवट-** जोगी मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री तुलसी दास केवट का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विजय चौधरी-** चांदमारी तलैया लालमाटी निवासी श्री दुक्खी लाल चौधरी के पुत्र श्री विजय चौधरी (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राधे ठाकुर-** इंद्रा बस्ती एलआईसी मदनमहल निवासी श्री हरि किशन ठाकुर के पुत्र श्री राधे ठाकुर (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।




**श्री अमित कुमार खटीक-** खेरमाई खटीक मोहल्ला निवासी श्री गुलाब खटीक के पुत्र श्री अमित कुमार खटीक (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गिरिजा प्रसाद मिश्रा-** तिलहरी निवासी श्री गिरिजा प्रसाद मिश्रा (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अक्षत श्रीवास्तव-** बीटी तिराहा गढ़ा निवासी श्री आनंद श्रीवास्तव के पुत्र श्री अक्षत श्रीवास्तव (26) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कमला रानी-** ई 58, संजीवनी नगर निवासी श्री मोहन दास की धर्मपत्नी श्रीमती कमला रानी (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अभिषेक कोल-** छुई खदान जीसीएफ राम मंदिर के पीछे निवासी श्री मुन्ना लाल कोल के पुत्र श्री अभिषेक कोल (24) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती विमला बाई चौबे-** महेंद्र टावर सुहागी जीसीएफ कॉलोनी निवासी श्री द्वारका प्रसाद चौबे की धर्मपत्नी श्रीमती विमला बाई चौबे (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब मात्र 40/- प्रति कॉलम से.मी.
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362180

## खबर संक्षेप

### पीसी ज्वेलर्स आई मुनाफे में कमाया 94.78 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** पीसी ज्वेलर्स अधिक बिक्री के दम पर मुनाफे में आ गई है और उसने वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी जनवरी-मार्च तिमाही में 94.78 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया है।कंपनी को वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में 121.64 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था।

### हिंडाल्को की 8000 करोड़ तक पूंजीगत व्यय की योजना




**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला समूह की घातु कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज ने चालू वित्त वर्ष में 8,000 करोड़ रुपये तक के पूंजीगत व्यय लक्ष्य रखा है। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक सतीश पई ने चौथी तिमाही के नतीजों की घोषणा के बाद कहा-इस साल पूंजीगत व्यय 'लगभग 7,500 करोड़ रुपये से 8,000 करोड़ रुपये तक होगा।'

### आईआईएफएल फाइनेंस कश्मीर में शाखाएं खोलेगी

**नई दिल्ली।** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी आईआईएफएल फाइनेंस को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में शाखाएं खोलने और अपनी ऋण सेवाओं का विस्तार करने के लिए आवश्यक नियामकीय मंजूरी मिल गई है। कम बैंकिंग सेवाओं वाले क्षेत्रों में आवश्यक वित्तीय सेवाएं प्रदान करने की दिशा में उठाया गया कदम है।

### रुपया 35 पैसे की बढ़त के साथ 85.10 प्रति डॉलर



**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख और विदेशों में डॉलर के कमजोर होने से अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को रुपया लगातार दूसरे सत्र में तेजी के साथ 35 पैसे उछलकर 85.10 पर बंद हुआ। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 2024-25 के लिए सरकार को 2.69 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड लाभांश देने की घोषणा से रुपये को मजबूती मिली।

### जिलेट इंडिया का मुनाफा 60% बढ़ 158.7 करोड़

**नई दिल्ली।** 'शेविंग' उत्पाद बनाने वाली कंपनी जिलेट इंडिया लिमिटेड का मार्च में समाप्त तिमाही का मुनाफा 60.13 प्रतिशत बढ़कर 158.68 करोड़ रुपये हो गया। जिलेट इंडिया ने बीएसई को यह जानकारी दी है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 99.09 करोड़ रुपये का मुनाफा अर्जित किया था।

### गोयनका फिर से वेलस्पन के चेयरमैन नियुक्त

**नई दिल्ली।** वेलस्पन एंटरप्राइजेज के निदेशक मंडल ने बालकृष्ण गोयनका को कंपनी के चेयरमैन (कार्यकारी) के रूप में फिर से नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि निदेशक मंडल ने कंपनी के प्रबंध निदेशक के रूप में संदीप गर्ग की पुनर्नियुक्ति को भी मंजूरी दे दी है। पूर्णकालिक निदेशक के रूप में गोयनका की पुनः नियुक्ति एक वर्ष की अवधि यानी एक जून, 2025 से 31 मई, 2026 तक के लिए की गई है।

# एसबीआई आसानी से बढ़ाया जा सकने वाला ढांचा तैयार करने में जुटा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने कहा है कि बैंक अनुशासित लागत प्रबंधन, कम लागत वाली जमाराशियों और शुल्क आधारित आय के विस्तार के आधार पर स्थायी रिटर्न के लिए एक ऐसा ढांचा विकसित कर रहा है जिसे आसानी से बढ़ाया जा सके।

- बैंक स्थायी रिटर्न के लिए एक ढांचा विकसित कर रहा

शेट्टी ने बैंक के शेयरधारकों को भेजे संदेश में कहा, ''चालू खाते और बचत खाते (कासा) में मजबूत वृद्धि, डिजिटल क्रॉस-सेलिंग क्षमताओं और मार्जिन के लिहाज से संवेदनशील परिसंपत्ति आवंटन के साथ हम स्थायी रिटर्न के लिए एक आसानी से बढ़ाया जा सकने वाला मॉडल तैयार कर रहे हैं।

## बैंक के चेयरमैन शेट्टी ने शेयरधारकों को भेजे संदेश में कहा

### सबसे आगे की और देखने वाला बैंक बनेगा

चेयरमैन ने वित्त वर्ष 2024-25 की सालाना रिपोर्ट में कहा, ''एक साथ ये रणनीतिक कदम हमें न केवल भारत के सबसे बड़े बैंक के रूप में, बल्कि ग्राहकों और निवेशकों दोनों के लिए दीर्घकालिक मूल्य प्रदान करने के लिए विश्वास, पैमाने और नवाचार को संतुलित करते हुए सबसे आगे की ओर देखने वाले बैंक के रूप में स्थापित करते हैं।''




### बाजार नेतृत्व कायम रखने पर जोर

शेट्टी ने कहा कि देश के सबसे बड़े बैंक के रूप में एसबीआई का रणनीतिक ध्यान परिचालन दक्षता में सुधार, ग्राहक अनुभव को बढ़ाने, बाजार नेतृत्व कायम रखने, मानव संसाधन क्षमताओं को मजबूत करने, जोखिम-समायोजित वृद्धि का समर्थन करने और लाभप्रदता में सुधार करने पर है।

### परिचालन दक्षता में सुधार पर ध्यान

चेयरमैन ने कहा कि परिचालन दक्षता में सुधार करने के लिए एसबीआई स्वचालन और डेटा-संचालित निर्णय लेने का उपयोग करके प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित कर रहा है। उन्होंने कहा कि एसबीआई का लक्ष्य खासकर ग्रामीण और कस्बाई इलाकों में उभरते खंडों के लिए एक सहज और समावेशी अनुभव प्रदान करना है।

### 70,901 रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज

एसबीआई ने वित्त वर्ष 2024-25 में 70,901 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया है जो वित्त वर्ष 2023-24 के 61,077 करोड़ रुपये से 16 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि बैंक सतत और जोखिम-समायोजित वृद्धि हासिल करने के लिए ऋण क्षमता मूल्यांकन, पोर्टफोलियो निगरानी और प्रारंभिक चेतावनी का पता लगाने के लिए उन्नत विश्लेषण तरीकों का फायदा उठा रहा है।

## ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव ने जारी की रिपोर्ट

# सेवाओं, रक्षा, रॉयल्टी से राजस्व जोड़ने पर अमेरिका को 40 अरब डॉलर का अधिशेष

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने सोमवार को कहा कि भारत के साथ वस्तु व्यापार में 44.4 अरब डॉलर का घाटा होने के बावजूद अमेरिका शिक्षा, डिजिटल सेवाओं, वित्तीय गतिविधियों, रॉयल्टी और हथियारों के व्यापार से हासिल राजस्व को जोड़ने पर 35-40 अरब डॉलर के अधिशेष की स्थिति में है।

जीटीआरआई ने एक रिपोर्ट में कहा कि अमेरिका के पक्ष में कुल व्यापार अधिशेष होने की स्थिति भारत को व्यापार समझौते पर जारी बातचीत में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने, घाटा बढ़ने के दावों का कड़ा विरोध करने और निष्पक्ष एवं संतुलित शर्तों की मांग करने की हर वजह देती है।

### भारत को बाजार खोलने के लिए व्यापार अंतर का जिक्र

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कई मौकों पर इस व्यापार अंतर का जिक्र किया है, जिसमें भारत पर व्यापार से अनुचित लाभ उठाने का आरोप लगाया गया है। अमेरिका घाटे के आंकड़ों का इस्तेमाल भारत को शुल्क कम करने और अपना बाजार खोलने को मजबूर करने के लिए भी कर रहा है।

## भारत को वस्तु व्यापार में 44.4 अरब डॉलर का घाटा

### अमेरिका के बीच व्यापार 186 अरब डॉलर रहा

श्रीवास्तव ने कहा कि भारत के लिए उन क्षेत्रों में व्यापक रियायतें देने का कोई कारण नहीं है जिनका व्यापार संतुलन से कोई लेना-देना नहीं है, खासकर जब ये रियायतें भारतीय बाजार से अमेरिका की पहले से ही प्रमुख आय को और बढ़ाएंगी। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में भारत और अमेरिका के बीच व्यापार 186 अरब डॉलर रहा।




- ट्रंप ने कई मौकों पर इस व्यापार अंतर का जिक्र किया है
- भारत पर व्यापार से अनुचित लाभ उठाने का आरोप लगाया गया

### अमेरिका- भारत के साथ बिल्कुल घाटे में नहीं

श्रीवास्तव ने कहा, ''ये भारी कमाई संकीर्ण वस्तु व्यापार के आंकड़ों में नहीं दिखती है। जब आप उन्हें कारक मानते हैं, तो अमेरिका भारत के साथ बिल्कुल भी घाटे की स्थिति में नहीं है। असल में यह 35-40 अरब डॉलर अधिशेष की स्थिति में है।''

### अमेरिका भारत से हर साल 85 अरब डॉलर कमाता है

जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, ''भारत के साथ व्यापार में घाटे की अमेरिकी कहानी भ्रामक और अधूरी है। असलियत यह है कि अमेरिका शिक्षा, डिजिटल सेवाओं, वित्तीय संचालन, बौद्धिक संपदा रॉयल्टी और हथियारों की बिक्री के माध्यम से भारत से हर साल चुपचाप 80-85 अरब डॉलर कमाता है।''

### अमेरिका- भारत से उच्च शिक्षा के जरिए कमाता है

जीटीआरआई के मुताबिक, अमेरिका के लिए भारत से कमाई का सबसे बड़ा जरिया उच्च शिक्षा क्षेत्र है। अमेरिका में पढ़ने वाले भारतीय छात्र हर साल 25 अरब डॉलर से अधिक खर्च करते हैं, जिसमें से लगभग 15 अरब डॉलर पढ़ाई और 10 अरब डॉलर रहने-खाने पर खर्च होते हैं।

### भारत को अमेरिकी रक्षा उत्पातों के बिक्री से अरबों डॉलर मिलते हैं

श्रीवास्तव ने कहा कि भारत को अमेरिकी रक्षा उत्पादों की बिक्री से भी अरबों डॉलर मिलते हैं। हालांकि, रक्षा बिक्री के सटीक आंकड़े गोपनीयता के कारण अक्सर सामने नहीं आ पाते हैं। इसके अलावा गूगल, मेटा, अमेजन, एप्पल और माइक्रोसॉफ्ट जैसी दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनियां भी भारत के तेजी से बढ़ते डिजिटल बाजार में बिक्री के जरिये सालाना 15-20 अरब डॉलर की कमाई करती हैं।

# शेयर बाजार में रही तेजी, सेंसेक्स 455 अंक चढ़ा

एजेंसी ⏭ मुंबई



- अमेरिका के सीमा शुल्क टलने से बाजार में रही तेजी
- निफ्टी में भी 148 अंक की रही बढ़त

भारत के दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने और यूरोपीय संघ पर लगाए गए अमेरिका के 50 प्रतिशत सीमा शुल्क को नौ जुलाई तक टालने से सोमवार को स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी रही और सेंसेक्स 455 अंक चढ़ गया। निफ्टी भी 148 अंक की बढ़त में रहा। बीएसई का 30 शेयर पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 455.37 अंक चढ़कर 82,176.45 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 771.16 अंक चढ़कर 82,492.24 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 148 अंक चढ़कर 25,001.15 अंक पर बंद हुआ। 2024-25 के लिए रिकॉर्ड 2.69 लाख करोड़ रुपये का लाभांश देने की घोषणा ने भी बाजारों में सकारात्मक धारणा को बल दिया।

*महिंद्रा में रही बढ़त : सेंसेक्स की कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में सर्वाधिक 2.17 प्रतिशत की तेजी रही। इसके अलावा एचसीएल टेक, टाटा मोटर्स, नेस्ले, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, लार्सन एंड टुब्रो और टेक महिंद्रा भी बढ़त में रहीं।*


*अल्ट्राटेक सीमेंट में आई गिरावट : दूसरी तरफ, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड, टाटा स्टील और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर में गिरावट आई। इटर्नल में सर्वाधिक 4.51 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।*

# सोना 550 रुपए चढ़ा, चांदी में 1,170 रुपए की तेजी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की सतत लिवाली से सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 550 रुपये बढ़कर 99,300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत शुक्रवार को 98,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। पिछले सप्ताह बुधवार से सोने की कीमतों में 2,760 रुपये प्रति 10 ग्राम की तेजी आई है। सोमवार को 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 500 रुपये बढ़कर 98,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। साथ ही, चांदी की कीमत 1,170 रुपये बढ़कर 1,00,370 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 99,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।



- सोना बढ़कर 99,300 रुपए प्रति 10 ग्राम
- आभूषण व खुदरा विक्रेताओं की खरीदारी रही

मेहता इक्विटीज लिमिटेड के उपाध्यक्ष-जिंस राहुल कलंत्री ने कहा, ''राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा यूरोपीय संघ के सामान पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने की समयसीमा को नौ जुलाई तक टालने के बाद सुरक्षित-निवेश विकल्प माने जाने वाले सराफा की मांग कमजोर पड़ने से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने की कीमतों में गिरावट आई।''

### फेड के ब्योरा का अभी इंतजार

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी के अनुसार, निवेशक संभावित ब्याज दर-कटौती के बारे में आगे के संकेतों के लिए अमेरिकी फेडरल रिजर्व की एफओएमसी (फेडरल ओपन मार्केट कमेटी) की बैठक के ब्योरे का इंतजार करेंगे, जो बुधवार को जारी होंगे।

# श्लॉस को पहले दिन मिला छह प्रतिशत का अभिदान



**नई दिल्ली।** 'द लीला' ब्रांड के तहत होटल एवं रिजॉर्ट का संचालन करने वाली कंपनी श्लॉस बेंगलूर लिमिटेड के आईपीओ को सोमवार को बोली के पहले छह प्रतिशत अभिदान मिला। एनएसई के आंकड़ों के अनुसार, आरंभिक शेयर बिक्री में 4,66,10,169 शेयर की पेशकश पर 28,75,176 शेयर के लिए बोलियां प्राप्त हुईं। खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों की श्रेणी में 20 प्रतिशत अभिदान मिला, जबकि गैर-संस्थागत निवेशकों की श्रेणी में तीन प्रतिशत अभिदान प्राप्त हुआ। पात्र संस्थागत खरीदारों के हिस्से को तीन प्रतिशत अभिदान मिला। श्लॉस बेंगलूर लिमिटेड ने बड़े (एंकर) निवेशकों से 1,575 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी ने 3,500 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए 413-435 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है।

# आरबीआई को डॉलर की बिक्री व ब्याज की आय से हुई कमाई

- आरबीआई ने इसी कमाई से केंद्र को दिया रिकॉर्ड लाभांश

एजेंसी ⏭ मुंबई



अमेरिकी डॉलर की बिक्री और प्रतिभूतियों से हुई ब्याज आय की वजह से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने केंद्र सरकार को रिकॉर्ड 2.7 लाख करोड़ रुपये का वार्षिक लाभांश देने की घोषणा की है। विश्लेषकों ने सोमवार को यह बात कही।

रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सरकार को रिकॉर्ड 2.69 लाख करोड़ रुपये का लाभांश देने की घोषणा की। इससे सरकार को अमेरिकी शुल्क और पाकिस्तान के साथ संघर्ष के कारण रक्षा पर खर्च में वृद्धि से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने में मदद मिलेगी। भारतीय रिजर्व बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल की 616वीं बैठक में लाभांश भुगतान पर निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता गवर्नर संजय मल्होत्रा ने की। ईवाई इंडिया के मुख्य नीति सलाहकार डी के श्रीवास्तव ने कहा कि कोविड महामारी के बाद के वर्षों से आरबीआई सरकार को अधिक से अधिक अधिशेष हस्तांतरण कर रहा है।

*सरकार को तीन लाख करोड़ लाभांश की उम्मीद*
*हालांकि, यह बाजार उम्मीदों से कम है। बाजार आरबीआई से सरकार को तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक के लाभांश की उम्मीद कर रहा था।*

## ऑडी इंडिया की नीरज चोपड़ा के साथ भागीदारी...



**नई दिल्ली।** लक्जरी कार कंपनी ऑडी इंडिया ने भाला फेंक में दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा के साथ भागीदारी की है। ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा कि ऑडी में हम उन लोगों के लिए खड़े हैं जिनके लिए सीमाएं मायने नहीं रखती...नीरज चोपड़ा उस भावना से मेल खाते हैं। ढिल्लों ने कहा कि उनकी एकाग्रता, गति तथा बेजोड़ प्रदर्शन उन्हें ऑडी के लिए उपयुक्त विकल्प बनाता है...। चोपड़ा ने कहा, 'मैं ऑडी परिवार में शामिल होने और एक ऐसे ब्रांड का प्रतिनिधित्व करने के लिए उत्साहित हूं जो अपने हर काम में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।'

# केंद्रीय अप्रेंटिसशिप परिषद ने दो योजनाओं के तहत मानदेय बढ़ाया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री जयंत चौधरी की अध्यक्षता में केंद्रीय अप्रेंटिसशिप परिषद (सीएसी) ने सोमवार को दो योजनाओं के तहत प्रशिक्षुओं को देय न्यूनतम मासिक मानदेय बढ़ाने का फैसला किया।

ये मानदेय इस समय 5,000 रुपये से 9,000 रुपये तक है, और प्रस्तावित वृद्धि के बाद इसे बढ़ाकर 6,800 रुपये से 12,300 रुपये तक कर दिया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि प्रशिक्षु मानदेय में संशोधन को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) में बदलाव के आधार पर द्विवार्षिक रूप से समायोजित करने का प्रस्ताव है। एक अधिकारी ने बताया, ''हमारे पास दो योजनाएं हैं। पीएम-राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रोत्साहन योजना (पीएम-एनएपीएस) के तहत सरकार का योगदान 1,500 रुपये या मानदेय राशि का 25 प्रतिशत है, जबकि सरकार राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण योजना (एनएटीएस) के तहत मानदेय राशि का 50 प्रतिशत योगदान करती है।''

- इस समय मानदेय 5000 से 9000 रुपए तक
- प्रस्तावित वृद्धि 6,800 से 12,300 तक की जाएगी

### मानदेय 30 फीसदी तक बढ़ाया गया

चौधरी ने बैठक के बाद कहा कि विभिन्न श्रेणियों में मानदेय 30 प्रतिशत तक बढ़ाया गया है, जिससे उद्योग और देश के युवाओं को लाभ मिलेगा।

## बकाया भुगतान न करने की वजह से प्लेस्टोर से किया बाहर

# बायजू का लर्निंग ऐप गूगल के प्लेस्टोर से हटाया गया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहे शिक्षा-प्रौद्योगिकी मंच बायजू के पढ़ाने-सिखाने वाले ऐप को बकाया भुगतान न करने की वजह से गूगल प्लेस्टोर से हटा दिया गया है।

- कंपनी के थिंक एंड लर्न के कुछ ऐप अब भी गूगल प्लेस्टोर काम कर रहे

सूत्रों ने सोमवार को बताया कि बायजू की आपूर्तिकर्ता अमेजन वेब सर्विसेज को बकाया राशि का भुगतान नहीं कर पाने की वजह से उसके लर्निंग ऐप को प्लेस्टोर से हटा दिया गया है। हालांकि, बायजू ब्रांड के तहत संचालन करने वाली कंपनी 'थिंक एंड लर्न' के कुछ अन्य ऐप अब भी गूगल प्लेस्टोर पर काम करना जारी रखे हुए हैं।

### ऐप को दूसरी कंपनियां दे रही सहायता

यह ऐप जेईई, एनईईटी और आईएएस जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में भी सहायता प्रदान करता है। इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने कहा, ''हालांकि, कंपनी के जिन ऐप को दूसरी कंपनियां सहायता दे रही हैं, वे अब भी काम कर रहे हैं। लर्निंग ऐप एप्पल के ऐप स्टोर पर उपलब्ध है।




### अमेजन वेब का नहीं किया भुगतान

एक सूत्र ने कहा, ''ऐप को सहायता देने वाली अमेजन वेब सर्विसेज को भुगतान न करने के कारण बायजू लर्निंग ऐप को प्लेस्टोर से हटा दिया गया है। बायजू का कामकाज अब एक दिवाला समाधान पेशेवर की देखरेख में संचालित हो रहा है, जिसे भुगतान संबंधी सभी मुद्दों का भी प्रबंधन करना है।''

### लर्निंग ऐप में चौथी से 12 वीं तक के विषय

थिंक एंड लर्न के दिवाला समाधान पेशेवर शैलेंद्र अजमेरा को इस संबंध में भेजे गए ईमेल का कोई जवाब नहीं मिला। बायजू के लर्निंग ऐप में चौथी से 12वीं कक्षा के लिए गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान और छठी से आठवीं कक्षा के लिए सामाजिक अध्ययन का विषय भी शामिल हैं।

*बायजू के खिलाफ दिवाला कार्यवाही शुरू*
*इसके अलावा बायजू का प्रीमियम लर्निंग ऐप और एग्जाम प्रेप ऐप भी गूगल प्लेस्टोर पर उपलब्ध है। राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण ने बायजू की ऋणदाता एवं विभिन्न निवेशकों की अपील पर बायजू के खिलाफ दिवाला कार्यवाही शुरू कर दी है।*

### दोपहिया उद्योग की वृद्धि एकल अंक में रहने की उम्मीद : हीरो




**नई दिल्ली।** हीरो मोटोकॉर्प के कार्यवाहक मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विक्रम कस्बेकर ने कहा है कि अनुकूल व्यापक आर्थिक कारकों के चलते घरेलू दोपहिया उद्योग चालू वित्त वर्ष में 'मध्य से उच्च' एकल अंक की वृद्धि दर्ज करेगा। हीरो मोटोकॉर्प ने 2024-25 में 59 लाख इकाइयों की बिक्री के साथ बाजार में अग्रणी स्थिति बरकरार रखी है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष में 4,376 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया, जबकि 2023-34 में यह आंकड़ा 3,742 करोड़ रुपये था।

## चिंतन

# एमएसएमई की दिक्कतों को दूर करना होगा

जापान को पछाड़कर भारत बेशक मामूली अंतर से अंकड़ों में विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गई हो, लेकिन जब तक हमारी अर्थवयवस्था में निर्यात पर निर्भरता निम्न से निम्नतम होकर आत्मनिर्भरता हासिल करने और जमीनी स्तर पर रोजगार सृजन की क्षमता नहीं होगी, भारत सही मायने में आर्थिक शक्ति नहीं कहलाएगा। अगर एक तरफ सरकार करीब अपनी दो तिहाई आबादी (81 करोड़ लोगों) को 5 किलो मुफ्त अनाज देने के लिए मजबूर है और दूसरी तरफ देश विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया हो तो यह बिल्कुल विरोधाभास स्थिति है। नीति आयोग भी अपनी चौथी अर्थव्यवस्था बनने की रिपोर्ट पर मुतमईन नहीं है, इसलिए मझोले उद्योग के सामर्थ्य व संभावनाओं को लेकर आयोग ने इसके परिदृश्य को बदलने पर जोर दिया है। नीति आयोग ने सोमवार को मझोले उद्योगों को भविष्य के वृद्धि इंजन में बदलने के लिए वित्तीय माध्यमों, प्रौद्योगिकी एकीकरण और एक केंद्रीकृत डिजिटल पोर्टल की वकालत की है। आयोग ने 'मझोले उद्योगों के लिए नीति तैयार करना' शीर्षक वाली एक रिपोर्ट में इन उद्योगों की महत्वपूर्ण भूमिका का जिक्र किया और उनकी पूरी क्षमता को उगाजर करने के लिए लक्षित हस्तक्षेप पर जोर दिया है। मझोले उद्योगों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए रिपोर्ट में उद्यम कारोबार से जुड़ी एक कार्यशील पूंजी वित्तपोषण योजना, बाजार दर पर पांच करोड़ रुपये के क्रेडिट कार्ड की सुविधा और एमएसएमई मंत्रालय की देखरेख में बैंकों के माध्यम से तेजी से धन वितरण तंत्र बनाने की सिफारिश की गई है। आयोग ने एमएसएमई मंत्रालय के भीतर एक समर्पित शोध एवं विकास प्रकोष्ठ की स्थापना की भी सिफारिश की है। यह प्रकोष्ठ राष्ट्रीय महत्व की क्लस्टर आधारित परियोजनाओं के लिए आत्मनिर्भर भारत कोष का लाभ उठाएगा। भारत को अगर विकसित देश बनना है और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनना है तो मझोले उद्योगों यानी सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को व्यापक स्तर पर बढ़ावा देना होगा, केवल वृहत उद्योग व शेयर बाजार के पूंजीकरण के भरोसे देश आर्थिक निर्भरता हासिल नहीं कर सकेगा। दरअसल, देश के मानव श्रम को खपाने की क्षमता मझोले उद्यम में ही है। देश की विनिर्माण अर्थव्यवस्था में मझोले उद्योगों का योगदान 36.2 फीसदी है, जीडीपी में करीब 30 फीसदी हिस्सेदारी है और इसमें करीब 12 करोड़ लोग काम कर रहे हें। इसकी क्षमता को बढ़ा कर 25 करोड़ रोजगार पर लाया जा सकता है। एमएसएमई भारत के कुल निर्यात में लगभग 45 फीसदी (वित्त वर्ष 2021-22) का योगदान देते हैं एमएसएमई क्षेत्र में स्किल के साथ अनस्किल श्रम को भी रोजगार देने की क्षमता है। नीति आयोग ने इंस्टीट्यूट फॉर कॉम्पिटिटिवनेस के साथ मिलकर रिपोर्ट जारी की है, जिसमें एमएसएमई के विकास में बाधा डालने वाली प्रमुख चुनौतियों की पहचान की गई है। भारत का संपन्न स्टार्टअप इकोसिस्टम (विश्व में तीसरा सबसे बड़ा) मुख्य रूप से एमएसएमई द्वारा संचालित है, जिसने ई-कॉमर्स, फिनटेक, डिजिटेक, आई-वे और अन्य उभरते क्षेत्रों में समाधान पेश किए हैं। नीति आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक मझोले उद्यमों के सामने अनेक चुनौतियां हैं, जिन्हें तत्काल दूर करने की जरूरत है। ऋण तक पहुंच, कुशल श्रम, उच्च लागत, अपडेटेड तकनीक, वैश्विक प्रतिस्पर्धा, सरकारी लालफीताशाही, अत्यधिक रेगुलेशन, इंडस्ट्रियल इन्फ्रास्ट्रक्चर, मिसिंग मिडिल, नवाचार आदि की दिक्कतें हैं। नीति आयोग को दिक्कतें दूर करने की सिफारिश करनी है। सरकार को इस ओर ध्यान देना होगा।

## पुण्यतिथि

अतुल गोयल



# विज्ञान, लोकतंत्र और बच्चों के संरक्षक थे पं. नेहरू

भारतीय इतिहास में 27 मई का दिन केवल एक तिथि नहीं बल्कि एक युग के अवसान का प्रतीक है। यह वही दिन है, जब भारत ने अपना पहला प्रधानमंत्री, एक दूरदर्शी नेता, एक मानवतावादी चिंतक और बच्चों के चहेते 'चाचा नेहरू' को सदा के लिए खो दिया था। पंडित जवाहरलाल नेहरू न केवल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी सेनानी थे, बल्कि आज़ादी के बाद आधुनिक भारत की नींव रखने वाले प्रमुख शिल्पी भी थे। उनका जीवन भारतीय राजनीति और समाज के पुनर्निर्माण की यात्रा का वह अध्याय है, जिसे बार-बार पढ़ा जाना चाहिए। नेहरू का सपना केवल एक स्वतंत्र भारत नहीं था, बल्कि ऐसा भारत था, जो वैज्ञानिक सोच, लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक समरसता और शिक्षा के उजास से आलोकित हो। उनका विश्वास था कि गुलामी ने देश की आत्मा को कुचल दिया है और उसे फिर से जगाने के लिए केवल राजनीतिक स्वतंत्रता पर्याप्त नहीं होगी बल्कि आवश्यकता होगी सोच की स्वतंत्रता, अवसर की समानता और ज्ञान की पहुंच की। यही कारण था कि उन्होंने स्वतंत्रता के बाद जिस भारत की कल्पना की, वह कारखानों, स्कूलों, विश्वविद्यालयों, बांधों और अनुसंधान संस्थानों से भरा हुआ भारत था। पंडित नेहरू की राजनीति केवल सत्ता का अभ्यास नहीं थी, वह एक वैचारिक यात्रा थी। उनका विश्वास था कि विविधता में ही भारत की शक्ति है। वे बार-बार कहते थे, 'भारत की आत्मा अनेकता में एकता है।' यही कारण था कि उन्होंने भारत के संविधान में धर्मनिरपेक्षता को न केवल संरक्षित किया बल्कि उसे भारतीय पहचान का



अभिन्न हिस्सा बना दिया। बच्चों के प्रति नेहरू का प्रेम भारतीय समाज में एक विशेष स्थान रखता है। वे मानते थे कि बच्चे देश का भविष्य नहीं बल्कि वर्तमान हैं, जिनकी देखभाल और शिक्षा आज ही सुनिश्चित की जानी चाहिए। उनके दिल में बच्चों के लिए अत्यधिक स्नेह था। वे जब भी किसी विद्यालय या बालसभा में जाते तो बच्चों की आंखों में चमक आ जाती। उनके पास बैठकर बच्चे खुद को सहज महसूस करते थे। वह खुद को 'चाचा' कहलवाना पसंद करते थे क्योंकि उन्हें बच्चों के साथ औपचारिकता से परे आत्मीयता चाहिए थी। उनका यह प्रेम केवल भावनात्मक नहीं था बल्कि व्यावहारिक योजनाओं और नीतियों के माध्यम से भी परिलक्षित होता था। उन्होंने शिक्षा को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाया और भारतीय शिक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए कई क्रांतिकारी कदम उठाए। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) जैसी संस्थाएं उन्हीं की कल्पनाओं का परिणाम थी, जिनकी नींव उन्होंने अपने कार्यकाल में रखी। उनकी विदेश नीति ने भी भारत को विश्वपटल पर प्रतिष्ठा दिलाई। गुटनिरपेक्ष आंदोलन के संस्थापकों में उनका नाम अग्रणी था। उनका दृष्टिकोण था कि भारत अपनी स्वतंत्र नीति के आधार पर अंतरराष्ट्रीय संबंधों को तय करेगा। उन्होंने शांति, सह-अस्तित्व और संवाद को भारत की कूटनीति की आधारशिला बनाया। नेहरू की आलोचनाएं भी हुई, चीन नीति, कश्मीर, समाजवाद की धीमी प्रगति जैसे विषयों पर कई लोगों ने उनके निर्णयों को कटघरे में खड़ा किया परंतु आलोचना के बीच उनकी मूल नीयत, उनके इरादे और उनकी दूरदृष्टि पर कभी कोई बड़ा प्रश्नचिह्न नहीं लगाया जा सका। भारत आज जब 21वीं सदी में वैश्विक शक्ति बनने की ओर अग्रसर है तो यह आवश्यक है कि हम उस नींव को न भूलें, जो नेहरू ने रखी थी। आज की तकनीकी, वैज्ञानिक और शैक्षणिक प्रगति उन्हीं नीतियों की फलश्रुति है, जिन्हें उन्होंने स्वतंत्र भारत की शुरुआत में लागू किया था। उनकी पुण्यतिथि केवल श्रद्धांजलि देने का दिन नहीं बल्कि आत्ममंथन का अवसर है कि क्या हम उस भारत की ओर बढ़ रहे हैं, जिसका सपना नेहरू ने देखा था? क्या हम बच्चों को शिक्षा, पोषण और संस्कार दे पा रहे हैं? क्या हम विज्ञान और विवेक के मार्ग पर हैं? क्या हम विविधता को अपनाकर एकता को सशक्त कर रहे हैं? इन सवालों के उत्तर खोजते समय पंडित नेहरू की पुस्तकें, उनके भाषण और उनका जीवनदर्शन हमारा मार्गदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने भारत को केवल इतिहास की दृष्टि से नहीं बल्कि सांस्कृतिक, दार्शनिक और मानवीय दृष्टिकोण से देखा।

(लेखक न्यूयॉर्क की कंपनी में सॉफ्टवेयर डवलपमेंट इंजीनियर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



विश्लेषण


प्रोफेसर अश्वनी महाजन

एक तरफ जहां राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत और दूसरे देशों पर शुल्क बढ़ाए जा रहे हैं, नए परिप्रेक्ष्य में नई संभावनाएं भी जन्म ले रही हैं। चीन पर अधिक शुल्क लगाने से भारत के लिए इन देशों में संभावनाएं बेहतर हुई हैं। यही नहीं हाल ही में भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर में भारत के घरेलू प्रयास से बनी युद्ध सामग्री की मांग भी शेष दुनिया में बढ़ने की पूरी संभावना है। समझा जा सकता है कि चाहे अमेरिका द्वारा थोपा गया व्यापार और टैरिफ युद्ध हो, अथवा भारत की ऑपरेशन सिंदूर के नाते की गई कार्यवाही हो, सभी देश में उत्पादन और निवेश के नए अवसर के रास्ते खोल रहे हैं।

# ट्रंप टैरिफः भारत के लिए नए अवसर

हाल ही में राष्ट्रपति ट्रंप ने एप्पल के सीईओ को धमकी दी थी कि कंपनी भारत में एप्पल फोन का उत्पादन बंद कर दे और इसके बदले एप्पल की फैक्ट्री अमेरिका में स्थानांतरित कर दे, लेकिन इसके बावजूद एप्पल की सहयोगी कंपनी फॉक्सकॉन ने एप्पल आईफोन के उत्पादन के लिए भारत में 1.5 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा की। अब राष्ट्रपति ट्रंप ने अमेरिका में आयातित एप्पल फोन पर 25 प्रतिशत टैरिफ की घोषणा की है और कहा है कि अमेरिका के बाहर उत्पादित एप्पल फोन पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगेगा। ऐसा अमेरिका के बाहर एप्पल फोन के उत्पादन को हतोत्साहित करने के लिए किया गया है। ऐसा लगता है कि कंपनी इस संबंध में अमेरिकी राष्ट्रपति की बात मानने को तैयार नहीं है। इसी तरह अमेरिका की टैरिफ घोषणा के बाद यूरोपीय आयोग ने भी रक्षा वस्तुओं के उत्पादन में भारत के साथ साझेदारी करने की इच्छा व्यक्त की थी; और स्पष्ट रूप से कहा था कि वे रक्षा वस्तुओं के उत्पादन में वैश्विक मूल्य श्रृंखला में भारत को एक महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में देखते हैं।

गौरतलब है कि 2 अप्रैल, 2025 को अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यालय ने विभिन्न देशों से आने वाले सामानों पर उच्च टैरिफ लगाने की घोषणा की, जिसे वे पारस्परिक टैरिफ कहते हैं। चूंकि विभिन्न देश अमेरिका से आने वाले सामानों पर अलग-अलग टैरिफ लगाते हैं, इसलिए राष्ट्रपति ट्रंप ने भी विभिन्न देशों पर अलग-अलग टैरिफ लगाने का विकल्प चुना है। इस संदर्भ में, राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर 27 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की है, जिसका अर्थ है कि भारत से अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले सामानों पर 27 प्रतिशत टैरिफ लगेगा। यह महत्वपूर्ण है कि ट्रंप ने चीन पर पहले 54 प्रतिशत टैरिफ लगाया था, जबकि वियतनाम पर 46 प्रतिशत, श्रीलंका पर 44, थाईलैंड पर 36, ताइवान पर 32, दक्षिण अफ्रीका पर 30 और जापान पर 24 प्रतिशत पारस्परिक टैरिफ लगाया गया। इसके अलावा, अमेरिकी प्रशासन ने धमकी दी कि अगर कोई देश भी अमेरिका से आयात पर जवाबी कार्यवाही कर टैरिफ बढ़ाता है तो वे भी टैरिफ और भी बढ़ा देंगे। इस संदर्भ में, चीन की जवाबी कार्रवाई और अमेरिका से आयात पर टैरिफ बढ़ाने के फैसले के बाद, ट्रंप प्रशासन ने चीन से आयात पर उसके बाद 104 प्रतिशत टैरिफ लगाने का फैसला किया। हालांकि, एक हफ्ते से भी कम समय में, 8 फरवरी को राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने कदम वापस ले लिए और पारस्परिक टैरिफ को 90 दिनों के लिए रोक दिया, और कहा कि अब 75 देशों पर मात्र 10 प्रतिशत पारस्परिक शुल्क ही लगेगा, लेकिन चूंकि चीन ने जवाबी कार्रवाई की है, ट्रंप ने उस पर पहले 104 और फिर 145 और उसके बाद में तो 245 प्रतिशत का पारस्परिक टैरिफ लगा दिया है। हाल ही में चीन और अमेरिका में कुछ सहमति बनने के बाद अमेरिका ने चीन पर टैरिफ घटाकर 30 प्रतिशत और 10 प्रतिशत कर दिया है। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यह तर्क देते हैं कि दूसरे देश अमेरिकी सामानों पर ज्यादा टैरिफ लगाते हैं, जबकि अमेरिका विदेशों से आने वाले सामान पर कम



टैरिफ लगाता है। इससे अमेरिका को नुकसान होता है। उनका कहना है कि उन्हें अमेरिका में उद्योगों को पुनः स्थापित कर अमेरिका को पुनः महान बनाना है, लेकिन उनका यह तर्क इसलिए गलत है, क्योंकि भारत समेत दूसरे देश अमेरिकी सामान पर अधिक टैरिफ डब्ल्यूटीओ में हुए समझौतों के अनुरूप लगाते हैं। उदाहरण के लिए भारत अपने देश में आने वाले सामानों पर 50.8 प्रतिशत भारित टैरिफ लगाने का अधिकारी है। हालांकि भारत वास्तव में मात्र 6 प्रतिशत भारित टैरिफ ही लगाता है।

भारत समेत अन्य विकासशील देशों को ज्यादा टैरिफ लगाने की अनुमति इसलिए दी गई थी क्योंकि डब्ल्यूटीओ में हुए समझौतों में भारत समेत अन्य विकासशील देशों को मात्रात्मक नियंत्रण लगाने, अपने लघु उद्योगों के संरक्षण करने, कृषि को अंतरराष्ट्रीय व्यापार नियमों से अलग रखने, अपना बौद्धिक संपदा एवं विदेशी निवेश को नियमित करने हेतु कानून बनाने की स्वतंत्रता समेत कई अधिकारों से वंचित होना पड़ा था। इसके बदले में उन्हें अमेरिका और अन्य विकसित देशों की तुलना में ज्यादा टैरिफ लगाने का अधिकार मिला था। ट्रंप द्वारा टैरिफ युद्ध के बाद वह अधिकार भी छिन रहा है। यह भी कहा जा सकता है कि ट्रंप के द्वारा पारस्परिक टैरिफ लगाने से डब्ल्यूटीओ में हुए समझौतों को ही नकारा जा रहा है। अब समय आ गया है कि जब अमेरिका जैसे विकसित देश डब्ल्यूटीओ की अवहेलना कर रहे हैं, तो हमें भी डब्ल्यूटीओ में ट्रिप्स समेत अन्य शोषणकारी समझौतों से बाहर आने की रणनीति के बारे में सोचना चाहिए। ध्यातव्य है कि डब्ल्यूटीओ से पहले, भारत लगभग 10000 वस्तुओं के आयातों पर मात्रात्मक नियंत्रण लगाता था, लेकिन डब्ल्यूटीओ समझौतों के कारण संभव नहीं रहा। डब्ल्यूटीओ के विघटन के बाद अब मात्रात्मक नियंत्रण लगाना संभव हो सकेगा, जिससे हमें अपने उद्योगों को संरक्षित एवं संवर्धित करना संभव हो सकेगा। अमेरिका की हठधर्मिता के चलते, यदि डब्ल्यूटीओ समाप्त होता है तो ऐसी स्थिति में, हम आरक्षण की नीति को फिर से लागू करके अपने छोटे उद्योगों की रक्षा और संवर्धन के लिए कुछ ऐसे उत्पादों को छोटे उद्योगों के लिए आरक्षित कर, विकेंद्रीकरण और रोजगार सृजन के लिए एक बड़ा प्रयास कर सकते हैं। अब जबकि ट्रंप ने दुनियाभर से आयात पर टैरिफ लगा दिया है, तो हमें इस स्थिति का लाभ उठाने के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय व्यापार की रणनीति बनानी होगी। ऐसे कई क्षेत्र हैं जिन्हें लाभ हो सकता है, क्योंकि हमारे निर्यात को अमेरिका में नए बाजार मिल सकते हैं, जबकि चीन के निर्यात को ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाए गए उच्च पारस्परिक टैरिफ के कारण नुकसान हो सकता है। चूंकि यूरोपीय संघ और अन्य देश वैश्विक मूल्य श्रृंखला में नई साझेदारी के लिए आगे आ रहे हैं, रक्षा जैसे क्षेत्रों में, हमें बहुत लाभ हो सकता है। नए परिदृश्य में, भारत को बहुपक्षीय व्यापार समझौतों के बजाय द्विपक्षीय व्यापार समझौतों के साथ विदेशी व्यापार को बढ़ाना चाहिए। हालांकि, अमेरिका और अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते करते समय, राष्ट्रीय हितों की रक्षा की जानी चाहिए।

एक तरफ जहां राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत और दूसरे देशों पर शुल्क बढ़ाए जा रहे हैं, नए परिप्रेक्ष्य में नई संभावनाएं भी जन्म ले रही हैं। चीन पर अधिक शुल्क लगाने से भारत के लिए इन देशों में संभावनाएं बेहतर हुई हैं। यही नहीं हाल ही में भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर में भारत के घरेलू प्रयास से बनी युद्ध सामग्री की मांग भी शेष दुनिया में बढ़ने की पूरी संभावना है। समझा जा सकता है कि चाहे अमेरिका द्वारा थोपा गया व्यापार और टैरिफ युद्ध हो, अथवा भारत की ऑपरेशन सिंदूर के नाते की गई कार्यवाही हो, सभी देश में उत्पादन और निवेश के नए अवसर के रास्ते खोल रहे हैं। चीन के प्रति शेष दुनिया की विमुखता, भारत के उद्यमियों के प्रयासों और दुनिया की भारत के प्रति बढ़ती रुचि, सभी भारतीय अर्थव्यवस्था में नए स्पंदन का कारण बन रही हैं।

(लेखक डीयू में प्रोफेसर रह चुके हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## हर मानव में शुभ-अशुभ इच्छाएं होती हैं



संकलित

दर्शन

शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं। कैलाश का अर्थ ही है कि जहां केवल उत्सव हो, केवल आनंद हो। श्रावण के महीने में संपूर्ण वातावरण उत्सव से भर जाता है। शिव-तत्व अपने चरम पर होता है, यह सहजता से उपलब्ध होता है। इसलिए यह मास भगवान शिव की पूजा करने के लिए सर्वोत्तम मास है। हमारे प्राचीन ऋषि अत्यंत बुद्धिमान थे। वे जानते थे कि हर मानव के भीतर इच्छाएं होती हैं, कुछ शुभ और कुछ अशुभ। जीवन में प्रगति के लिए आवश्यक है कि शुभ इच्छाएं फलित हों। विवेक के उपयोग से मनुष्य यह निर्णय ले सकता है कि कौन-सी इच्छाएं उसके लिए लाभदायक हैं और उन इच्छाओं को प्राप्त करने के लिए क्या कार्य कर सकता है। लेकिन कभी-कभी ऐसा भी हो सकता है कि व्यक्ति चाहे कितना भी प्रयत्न कर ले, लेकिन वह अपने इच्छित लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाता है। उसे मार्ग में अनेक बाधाओं का सामना करना पड़ता है। कारण विविध हो सकते हैं, कुछ अत्यंत सूक्ष्म, कुछ अधिक सूक्ष्म नहीं। ऋषियों ने इस समस्या पर विचार किया और एक अद्भुत समाधान निकाला। उन्होंने मानव कल्याण के लिए संकल्प और पूजा की प्रक्रिया तैयार की। पूजा आरंभ करने से पूर्व पूजा करने वाले यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। संकल्प वह विशिष्ट उद्देश्य है, जिसके लिए पूजा आयोजित की जा रही है। संकल्प का उच्चारण करने से पहले स्थान (देश) और समय (काल) को परिभाषित किया जाता है, जहां पूजा आयोजित की जा रही है।

## श्रीकृष्ण ने अर्जुन को भ्रम से बचने की सलाह दी



संकलित

प्रेरणा

महाभारत युद्ध की तैयारियां पूरी हो चुकी थीं। कुरुक्षेत्र में कौरव और पांडव पक्ष की सेनाएं आमने-सामने खड़ी थीं। संख्या और शक्ति के हिसाब से कौरवों की सेना ज्यादा अच्छी दिख रही थी। जब अर्जुन ने कौरव पक्ष में अपने परिवार, कुटुंब के लोगों को देखा तो वे भ्रमित हो गए। अर्जुन ने अपने सारथी यानी श्रीकृष्ण से रथ को दोनों सेनाओं के बीच में ले जाने के लिए कहा। श्रीकृष्ण रथ लोग युद्ध मैदान के बीच में ले गए। वहां पहुंचकर अर्जुन ने भीष्म पितामह, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य जैसे यौद्धाओं को देखा। इन सभी को देखकर अर्जुन ने युद्ध करने का विचार ही छोड़ दिया और अपने धनुष-बाण नीचे रख दिए। अर्जुन ने श्रीकृष्ण से कहा कि मेरे कुटुंब के सभी लोग मेरे सामने खड़े हैं, मैं उनसे युद्ध नहीं कर सकता।श्रीकृष्ण समझ गए कि अर्जुन भ्रम में फंस गए हैं। उस समय श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया। भगवान ने समझाया कि जब लक्ष्य बड़ा हो तो सभी बातें चल सकती हैं, लेकिन भ्रम नहीं चल सकता है। तुम्हें अपने सारे भ्रम छोड़कर सिर्फ अपने कर्म पर ध्यान देना चाहिए। जब हम अपने काम अधूरे मन और भ्रम के साथ करते हैं तो सफलता नहीं मिलती है। सफलता चाहते हैं तो सभी भ्रम दूर करते हुए, अपने काम पूरे मन से और एकाग्रता के साथ करना चाहिए।

## सटाका




## आज की पाती

### बढ़ती समस्याओं का कारण सादगी का अभाव

आज लोग दूसरों को धोखा देने के नए-नए रास्ते निकाल लेते हैं, मगर इससे जीवन में शांति नहीं आ सकती। शांति के लिए सादगी के साथ-साथ स्वावलंबन भी आवश्यक है। कबीर महात्मा होकर भी कपड़ा बुनते थे। गांधी जी अपना कार्य स्वयं अपने हाथों से करते थे। साबरमती आश्रम के निवासियों को स्वावलंबन की शिक्षा पहले दी जाती थी। अमरीका के प्रसिद्ध उद्योगपति हेनरी फोर्ड के जीवन की एक घटना हमें बताती है कि अमरीकावासी घरेलू नौकर से काम कराने के बजाय अपना काम स्वयं करना अधिक पसंद करते हैं। जब तक मानव छोटे-छोटे कामों के लिए दूसरों का मुंह ताकेगा, वह सुखी नहीं हो सकता। जीवन को सरल, सादगीपूर्ण व स्वावलंबी बनाते हुए, अपने विचारों की उच्चता में ही जीवन की सफलता है।

*– प्रकाश उपाध्याय, धमतरी*

## ट्रेंड

### जीरो टोलरेंस नीति पर चर्चा



विदेश मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति की बैठक की अध्यक्षता की। ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ भारत की शून्य-सहिष्णुता नीति पर चर्चा की। इस संबंध में एक मजबूत और एकजुट संदेश भेजने के महत्व को रेखांकित किया।

**-एस. जयशंकर, केंद्रीय मंत्री**

### कस्तूरबा विद्यालय संबल बना



वंचित तबके की वे बालिकाएं, जिनका ड्रॉप आउट रेट सर्वाधिक था, उन्हें कस्तूरबा विद्यालयों ने एक संबल दिया। उत्तर प्रदेश, स्कूली शिक्षा का एक नया मॉडल देने जा रहा है। शिक्षा तो आधारशिला होती है। बेसिक शिक्षा परिषद इनोवेशन का केंद्र बिंदु बना है।

**-योगी आदित्यनाथ, सीएम यूपी**

### गरीबी-अमीरी के बीच खाई



भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, लेकिन गरीबी-अमीरी के बीच की खाई का अंतर इन आंकड़ों से समझें- प्रति व्यक्ति आय के मामले में 124 वें स्थान पर। शिक्षा और स्वास्थ्य का बजट 2% से भी कम। भूख के मामले में 105 वें स्थान पर।

**-संजय सिंह, आप नेता**

### चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बने



जब मैं बिजनेस स्कूल में था, तो भारत का जीडीपी में जापान से आगे निकल जाना एक दूर की कौड़ी, दुस्साहसिक सपने जैसा लगता था। आज, वह मील का पत्थर अब सैद्धांतिक नहीं रह गया है-हम दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं

**-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति**

## करंट अफेयर

### पोत का जलावतरण विफल अधिकारी लिए हिरासत में

उत्तर कोरियाई प्राधिकारियों ने हाल में नौसेना के विध्वंसक पोत का जलावतरण असफल रहने के मामले में चार अधिकारियों को हिरासत में लिया है। देश के सरकारी मीडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने जलावतरण के दौरान पोत के क्षतिग्रस्त होने की घटना पर नाराजगी जताते हुए कहा था कि यह आपराधिक लापरवाही के कारण हुआ है। उत्तर कोरिया की नौसेना के लिए अहम माना जा रहा 5,000 टन वजनी विध्वंसक युद्धपोत अपने जलावतरण समारोह के दौरान पिछले सप्ताह बुधवार को क्षतिग्रस्त हो गया था। इस कार्यक्रम में उत्तर कोरिया के नेता किम भी शामिल हुए थे। उपग्रह से प्राप्त तस्वीरों में पोत स्थल पर एक ओर पड़ा हुआ और नीले रंग के कवर से ढका नजर आ रहा था। पोत के कुछ हिस्से पानी में डूबे दिख रहे थे। देश के दूसरे ज्ञात विध्वंसक युद्धपोत के जलावतरण में विफलता किम के लिए शर्मिंदगी की बात है। किम अमेरिकी नेतृत्व वाली सैन्य चुनौतियों से निपटने के लिए नौसैनिक बलों को मजबूत करने पर जोर देते हैं। उत्तर कोरिया ने पिछले महीने अपने पहले विध्वंसक पोत का जलावतरण किया था। यह भी 5,000 टन वजनी पोत है।



## ऑफ बीट

### अधिकतर लोग मरने के बाद 'डिजिटल विरासत' छोड़ते हैं

कल्पना कीजिए कि आप अपने किसी उस प्रियजन की याद में आयोजित कार्यक्रम के लिए संगीत का चयन कर रहे हैं जिसकी मृत्यु हो गई है लेकिन आपको उसका पसंदीदा गीत याद नहीं आ रहा। डिजिटल विरासत को आमतौर पर दो श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है: डिजिटल संपत्तियां और डिजिटल उपस्थिति। डिजिटल संपत्तियों में आर्थिक मूल्य वाली सामग्री शामिल हैं। उदाहरण के लिए डोमेन नाम, वित्तीय खाते, मुद्रीकृत सोशल मीडिया, ऑनलाइन व्यवसाय, वर्चुअल मुद्राएं, डिजिटल सामग्री और व्यक्तिगत डिजिटल आईपी। इन तक पहुंच पासवर्ड या गोपनीयता कानूनों के तहत प्रतिबंधित होती है। डिजिटल उपस्थिति में ऐसी सामग्री शामिल होती है जिसका कोई मौद्रिक मूल्य नहीं है लेकिन इसका व्यक्तिगत महत्व बहुत बड़ा हो सकता है। उदाहरण के लिए, हमारी तस्वीर और वीडियो, सोशल मीडिया प्रोफाइल, ईमेल या 'चैट थ्रेड' और 'क्लाउड' या सोशल मीडिया मंच सेवाओं में संग्रहीत अन्य सामग्री। यह डेटा हमारी प्राथमिकताओं, शौक और दैनिक जीवन की प्रणाली को दर्शाता है। यह सब मौत के बाद डिजिटल जीवन पर हमारी पहचान, गोपनीयता और कॉरपोरेट अधिकार के बारे में व्यावहारिक और नैतिक दोनों तरह के सवाल उठाता है।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

बाउंसर्स का जुलूस निकालते समय बड़ी संख्या में मौजूद रहा पुलिस बल

# पत्रकारों से मारपीट के आरोपियों का निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के डॉ. भीमराव अंबेडकर अस्पताल (मेकाहारा) में पत्रकारों के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को अरेस्ट किया है। सोमवार को जयस्तंभ चौक से सभी आरोपी बाउंसरों का जुलूस निकाला गया। इस मौके पर पुलिस के सीनियर अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

**पत्रकारों ने किया था विरोध प्रदर्शन**

### खबर की रिपोर्टिंग से रोका गया



अस्पताल परिसर में पत्रकारों को चाकूबाजी से पीड़ित वर्ग की रिपोर्टिंग करने से रोका गया। मामला तब और बढ़ गया जब बाउंसर सप्लाई करने वाली एजेंसी का संचालक वसीम अस्पताल में पिस्तौल लेकर पहुंच गया। उसने अपने तीन बाउंसर के साथ मिलकर पत्रकारों को धमकाया। इतना ही नहीं पुलिस की मौजूदगी में महिला सुरक्षाकर्मियों को अस्पताल के गेट से बाहर निकालकर पत्रकारों को धकेला। विवाद बढ़ने पर पुलिस ने पत्रकारों को रोका। इससे गुस्साये सभी पत्रकार बाउंसर के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन पर बैठ गए। तीन घंटे के बाद भी जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो पत्रकारों ने मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया। सूचना पर रायपुर के एसएसपी लाल उमेद सिंह मौके पर पहुंचे।

### अस्पताल के अधीक्षक ने घटना के लिए मांगी माफी

*इसके बाद अस्पताल के अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर सीएम हाउस गेट पर पहुंचे। उन्होंने दुर्व्यवहार को लेकर माफी मांगी। कहा कि अस्पताल की सुरक्षा में लगी कॉल मी सर्विस के टेंडर को निरस्त करने की अनुशंसा को लेकर सरकार को पत्र लिखेंगे। वहीं धरने पर बैठे रायपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर से स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने फोन पर बातचीत की। इस पर मंत्री ने कहा कि पत्रकारों को इस तरह से धमकाने वाले लोगों को मिट्टी में मिला दिया जाएगा। मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद पत्रकारों ने धरना स्थगित किया।*

घटना के बाद परिजनों के साथ झाड़फूंक के चक्कर में हुई देरी

# जमीन पर सो रही महिला की सर्पदंश से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुर




ज़िले के कुनकुरी थाना क्षेत्र से सर्पदंश की खबर सामने आई है। विशेष पिछड़ी जनजाति कोरवा समाज की एक 49 वर्षीय महिला सनारी बाई की सर्पदंश से मौत हो गई। घटना 25-26 मई की दरम्यानी रात तीन बजे की है, जब लोटापानी गांव में ज़मीन पर सो रही महिला को जहरीले करैत सांप ने डस लिया। सर्पदंश के बाद सनारी बाई ने अस्पताल जाने की बजाय झाड़फूंक का सहारा लिया। वह तीन बजे रात अपने नाती के साथ डेढ़ किलोमीटर पैदल चलकर झाड़फूंक कराने पहुंची। छह बजे तक झाड़फूंक चलता रहा, तभी वह बेहोश हो गई। मितानिन की मदद से एंबुलेंस बुलाई गई और उसे कुनकुरी के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां मौजूद डॉक्टर ने हालत गंभीर देखकर होलीक्रॉस अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन मृतिका के दामाद लखपति कोरवा के अनुसार, वहां इलाज करने की बजाय कहा गया कि सरकारी अस्पताल में बेहतर दवाई मिलेगी और उसे लौटा दिया गया। आखिरकार सरकारी अस्पताल में ही महिला ने दम तोड़ दिया। कुनकुरी बीएमओ डॉ. के. कुजूर ने बताया कि अस्पताल में 200 बाउल एंटी स्नैक वेनम उपलब्ध हैं। उन्होंने माना कि झाड़फूंक के कारण इलाज में देरी हुई। साथ ही लोगों से अपील की कि ज़मीन पर न सोएं और सर्पदंश होने पर सीधे अस्पताल पहुंचें। अब बड़ा सवाल ये है कि क्या एक आदिवासी महिला की मौत के लिए सिर्फ अंधविश्वास ज़िम्मेदार है?

सार्थक और सफल रहा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन का दो दिवसीय नई दिल्ली प्रवास

# मप्र को देश के अग्रणी राज्यों की प्रथम पंक्ति में स्थापित करने के लिए राज्य सरकार संकल्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**मप्र विकास और लोक कल्याण के संकल्प पथ पर अग्रसर**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सौजन्य भेंट एवं चर्चा की। इसके पहले शनिवार को नीति आयोग की गवर्निंग बॉडी की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी की मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. यादव सहित अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों से भेंट हुई थी। मुख्यमंत्री ने रविवार को शीर्ष नेताओं की उपस्थिति में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री का दो दिवसीय नई दिल्ली प्रवास सार्थक और सफल रहा।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग की शासी परिषद (गवर्निंग काउंसिल) की 10वीं बैठक में शामिल हुए। यह बैठक 'विकसित राज्य फॉर विकसित भारत@2047' थीम पर केंद्रित थी। मुख्यमंत्री ने बैठक में शामिल होकर प्रधानमंत्री मोदी का मार्गदर्शन प्राप्त किया और इस बैठक को भारत के भविष्य निर्माण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल बताया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में सभी राज्य 'टीम इंडिया' की भावना के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज मप्र विकास और लोक कल्याण के संकल्प पथ पर अग्रसर है। निरंतर नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के 'विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण के विजन से प्रेरित होकर मप्र को देश के अग्रणी राज्यों की प्रथम पंक्ति में स्थापित करने के लिए राज्य सरकार संकल्पित है।

**प्रधानमंत्री मोदी से मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की भेंट**

**गवर्निंग काउंसिल की 10वीं बैठक में शामिल हुए सीएम**

### प्रदेश में संपन्न महत्वपूर्ण विकास कार्यों पर प्रस्तुति

नीति आयोग की बैठक में मप्र सरकार की ओर से विभिन्न विकास परक कार्यों और योजनाओं की उपलब्धि विस्तार से सबके सामने रखी गई। बैठक में सभी सहभागियों ने एक स्वर में वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत की अर्थव्यवस्था को 30 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। मप्र देश की अर्थव्यवस्था में 2 ट्रिलियन डालर का योगदान देगा। प्रधानमंत्री ने राज्यों से आह्वान किया कि इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए सभी राज्य अपना-अपना योगदान दें। जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से गरीब, किसान (अन्नदाता), महिला और युवाओं को लाभ दिया जाए। मेड इन इंडिया (स्वदेशी) को बढ़ावा देते हुए स्वास्थ्य से लेकर सभी क्षेत्रों में योजनाएं तैयार की जाएं।

### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दी और उनका आभार माना। अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भी प्रधानमंत्री को बधाई दी। आधुनिक तकनीक की मदद से आतंकियों को उनके घर में घुसकर मारना एक बड़ी उपलब्धि है। मुख्यमंत्री की नई दिल्ली प्रवास के दौरान अनेक राष्ट्रीय नेताओं, अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों, मध्यप्रदेश के सांसदगण, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से मुलाकात और बातचीत हुई।

### समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ने वाला संवाद कार्यक्रम मन की बात

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री मोदी के राष्ट्रवासियों से निरंतर संवाद के माध्यम 'मन की बात' के 122वीं कड़ी का रविवार को नई दिल्ली प्रवास के दौरान श्रवण किया। मुख्यमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम का श्रवण करने के पश्चात कहा कि मन की बात कार्यक्रम जन संवाद का अनूठा माध्यम है। यह कार्यक्रम राष्ट्र निर्माण की दिशा में सामूहिक चेतना जागृत करने का अनुपम प्रयास है। प्रधानमंत्री मोदी का मन की बात कार्यक्रम युवा शक्ति, ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, गरीब कल्याण, पर्यावरण संरक्षण और नवाचार से लेकर समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ने वाला संवाद कार्यक्रम है, जो राष्ट्रवासियों को नई ऊर्जा और दिशा देता है। प्रधानमंत्री के ओजस्वी, प्रेरणादायक और दूरदर्शी विचार राष्ट्र सेवा, सामाजिक जागरूकता और जनहित में कार्य करने की सतत प्रेरणा देते रहते हैं।*

बेरला थाना क्षेत्र के पाहंदा गांव का मामला, आरोपी गिरफ्तार

# शराब पिलाने की बात पर युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिले में शराब पिलाने की बात को लेकर हुए विवाद में एक आरोपी ने युवक के साथ जमकर मारपीट की। युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। पूरा मामला बेमेतरा जिले के बेरला थाना क्षेत्र के पाहंदा गांव का है। बेरला थाना प्रभारी टीआई कृष्णकांत सिंह ने बताया कि 22 मई को शाम लगभग 5:30 बजे गांव के दीपक निषाद ने शराब पिलाने की बात को लेकर मृतक रमेश साहू के साथ गाली-गलौच की। जान से मारने की



धमकी देते हुए लात-मुक्का और पत्थर से हमला कर घायल कर दिया। इस मामले में आरोपी दीपक निषाद के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान जानकारी मिली कि घायल रमेश साहू का उपचार मेकाहारा अस्पताल रायपुर में चल रहा था, जहां उनकी मौत हो गई। थाना मौदहापारा रायपुर से प्राप्त मर्ग डायरी के आधार पर थाना बेरला में धारा 194 बीएनएस के तहत असल मर्ग कायम कर जांच की गई। मर्ग जांच में गवाहों के बयान व साक्ष्यों के आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि आरोपी दीपक निषाद उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम पाहंदा ने मृतक रमेश साहू को शराब पिलाने से मना करने पर गुस्से में आकर मारपीट की, जिससे सिर सहित अन्य अंगों में गंभीर चोटें आईं, जिनके कारण उपचार के दौरान मौत हो गई। विवेचना में आरोपी पर धारा 103(1) बीएनएस को भी जोड़ा गया।कल 25 मई रविवार को देर शाम आरोपी दीपक निषाद को गिरफ्तार कर न्यायालय में न्यायिक रिमांड के लिए प्रस्तुत किया गया।

# कांग्रेस के जिला अध्यक्षों का चयन करने एआईसीसी ने नियुक्त किए 50 ऑब्जर्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा जिला कांग्रेस अध्यक्षों के चयन के लिए 50 पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। यह पहल गुजरात मॉडल की तर्ज पर लागू की जा रही है, जिसे कांग्रेस संगठन के लिए अत्यंत सफल और प्रभावी माना गया है।

इस अभियान का नाम संगठन सृजन अभियान रखा गया है, जिसका उद्देश्य कांग्रेस पार्टी की जड़ों को गांव-गांव तक मजबूत करना, कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका में लाना तथा संगठनात्मक ढांचे को नए नेतृत्व के साथ सशक्त बनाना है। संगठन महामंत्री डॉ. संजय कामले ने बताया कि एआईसीसी के पर्यवेक्षक प्रदेश के सभी जिलों में जाकर संगठनात्मक स्थिति का गहराई से मूल्यांकन करेंगे। स्थानीय कार्यकर्ताओं, ब्लॉक एवं जिला स्तरीय नेताओं से संवाद करेंगे और निष्पक्षता व क्षमता के आधार पर नए जिला अध्यक्षों की सिफारिश करेंगे। जिन पर्यवेक्षकों की नियुक्ति हुई हैं, उनमें सप्तगिरि शंकर उल्का, गुरदीप सिंह, अखिलेश प्रसाद सिंह, मोहम्मद आरिफ नसीम खान, यशोमती ठाकुर, आराधना मिश्रा, सुखदेव भगत, भजनलाल जाटव, राहुल कास वान, हरिश्चंद्र मीणा सहित अन्य शामिल हैं।

आईजी ने एसपी ग्रामीण को जारी किया आदेश

# थाना प्रभारी के तौर पर एसआई की जगह निरीक्षक होंगे तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल ग्रामीण के आईजी अभय सिंह ने एक आदेश जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि देहात के थानों में निरीक्षकों की तैनाती ही की जाए। पुलिस लाइन में चार निरीक्षक हैं, इसके बाद भी देहात के थानों में थाना प्रभारी के तौर पर उप निरीक्षकों की पदस्थापना है। दरअसल बैरसिया, नजीराबाद, परवलिया और गुनगा में उप निरीक्षक थाना प्रभारी है, जबकि यह निरीक्षक स्तर के थाने हैं। आदेश में पुलिस लाइन में तैनात निरीक्षक नरेन्द्र कुलस्ते, शहबाज खान और कार्यवाहक निरीक्षक गोपाल सिंह चौहान और वीरेन्द्र सेन का भी उल्लेख किया गया है। आईजी ने एसपी ग्रामीण प्रमोद सिन्हा को आदेश जारी कर कहा है कि थाना प्रभारी के स्वीकृत पद स्तर के अनुरूप ही अधिकारियों को थाना प्रभारी के तौर पर पदस्थ किया जाए। आदेश जारी करने का एक कारण यह भी माना जा रहा है कि निरीक्षक स्तर के अधिकारी मौजूद होने के बाद भी उप निरीक्षकों को थाना प्रभारी के तौर पदस्थ किया जाना व्यवहारिक नहीं है। इससे रिजर्व पदस्थ निरीक्षकों में असंतोष उत्पन्न होता है।

शादी करने की बात पर बढ़ा मामला, थाना कुकदूर की घटना

# युवती का गला दबाया और गुफा में छिपाकर भागे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कबीरधाम




जिले के थाना कुकदूर ने हत्या का प्रयास और बंधक बनाए जाने के मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपी को गिरफ्तार में किया गया है। ये मामला 21 मई का है। एसडीओपी पंडरिया भूपत सिंह धनेश्रि ने बताया कि एक युवती अपनी रिश्तेदारी की एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए ग्राम मुनमुना थाना कुकदूर क्षेत्र में आई थी। 22 मई की शाम वह अपने पुराने परिचित रवि मरकाम के घर चली गई, जहां उस समय रवि मौजूद नहीं था। रवि ने बाद में उसे कॉल कर अपनी गाड़ी में अपने साथी अजीत मरकाम के साथ बिठाया और उसे बदौरा जंगल की ओर ले गया। जंगल में दोनों के बीच शादी कर साथ रहने की बात को लेकर विवाद हुआ। इस दौरान रवि ने युवती से मारपीट की और दुपट्टे से गला दबा दिया। जिससे वह बेहोश हो गई। मरा हुआ समझकर युवती को जंगल के एक पत्थरनुमा खोह (गुफा) में छुपाकर भाग गए।

### पिकनिक मनाने आए लोगों ने की मदद

*23 मई की शाम को पंडरिया क्षेत्र के कुछ युवक पिकनिक मनाने बदौरा जंगल पहुंचे, जहां उन्हें युवती की हल्की आवाज सुनाई दी। युवकों ने साहस और सजगता दिखाते हुए उसे बाहर निकाला। 112 की टीम द्वारा युवती को सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पंडरिया ले जाया गया, जहां से युवती को जिला अस्पताल रेफर किया गया। हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। फिलहाल, युवती विस्तृत बयान देने की स्थिति में नहीं है। प्रारंभिक पूछताछ में युवती द्वारा उक्त घटनाक्रम की जानकारी दी गई है।*

### दोनों आरोपियों को किया गिरफ्तार

*पूछताछ और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर अन्य धाराएं भी जोड़ी जा सकती हैं। वारदात में शामिल दोनों आरोपी रवि मरकाम पिता बुद्ध सिंह मरकाम उम्र 20 वर्ष निवासी मुनमुना व अजीत मरकाम को हिरासत में लेकर थाना कुकदूर में भारतीय न्याय संहिता की धारा 109(1), 140(2) के तहत अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई। दोनों आरोपियों को बीते रविवार की देर शाम गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया है। जिले के एडिशनल एसपी पुष्पेंद्र बघेल ने नागरिकों से अपील किया है कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध या आपराधिक गतिविधियों की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय पर कार्रवाई कर पीड़ितों को न्याय दिलाया जा सके। पिकनिक में गए युवकों की सराहना की है। उनकी तत्परता से एक युवती की जान बच गई जो सराहनीय है।*

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने भोपाल में सुना मन की बात कार्यक्रम

**विष्णुदत्त ने कहा ऑपरेशन सिंदूर से देशवासियों का दिल गर्व से भरा**

# पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बना: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने रविवार को खटलापुरा मंदिर परिसर, जहांगीराबाद में पीएम नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को सुना। कार्यक्रम के बाद उन्होंने कहा कि पीएम मोदी एवं केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह आतंकवाद को समाप्त करने के लिए पूरे सकंल्प के साथ जुटे हैं। देश की 140 करोड़ जनता का संकल्प है कि आतंकवाद पूरी दुनिया से समाप्त होगा और इसकी शुरुआत हो गई है।

ऑपरेशन सिंदूर में सेना के पराक्रम से देशवासियों का दिल गर्व से भर गया है। तिरंगा यात्रा से देशभक्ति का जज्बा हर भारतीय में देखा जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज भारत दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बन गया है। यह देश के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। यह उपलब्धि ऐसे समय में आई है, जब भारत ने दुश्मन देश को घुटने टेकने पर मजबूर किया है, इसलिए यह उपलब्धि और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। इससे यह स्पष्ट होता है कि पीएम मोदी जो कहते हैं, वह करते हैं। भारत बहुत जल्दी विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था वाला देश भी बनेगा।



### पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर किया

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद हमारी सेनाओं के पराक्रम से पाकिस्तान को घुटने टेकने के लिए मजबूर किया। उन्होंने देश में वोकल फॉर लोकल अभियान शुरू किया, उसे आज हर भारतवासी ने अपनाया है। ऑपरेशन सिंदूर में भी मेक इन इंडिया और मेड इन इंडिया ने अपना लोहा मनवाया है। घूमने और शादी के लिए भारत के डेस्टिनेशन चुनने को लेकर बात की है। अब लोग अगर छुट्टियों में कहीं घूमने जाना चाहते हैं तो विदेशों में नहीं भारत के डेस्टिनेशन में जाना चाहते हैं। मन की बात में पीएम ने ड्रोन दीदी, लखपति दीदी का जिक्र कर कहा कि हमारी बहनों का आजीविका, रोजगार का बड़ा माध्यम बन गया है। उन्हे ड्रोन ऑपरेटर नहीं, स्काई वॉरियर्स का नाम दिया गया है।*

तीन जेसीबी की मदद से 21 दुकान व घर गिराए

# अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सूरजपुर

छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले के भैयाथान मार्ग पर लगे बसदेई चौक के मुख्य मार्ग पर सड़क मद की सरकारी जमीन पर वर्षों से कब्जा जमाए बैठे घरों और दुकानों पर जिला प्रशासन ने बड़ी कार्यवाही की है। प्रशासन की टीम ने तीन जेसीबी से 21 दुकानों व घरों को ध्वस्त किया है। इस दौरान प्रभावित परिवारों में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में लोग अपना सामान बचाने में जुट गए। मौके पर मौजूद लोगों का दर्द साफ देखा गया, क्योंकि कई परिवारों का वर्षों पुराना आशियाना और आजीविका का साधन इस कार्रवाई की भेंट चढ़ गया।

### नोटिस के बावजूद नहीं हटाया अतिक्रमण

*जिला प्रशासन से जुड़े सूत्रों ने बताया कि बसदेई चौक पर सड़क मद की जमीन पर अवैध कब्जे को हटाने के लिए एक महीने पहले नोटिस जारी किया गया था। इसके बाद बीते दिन एक और नोटिस देकर अतिक्रमणकारियों को जमीन खाली करने की अंतिम चेतावनी दी गई थी। बावजूद इसके, कई दुकानदारों और परिवारों ने नोटिस को गंभीरता से नहीं लिया। नतीजतन, प्रशासन को सख्त कदम उठाना पड़ा।*

### कार्रवाई के दौरान बनी हड़कंप जैसी स्थिति

*आज जैसे ही जिला प्रशासन, पुलिस बल, एसडीएम सूरजपुर, तहसीलदार और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम बसदेई चौक पहुंची, वहां अफरा-तफरी मच गई। करीब तीन जेसीबी मशीनों की गड़गड़ाहट के बीच प्रभावित परिवार अपने सामान को बचाने के लिए भागदौड़ करते नजर आए। करीब आधा दर्जन दुकानें भी इस कार्रवाई की जद में आईं, जिन्हें ध्वस्त कर दिया गया।*

बड़वानी जिले के लोटनपुर में गुजराती समाज के कार्यक्रम में पहुंचे राज्यपाल

# वनों को समाप्त करने का दुष्परिणाम है जलवायु परिवर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**वर्तमान समय में मौसम के बदलते स्वरूप के लिए पेड़ लगाना अत्यंत आवश्यक**

वर्तमान समय में मौसम कुछ ऐसा चल रहा है कि सुबह ठंड लगती है, दोपहर में तेज गर्मी एवं शाम होने तक बारिश होने लगती है। यह सब जलवायु परिवर्तन के कारण हो रहा है। जलवायु परिवर्तन के लिए हम मनुष्य ही दोषी हैं, क्योंकि हमने वनों को काटकर उन्हें समाप्त कर दिया है।

प्रकृति ने हर मौसम के लिए चार माह का समय निर्धारित किया है, परन्तु मनुष्य ने अपने स्वार्थ के लिए वनों को समाप्त कर प्रकृति के चक्र में अवरोध उत्पन्न किया है। वर्तमान में मौसम का जो स्वरूप है, उसके लिए यह आवश्यक है कि हम सभी अधिक से अधिक पौधे लगाकर प्रकृति का पुनः श्रृंगार करें। राज्यपाल पटेल ने यह बात रविवार को बड़वानी जिले की राजपुर तहसील के ग्राम पंचायत इंदरपुर के ग्राम लोटनदेव में गुजराती चारण समाज न्यास की ओर से आयोजित कार्यक्रम के दौरान कहीं।

### प्रकृति ने हमें बहुत कुछ दिया

राज्यपाल पटेल ने कहा कि प्रकृति ने हमें बहुत कुछ दिया है, परन्तु मनुष्य ने तो सिर्फ लिया ही लिया है। प्रकृति में मनुष्य की हर राशि, नक्षत्र के हिसाब से भी पेड़ निर्धारित हैं। अगर हर व्यक्ति वर्षाकाल में मात्र दो ही पौधे लगाकर उन्हें बड़ा करे तो जलवायु परिवर्तन की स्थिति पर नियंत्रण पाया जा सकता है, अन्यथा इसी तरह वनों का दोहन होता रहा तो आने वाले समय में जलवायु परिवर्तन की भयावह स्थिति हमारे समक्ष होगी और हम उसका सामना भी नहीं कर पाएंगे।



### बेटियों को शिक्षित जरूर करें

राज्यपाल पटेल ने अपने उद्बोधन में बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि परिवार एवं समाज के उत्थान के लिए सभी लोग अपनी बेटियों को अनिवार्य रूप से शिक्षित करें, क्योंकि बेटी जब शिक्षित होगी तो वह अपने मायके एवं ससुराल दोनों का नाम रोशन करेगी। शिक्षा के कारण उसकी शादी अच्छे परिवार में होगी, जहां वह अपने बच्चों को भी शिक्षा देकर उनका भी जीवन संवारेगी। शिक्षित माता ही बच्चों में वे सभी संस्कारों को डाल सकती है, जो आगे चलकर समाज और देश की उन्नति के लिए आवश्यक है, एक शिक्षित मां 100 शिक्षकों के बराबर है।

### आवड़ माता का किया पूजन-अर्चन

ग्राम लोटनदेव पहुंचकर राज्यपाल पटेल ने सबसे पहले ग्राम में स्थित आवड़ माता के मंदिर में पहुंचकर माता का पूजन-अर्चन कर ग्रामवासियों के सुख एवं समृद्धि की कामना की। साथ ही मंदिर में उनके स्वागत में खड़ी चारण समुदाय की बालिकाओं के सिर पर हाथ रखकर उन्हें आशीर्वाद भी दिया। साथ ही राज्यपाल ने मंदिर के समीप ही त्रिवेणी (पीपल, बरगद, नीम) पौधों का भी रोपण किया। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल, चारण समुदाय के अध्यक्ष वल्लभ भाई पटेल एवं हीरालाल पाटीदार ने ग्राम नरावला के शहीद नायक बघेल की धर्मपत्नी संतोषी बघेल को पटेल मोटर्स की तरफ से चेक एवं साड़ी देकर सम्मानित किया। राज्यपाल ने कक्षा 12वीं की छात्रा सुश्री राधिका सोनी एवं 10वी की छात्रा लीना यादव को प्रशस्ति पत्र एवं चेक देकर सम्मानित किया।

# आज शनि जयंती पर होगी विशेष पूजा अर्चना

# शनि पीड़ादायक ही नहीं, भाग्य विधाता भी है

जबलपुर।

न्याय के देवता, सूर्य पुत्र शनि की जयंती मंगलवार 27 मई को पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ मनाई जायेगी। इस अवसर पर नगर के शनि मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान और भंडारे के आयोजन किये गये। शनिदेव को न्याय का देवता भी कहा जाता है वे लोगों के कर्म के हिसाब से उसका फल प्रदान करते है। पिछले कुछ वर्षो से शनि जयंती के आयोजन में लोगों की आस्था बढ़ने से भव्य आयोजन होने लगे है।



पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक हिंदू पंचांग के ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि पर शनिदेव का जन्म उत्सव मनाया जाता है, जो शनि जयंती के रूप में प्रसिद्ध है। इस दिन शनि भक्ति शनि ढैय्या, साढे साती, महादशा या कुण्डली में बने शनि के बुरे प्रभाव से मिले दुःख दरिद्र, कष्ट, संताप, संकट को दूर करने के लिए बहुत असरदार मानी गई है। शास्त्रों के मुताबिक शनिदेव पीड़ादायक ही नहीं, बल्कि भाग्य विधाता भी है। यही नहीं शास्त्रों में बताया गया है कि शनिदेव के परिवार के अन्य सदस्य भी हमारे सुख-दुख को नियत करते है। शनि जयंती के दिन मंदिरों में विशेष पूजन होंगे। शनि को प्रसन्न करने के लिए हमेशा नीला रूमाल रखे और प्रत्येक शनिवार को शनियंत्र पर तेल से उसका अभिषेक करें। बीमारी से मुक्ति न मिल रही हो तो बरगद के पेड़ में दूध डालकर 3 बार उसकी परिक्रमा करें और गीली मिट्टी से तिलक करें। शमशान में अपने वजन के बराबर लकड़ी दान करें। गौ-सेवा करें। काली उड़द के भजिये या बड़े काले कुत्तों को खिलाये। शनिवार को एक कटोरी सरसो के तेल में मुंह देखकर उसका दान करें। विवाह में बिलंब होने की स्थिति में काला काजल (सूरमा) जमीन में दबाएं। हनुमानजी पर चमेली के तेल में मिश्रित चोला चढ़ाये। इस पावन पर्व पर ऐसा करने पर शनिदेव प्रसन्न होंगे और आपके कष्टों का निवारण भी करेंगे।

### शनि धाम तिलवारा घाट में महाअनुष्ठान

श्री शनिधाम तिलवारा घाट स्थित प्राचीन शनि देव मंदिर में श्री शनि प्रकटोत्सव महापर्व बहुत धूमधाम से मनाया जाता है। हर वर्ष अनुसार इस वर्ष भी जबलपुर के सबसे प्राचीन नर्मदा तट पर स्थित शनि धाम तिलवारा घाट में शनि देव महाराज की जयंती के अवसर पर पं सतीश महाराज, पं अनिल मिश्रा ने बताया कि प्रातः ब्रम्ह मुहूर्त में अभिषेक पूजन, 8 बजे से श्री राम चरित मानस पाठ बैठकी, महाभिषेक, श्रृंगार, महाआरती, भोग अर्पित किया जाएगा, सायं 5 बजे से महाभिषेक, पुष्प श्रृंगार, और विशेष रूप से वृंदावन धाम से आये महाराज दिन भर ताजे 56 भोग बनाकर अर्पित करेंगे, हवन और महाआरती होगी, 28 मई को प्रातः 8 बजे से श्रीराम चरित मानस विश्राम, सुंदर काण्ड पाठ हवन-यज्ञ आरती प्रसाद वितरण होगा। पं सतीश महाराज ने बताया कि शनि जयंती पर विशेष रूप से सरसों तेल से बना हुआ महाभोग भक्त जनों को दिन भर अनवरत वितरित किया जाएगा।श्री शनिधाम तिलवारा मे विधि विधान से पूजन अर्चन करने का आग्रह पं सतीश महाराज, पं. अनिल मिश्रा, नितिन शर्मा ,विध्येश भापकर , नितिन भाटिया ,संजय तिवारी ने किया।

# महिलाओं ने रखा वट सावित्री का व्रत

## पीपल और बरगद की परिक्रमा की गई

**जबलपुर।** सोमवार को वट सावित्री का पर्व मनाया गया। इस दिन सुहागिनें पति की दीर्घायु और परिवार की सुख शांति के लिए वट सावित्री की पूजा करती है। वट सावित्री व्रत में 'वट' और 'सावित्री' दोनों का खास महत्व माना गया है। पीपल की तरह वट या बरगद के पेड़ का भी विशेष महत्व है। पुराणों की मानें तो वट वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु व महेश तीनों का वास है।



### वट सावित्री व्रत का महत्व

इस व्रत में बरगद पेड़ के चारों ओर घूमकर रक्षा सूत्र बांधा और आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर सुहागिनों एक-दूसरे को सिंदूर लगाती हैं। इसके अलावा पुजारी से सत्यवान और सावित्री की कथा सुनती हैं। नवविवाहिता सुहागिनों में पहली बार वट सावित्री पूजा का अलग ही उत्साह रहता है।

वट सावित्री के व्रत के दिन बरगद पेड़ के नीचे बैठकर पूजन, व्रत कथा सुनने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस व्रत में महिलाएं सावित्री-सत्यवान की कथा सुनती हैं। वट वृक्ष के नीचे बैठकर ही सावित्री ने अपने पतिव्रत से पति सत्यवान को दोबारा जीवित कर लिया था। दूसरी कथा के अनुसार मार्कण्डेय ऋषि को भगवान शिव के वरदान से वट वृक्ष के पत्ते में पैर का अंगूठा चूसते हुए बाल मुकुंद के दर्शन हुए थे, तभी से वट वृक्ष की पूजा की जाती है। वट वृक्ष की पूजा से घर में सुख-शांति, धनलक्ष्मी का भी वास होता है। वट वृक्ष रोग नाशक भी है।

### दुर्गा हनुमान मंदिर परिसर में वट सावित्री पूजन

श्री दुर्गा हनुमान मंदिर सरस्वती कालोनी में वट सावित्री मनाया गया। इस अवसर पर पुजारी पं.वीरेंद्र दुबे ने बताया इस व्रत में वट वृक्ष की पूजन का विधान है,इनमें ब्रह्मा विष्णु ओर महेश तीनों देवताओं का वास है जिसमें सावित्री माता का विशेष पूजन किया जाता है। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष देवेंद्र नेमा,राजेश शर्मा,सुनील ताम्रकार,अंकित बहरे,शकुन ठाकुर,कीर्ति चौहान,अनिता शर्मा,प्रति गुप्ता,संध्या सोनी,अनिता गुप्ता,सरिता शर्मा,संगीता अवस्थी,रचना विश्वकर्मा,तृप्ति सोनी,वर्षा पांडे,किरण विश्वकर्मा,मंजू सोनी,नीता विश्वकर्मा,अंबिका जल्होना आदि सैंकड़ों मातृ शक्ति भक्तजन उपस्थित रहे।

### शेष क्रमोन्नति/ समयमान वेतनमान जारी किया जाए

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने बताया कि प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों की क्रमोन्नति वेतनमान सूची एवं उच्च माध्यमिक शिक्षकों के समयमान वेतनमान सूची आज दिनांक तक जारी नहीं की गई है, जबकि अन्य जिलों में सूची जारी हो चुकी है, इस संबंध में जबलपुर जिले में विज्ञप्ति, ज्ञापन के माध्यम से कई बार मांग उठाई गई लेकिन अभी तक अध्यापकों की सूची का कार्य अधर में अटका हुआ है, जिससे प्राथमिक एवं माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शिक्षकों में भारी आक्रोश है। संघ के अतुल मिश्रा, नितिन अग्रवाल, रत्नेश मिश्रा, एसके प्रधान, आशीष लाल, सतेन्द्र भट्ट, वीरेन्द्र शर्मा, प्रमोद वर्मा, धन्यकुमार लोधी, संतोष पटेल, लकी तिवारी, श्रद्धा सोनी, सुनीता सोनी, रीनू सरावगी, कल्पना सूत्रकार, दीपलता ठाकुर आदि ने जिला शिक्षा अधिकारी से अधूरी सूची को पूर्ण करने की मांग की है, अन्यथा संघ उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

# प्रशिक्षण शिविर के प्रतिभागियों को वितरित किए गए प्रशस्ति पत्र

**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर में 14 खेल विधाओं के 900 प्रतिभागियों को परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता व परिषद के पदाधिकारियों ने प्रशस्ति पत्र व स्वल्पाहार सामग्री का वितरण किया।



उल्लेखनीय है कि नगर के सबसे विशाल ग्रीष्मकालीन खेल शिविर में हॉकी, फुटबाल, क्रिकेट, वालीबाल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, लॉन टेनिस, कुश्ती, शरीर सौष्ठव व फिजिकल फिटनेस, ताईक्वांडो, स्केटिंग, शूटिंग, एरोबिक्स व योग का 30 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर के समापन का आयोजन 1 जून को तरंग प्रेक्षागृह में होगा। समापन समारोह में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में 14 खेल विधाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले तीन-तीन प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर परिषद के खेल सचिव एससी घोष, सचिव कार्यालय आलोक श्रीवास्तव, प्रबंधक मानव संसाधन पराग मिश्रा व कार्यालय प्रभारी अजय उसकवार सहित सभी खेलों के 40 प्रभारी व प्रशिक्षक उपस्थित थे।

केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासिचव राजीव गुप्ता ने कहा कि इस बार ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर के उत्साहजनक व सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं। शिविर में सिर्फ विद्युत परिवार के बच्चे ही नहीं बल्कि नगर के सभी क्षेत्रों के बच्चे इसमें शामिल हुए हैं।

ग्रीष्मकालीन शिविर में प्रतिभागी बच्चे व उनके अभिभावक भी उत्साहित हैं। उनका मानना है कि केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के अनुशासित, सुव्यवस्थित व बेहतर प्रबंधन शिविर में शामिल होकर उन्हें लाभ मिला है।



# राजभाषा निरीक्षण समिति ने इग्नू का किया निरीक्षण

**जबलपुर।** विगत दिवस भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की राजभाषा निरीक्षण समिति ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र जबलपुर का राजभाषा निरीक्षण किया और इस अवसर पर अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए आयोजित हिन्दी प्रशिक्षण कार्यशाला में सभी के साथ राजभाषा नियम अधिनियम और शासकीय कार्यों में उनके अनुप्रयोग पर विस्तार से चर्चा की। तीन सदस्यीय राजभाषा निरीक्षण दल में मंत्रालय, दिल्ली से उप-निदेशक (राजभाषा) अजय कुमार झा के साथ सुश्री पूनम विमल (एसटीओ) और सुश्री सोनाली (जेटीओ) शामिल थीं। इग्नू क्षेत्रीय केंद्र की ओर से कार्यालय प्रमुख डॉ. सोमासी श्रीनिवास और सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. विवेक श्रीवास्तव ने इग्नू में हिन्दी में कार्य की विस्तृत रिपोर्ट समिति को प्रस्तुत की। समिति की ओर से श्री अजय कुमार झा ने क्षेत्रीय केंद्र के कार्यों पर संतोष जताते हुए कहा कि जन-सामान्य को शासकीय कार्यों से पारदर्शी तरीके से जोड़ कर रखने के लिहाज से हिन्दी में अधिकतम कार्य अपेक्षित है. कार्यालय प्रमुख को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि कार्यालय में राजभाषा अधिनियम 1963 और राजभाषा नियम 1976 का समुचित पालन किया जा रहा है. क्षेत्रीय निदेशक डॉ.श्रीनिवास ने समिति को आश्वस्त किया कि इग्नू में हिन्दी में के कार्य के लिए निर्धारित नियमों और लक्ष्यों के अनुरूप ही कार्य किया जाएगा. प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों का स्वागत डॉ. हरीश कुमार केवट ने किया. आभार ज्ञापन डॉ. विवेक श्रीवास्तव ने किया।

# जेएनकेविवि में जवाहर फूड ऑउलेट का हुआ उद्घाटन

## युवाओं के लिये रोजगार के लिए प्रेरित करेगा जवाहर फूड मॉडल : कुलपति

जबलपुर। जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के द्वितीय जवाहर फूड आउलेट का भव्य उद्घयाटन कुलपति प्रो. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्यआतिथ्य एवं संचालक अनुसंधान सेवाये, डॉ. जी.के कौतू की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। प्रो. प्रमोद कुमार मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि खाद्य विज्ञान विभाग की यह अनूठी और अद्वितीय पहल जहां एक ओर विश्वविद्यालय को आर्थिक एवं तकनीकी आधार देगी वही दूसरी ओर युवाओ के लिये रोजगार हेतु एक मॉडल के रुप में प्रेरणा भी देगी। डॉ. जी.के.कौतू ने बताया कि खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग का यह मॉडल वाकई अनुसंधान की दिशा में एक नया कदम है विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार के उत्पादों को विधिवत प्रोटोकॉल बनाकर तैयार किया जाता है इन उत्पादो को जवाहर फूड आउटलेट के माध्यम से जनमानस तक विक्रय द्वारा पहुॅचाने का सार्थक प्रयास किया जायेगा।



खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एस.एस. शुक्ला ने बताया कि विभाग द्वारा श्री अन्न संबर्धित खाद्य उत्पाद जैसे-कोदो चावल, कुटकी चावल, सांवा चावल, रागी आटा, मल्टीग्रेन आटा, ज्वार पास्ता, रागी पास्ता, ज्वार बिस्किट, बाजरा बिस्किट, मल्टीग्रेन आटा ब्रेड, मल्टीग्रेन मािफंस एवं टोस्ट तैयार करके जवाहर फूड आउटलेट पर विक्रय हेतु उपलब्ध कराये जायेगें।

कार्यक्रम में संचालक प्रक्षेत्र डॉ. श्रीमति अनिता बब्बर, कुलसचिव डॉ.ए.के. जैन, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा, डायरेक्टर डॉ. आनंद विश्वकर्मा, डॉ.विजय कुमार यादव, डॉ. पी.के.सिंह,, डॉ. बी.के. दीक्षित, डॉ. श्रीमति अर्चना पांडे, डॉ. श्रीमति अल्पना सिंह, डॉ. श्रीमति अनुभा उपाध्याय, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. बी.एस.द्विवेदी एवं विश्वविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी तथा छात्र बडी संख्या में उपस्थित रहे।

### हाई कोर्ट बार ने उपराष्ट्रपति धनखड़ को किया आमंत्रित

**जबलपुर।** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, जबलपुर के प्रतिनिधिमंडल ने नरसिंहपुर पहुंचकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। हाई कोर्ट बार अध्यक्ष धन्य कुमार जैन व सचिव परितोष त्रिवेदी ने उपराष्ट्रपति धनखड़ को आचार्य विद्यासागर के आशर्वाद से प्रारंभ हथकरघा में निर्मित शाल भेंट किया। साथ ही भारतीय संविधान व न्यायपालिका में अधिवक्तागण की भूमिका विषय पर आयोजित होने जा रहे राष्ट्रीय स्तर के सेमीनार में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मलित होने का आमंत्रण पत्र सौंपा। इस दौरान हाई कोर्ट बार के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित जैन, उपाध्यक्ष प्रशांत अवस्थी, संयुक्त सचिव योगेश सोनी, कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह, पुस्तकालय सचिव रजनीश उपाध्याय, कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुशवाहा, सपना तिवारी, विनोद मिश्रा, गरिमा तिवारी, रवींद्र प्रताप सिंह, प्रियंक चंसोरिया व स्मिता केहरी उपस्थित थे।

# दुर्गा हनुमान मंदिर परिसर में हुआ वट सावित्री व्रत पूजन

**जबलपुर।** ज्येष्ठमास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि दुर्गा हनुमान मंदिर प्रांगण सरस्वती कॉलोनी में सुबह से ही मातृशक्तियों द्वारा अखंड सौभाग्य और पवित्रता का प्रतीक वट वृक्ष की रक्षासूत्र रोरी चंदन सुपारी अक्षत नारियल बरगद का का फ़ल मिठाई दीपक इत्र इत्यादि अर्पण कर बड़ी श्रद्धा भाव से पूजन अर्चन आरती कर कथा सुनी।सभी ने पेड़ की परिक्रमा करते भजन गीत गाकर धूमधाम से पर्व मनाया।जहां मंदिर के पुजारी पं.वीरेंद्र दुबे ने बताया इस व्रत में वट वृक्ष की पूजन का विधान है,इनमें ब्रह्मा विष्णु ओर महेश तीनों देवताओं का वास है जिसमें सावित्री माता का विशेष पूजन किया जाता है। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष देवेंद्र नेमा,राजेश शर्मा, सुनील ताम्रकार,अंकित बहरे, शकुन ठाकुर,कीर्ति चौहान,अनिता शर्मा, प्रति गुप्ता,संध्या सोनी,अनिता गुप्ता, सरिता शर्मा,संगीता अवस्थी,रचना विश्वकर्मा, तृप्ति सोनी,वर्षा पांडे,किरण विश्वकर्मा, मंजू सोनी,नीता विश्वकर्मा, अंबिका जल्होना आदि सैंकड़ों मातृ शक्ति भक्तजन उपस्थित रहे।

### हिंदू-मुस्लिम एकता का अनूठा संदेश देखने मिला

# शानो-शौकत से निकला शाही संदल जुलूस

**जबलपुर।** हज़रत ख्वाजा अमीनुद्दीन चिश्ती कचहरी वाले बाबा साहब का शाही संदल जुलूस आज दोपहर 4 बजे नया मोहल्ला स्थित मरहूम चाँद खाँ के मकान से परंपरानुसार पूरे जोश और शानो-शौकत के साथ रवाना हुआ। संस्कारधानी में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले इस मशहूर संदल जुलूस की कयादत सज्जादानशीन बाबर खां बंदानवाजी एवं खादिम ए आला चंगेज खान अशरफी ने किया।



इस बार संदल जुलूस ने एक बार फिर संस्कारधानी की गंगा-जमुनी तहज़ीब और एकता की अनूठी मिसाल पेश की। जुलूस में राधेश्याम गुप्ता, कवि तिवारी (बालाघाट), रमेश जेतवार, फहीम सिद्दीकी, दिलीप सिंह ठाकुर, कांतिलाल गुप्ता (पचमढ़ी), मोहम्मद इस्माईल बाबा (नागपुर), नफीस मिस्त्री (कटनी), नरेश मलिक, बंटी मंसूरी, शिवम, वन्स खनेजा, अमर भाई सहित प्रदेश व शहर के सभी धर्मों के सैकड़ों लोग शामिल हुए।

शाही जुलूस में सजे-धजे ई-रिक्शों पर हरे परचम लहरा रहे थे, जो एक मनमोहक दृश्य प्रस्तुत कर रहे थे। तख्तियों पर बुजुर्गानेदीन के अनमोल कौल व उपदेश लिखे हुए थे, जो शांति और सद्भावना का संदेश दे रहे थे। बैंड बाजा, भांगड़ा और सजी हुई बग्गियां जुलूस की रौनक बढ़ा रही थीं। शहनाई वादक नातिया धुनें पेश कर रहे थे, जिससे माहौल में और भी रूहानियत घुल रही थी। अकीदतमंद कव्वालों पर नज़राना पेश कर रहे थे। शेर की पोशाक पहने हुए कलाबाज भी जुलूस में शामिल हुए, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। जुलूस में शामिल सूफ़ी हज़रात और सभी धर्मावलंबियों ने एकता, शांति और सद्भावना का सशक्त संदेश दिया। लगभग 1 किलोमीटर लंबा यह शाही जुलूस बड़ी ओमती, छोटी ओमती, पेशकारी और तहसील होते हुए दरगाह शरीफ पहुँचा, जहाँ मज़ार शरीफ़ पर चादर पोशी की गई। नज़रों-नयाज के उपरांत लंगर तबर्रुक का वितरण किया गया।

# मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी के खिलाड़ी सीख रहे ताइक्वांडो एवं जु-जित्सु के हुनर

### विभूम आदित्य बाजपेई ने खिलाड़ियों से परिचय कर बढ़ाया मनोबल

**जबलपुर।** रॉक फोर्ड सोफ्टसोल कम्प्यूटर एकेडमी महानद्दा मदन महल जबलपुर स्थित मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी ऑफ इंडिया की मुख्य शाखा महानद्दा मदन महल जबलपुर में इन दिनों चल रहे ग्रीष्मकालीन मार्शल आर्ट खेल ताइक्वांडो एवं जु-जित्सु खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें अंतरराष्ट्रीय मार्शल आर्ट खेल प्रशिक्षक राजकुमार यादव के मार्गदर्शन मध्यप्रदेश प्रशिक्षक जयराज चौधरी, शिवानी बेन, मोहित यादव द्वारा प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। ग्रीष्मकालीन मार्शल आर्ट प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों से आदित्य कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जबलपुर से प्रबंधक विभूम आदित्य बाजपेई, सानिध्य केयर फाउंडेशन महासचिव पूनम हलदार, सदस्य अभिषेक यादव ने परिचय कर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। इसी दौरान संस्था संस्थापक एवं अंतर्राष्ट्रीय मार्शल आर्ट खेल प्रशिक्षक राजकुमार यादव ने बताया कि इन दिनों खिलाड़ी खूब पसीना बहाकर मार्शल आर्ट खेल ताइक्वांडो (कोरियन कराते) एवं जु-जित्सु (जैपनीज मार्शल आर्ट) की नई-नई तकनीकों से अवगत हो रहे हैं, विशेष तौर पर रोड फाइट, अटेक डिफेंस पर विशेष जोर दिया जा रहा है जिससे कि खिलाड़ी स्वयं को शारीरिक एवं मानसिक तौर पर मजबूत कर सकें तथा खिलाड़ी मानसिक तनाव मुक्त होकर अपना बौद्धिक विकास कर सकें। साथ ही राजकुमार यादव ने बताया कि आगामी माह 8 जून को राष्ट्रीय खिलाड़ी तेजेन्द्र सिंह मसराम की स्मृति में एक दिवसीय ग्रीष्मकालीन ताइक्वांडो एवं जु-जित्सु प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।



कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.अधि./13/मुख्यालय/2025-26 एम/25
दिनांक:- 26/05/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 1. श्री वीरेन्द्र कुमार मनवानी पिता श्री नारायण दास मनवानी 2. श्रीमति पूजा मनवानी पति श्री वीरेन्द्र कुमार मनवानी मकान नं. 167/146 वार्ड भवानी प्रसाद तिवानी क्षेत्रफल 1955 व.फु. भूतल 1202 व.फु. प्रथम तल 1355 व.फु. द्वितीय तल 1355 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.अधि./13/मुख्यालय/2025-26 एम/26
दिनांक:- 26/05/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अभिषेक श्रीवास्तव पिता स्व. श्री आर.के. श्रीवास्तव मकान नं. 258/1 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान खुली भूमि - 1424 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.अधि./13/मुख्यालय/2025-26 एम/23
दिनांक:- 26/05/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति मालती विश्वकर्मा पति स्व. श्री अशोक कुमार विश्वकर्मा मकान नं. 623/1 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान क्षेत्रफल 2164 व.फु. भूतल 1700 व.फु. प्रथम तल 1700 व.फु. द्वितीय तल1700 व.फु. शपथपत्र/सहमति पत्र/ मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश
जिला कार्यालय, जबलपुर, नरसिंहपुर म.प्र.
ब्लॉक-15, सिविक सेंटर, मढ़ाताल, जबलपुर (म.प्र.)
Email-Id Jabalpur @mptownplan.gov.in Phone No. 0761-2401981
क्रमांक 663/निग्रानि/JBPLP05032527790 जबलपुर दिनांक 21/05/2025
परिशिष्ट-ट
प्रारूप-ढ (नियम 14(3) (तीन) देखिये)
धारा - 29 (3) के अधीन प्रस्तुत उपांतरण प्रस्ताव की दशा में आपत्तिया आमंत्रित करने हेतु सार्वजनिक सूचना जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद् द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है 1- SHRI RAJESH SONKAR S/o SHRI HANUMAN PRASAD SONKAR 2- SHRI MANOJ SONKAR S/o SHRI HANUMAN PRASAD SONKAR निवासी- 406/1, Geeta Bhavan Building Choti Omti Bhartipur JABALPUR, MADHYA PRADESH-482001 जबलपुर म.प्र. द्वारा अभिन्यास में आवासीय भूखण्डीय विकास उपयोग के अभिन्यास में मार्ग के क्षेत्रफल में त्रुटि सुधार के आंशिक परिवर्तन के विकास हेतु अभिन्यास में आवश्यक संशोधन के उपांतरण सहित संशोधित अभिन्यास अनुमोदन बाबत आवेदन म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा 29 (3) के तहत प्रस्तुत किया गया है। (क) परियोजना का नाम -आवासीय भूखण्डीय विकास उपयोग के अभिन्यास में मार्ग के क्षेत्रफल में त्रुटि सुधार के आंशिक परिवर्तन हेतु (ख) अवस्थिति (अवस्थिति/ग्राम का नाम एवं खसरा क्रमांक) ग्राम मोहनिया के खसरा क्रमांक 37/1 कुल रकबा 0.63 हेक्टेयर भूमि (ग) विकास का प्रयोजन आवासीय भूखण्डीय विकास उपयोग के अभिन्यास में मार्ग के क्षेत्रफल में त्रुटि सुधार के आंशिक परिवर्तन के विकास हेतु अभिन्यास अनुमोदन बावत।(घ) स्वीकृति का पत्र क्रमांक JBPLP14022419623/ दिनांक/ 13/APR/2024 पूर्व स्वीकृति अभिन्यास में यदि उपांतरण किया जाता है, तो उसे परियोजना से जुड़े व्यक्तियों के हित प्रभावित होने की संभावना है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति उपांतरणों से संबंधित अपनी आपत्ति या सुझाव इस सूचना के प्रकाशन के पन्द्रह दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकेगा। प्रस्तावित उपांतरण का निरीक्षण हितबद्ध व्यक्ति द्वारा इस कार्यालय में कार्यालीन समय के दौरान किया जा सकता है।
संयुक्त संचालक
नगर तथा ग्राम निवेश, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.अधि./13/मुख्यालय/2025-22 एम/22
दिनांक:- 26/05/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति बबीता चक्रवर्ती पति स्व. श्री श्याम लाल चक्रवर्ती मकान नं. 2026 दुं.नं. 20 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 374 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

# प्रदेश के लोग पड़ोसी राज्यों से खरीद रहे लक्जरी कारें

**मध्यप्रदेश में वाहनों पर करारोपण का अधिभार सीमावर्ती राज्यों से ज्यादा**

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के लोग लक्जरी कारें पड़ोसी राज्यों से खरीदी कर रहे हैं, जिसे सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है इसके साथ ही मध्यप्रदेश में वाहन बिक्री का ग्राफ भी गिर रहा है। इसकी प्रमुख वजह है मध्यप्रदेश में वाहन की कीमत पर जीएसटी और उसके ऊपर लिया जा रहा है रोड टैक्स करारोपण की अधिकता। ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन का महासंघ (फाडा) मध्यप्रदेश के अध्यक्ष आशीष पांडे के नेतृत्व में फाडा के प्रतिनिधिमंडल ने वाहन बिक्री बढ़ाने के लिए रोड टैक्स घटाने को लेकर आवाज बुलंद की है। पांडे के अनुसार राज्य में 20 लाख से ज्यादा कीमत वाली लग्जरी कारों पर 16 फीसदी रोड टैक्स लगता है।

जबकि छत्तीसगढ़ में यह 8 फीसदी और हरियाणा में 10 फीसदी है। टैक्स बचाने के लिए कुछ लोग अरुणाचल प्रदेश से कार खरीदते हैं, जहां रोड टैक्स सिर्फ 35 हजार रुपए है। सबसे खास बात यह भी है कि मप्र में वाहन की कीमत में जीएसटी जोड़ने के बाद उसकी कीमत पर रोड टैक्स लिया जाता है। आशीष पांडे के अनुसार छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश में ईवी पर रोड टैक्स शून्य है और छत्तीसगढ़ में जीएसटी के बिना वाहन की कीमत पर 10 फीसदी या 1.5 लाख रुपए (जो भी कम हो) की राज्य सरकार सब्सिडी देती है। इसके अलावा हाइब्रिड वाहनों पर सब्सिडी वाहन की कीमत का 5 फीसदी है। मध्यप्रदेश में खरीदी गई अधिकांश एम्बुलेंस पर सीजी पंजीकरण संख्या होती है, क्योंकि एम्बुलेंस पर रोड टैक्स 10 फीसदी है, जबकि पड़ोसी राज्य सीज में यह शून्य है।

## वाहन की कीमत पर जीएसटी, उसके बाद रोड टैक्स का भी बोझ : पांडे



### एमपी को लॉजिस्टिक हब बनाया जाना चाहिए

*रोड टैक्स जीएसटी सहित वाहन की लागत पर लगाया जाता है, वास्तव में इसे जीएसटी को छोड़कर वाहन की लागत पर लगाया जाना चाहिए। मध्यप्रदेश देश के केंद्र में स्थित है अतः इसका लाभ उठाकर एमपी को लॉजिस्टिक हब बनाया जाना चाहिए। ऑटोमोबाइल निर्माता को एमपी से वाहनों को वेयरहाउस और आपूर्ति करने के लिए आकर्षक प्रोत्साहन प्रदान करके, इससे डीलरों को लाभ होगा। क्योंकि उनका टर्न अराउंड टाइम तेज होगा और यह एमपी के कई हजार नागरिकों को रोजगार के अवसर भी प्रदान करेगा।*

### मप्र में ईंधन पर वैट सबसे अधिक

*पांडे ने कहाकि मध्य प्रदेश में ईंधन पर वैट सबसे अधिक है। इसके अलावा ट्रक चालक जो डीजल के बड़े उपभोक्ता हैं वे मध्य प्रदेश में प्रवेश करने से पहले आस-पास के राज्यों में अपने ईंधन टैंक को भरवाना पसंद करते हैं। इससे राज्य के खजाने को नुकसान होता है और आम आदमी के लिए भी यह दर्दनाक है। अतः अनुरोध है कि राज्य को होने वाली राजस्व हानि से बचाने मध्य प्रदेश के नागरिकों पर करारोपण का अधिभार जो लादा गया है उसे कम किया है।*

### फाडा का प्रतिनिधिमंडल वित्तमंत्री और परिवहन मंत्री सहित परिवहन विभाग के आला अफसरों से की भेंट



लग्जरी कारों पर टैक्स कम करने की मांग को लेकर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन का महासंघ (फाडा)मध्यप्रदेश के अध्यक्ष आशीष पांडे के नेतृत्व में महासंघ का प्रतिनिधिमंडल मध्यप्रदेश के वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा, परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह, अपर मुख्य सचिव परिवहन एसएन मिश्रा, पीएस वित्त मनीष सिंह और परिवहन आयुक्त डीके गुप्ता से मिला। इस दौरान फाडा मध्यप्रदेश के अध्यक्ष आशीष पांडे ने बताया कि अगर सरकार ऐसा करती है कि कारों की बिक्री बढ़ने से साथ सरकार का जीएसटी कलेक्शन भी बढ़ेगा। फाडा के अनुसार लग्जरी कारों पर वर्तमान में 28 फीसदी जीएसटी लगता है और इसके ऊपर 22 फीसदी का सेस भी लगता है, जिससे कुल टैक्स 50 फीसदी तक पहुंच जाता है। फाडा का कहना है कि इन कारों की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए टैक्स कम किया जाना चाहिए।

# वीआईटी एवं टीएनएमजीआरएमयू ने एआई-संचालित स्वास्थ्य सेवा अनुसंधान पर शोध के लिए समझौता ज्ञापन किया हस्ताक्षरित



**वेल्लोर।** इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) और तमिलनाडु डॉ. एमजीआर मेडिकल यूनिवर्सिटी (टीएनएमजीआरएमयू) ने स्वास्थ्य सेवा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के अनुप्रयोग में सहयोगी अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए साझेदारी की है। इस पहल को औपचारिक रूप देने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए, जिसमें शामिल हैं: शिक्षण में सहयोग, संयुक्त अनुसंधान, सामाजिक रूप से जागरूक उत्पाद डिजाइन और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण। वीआईटी के उपाध्यक्ष डॉ. जी.वी. सेल्वम और टीएनएमजीआरएमयू के कुलपति डॉ. के. नारायणसामी ने वीआईटी चेन्नई के प्रो-वाइस चांसलर डॉ. टी. त्यागराजन, चांसलर के सलाहकार डॉ. एस.पी. त्यागराजन और टीएनएमजीआरएमयू के रजिस्ट्रार डॉ. के. शिवसंगीता की उपस्थिति में एमओयू पर हस्ताक्षर किए। एमओयू राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त अनुसंधान को बढ़ावा देने, पीएचडी पर्यवेक्षण, अनुसंधान एवं विकास प्रस्तावों को प्रस्तुत करने, संयुक्त प्रकाशन, नई तकनीकों के विकास और संयुक्त पेटेंट फाइलिंग पर केंद्रित है। इसके अतिरिक्त, यह समझौता नैदानिक सत्यापन प्रक्रियाओं, नैतिक मंजूरी और अन्य सहयोगी गतिविधियों को बढ़ावा देता है जो अनुवादात्मक अनुसंधान और नवाचार का समर्थन करते हैं।इस साझेदारी के माध्यम से वीआईटी एवं टीएनएमजीआरएमयू का लक्ष्य स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में सहयोगात्मक अनुसंधान और सामाजिक प्रभाव के लिए मानक को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाना है। इस सहयोग के तहत, दोनों संस्थान निम्नलिखित पहलों के माध्यम से प्रशिक्षण और अनुसंधान की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए संयुक्त रूप से काम करेंगे: स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी कार्यक्रमों का अनुसरण करने वाले छात्रों का आदान-प्रदान; संकाय विनिमय कार्यक्रम, परियोजना मार्गदर्शन, दोनों संस्थानों में सुविधाओं का उपयोग; समय-समय पर सह-मेजबानी सेमिनार, कार्यशालाएं, हैकथॉन और सम्मेलनों का संचालन; परस्पर सहमत ढांचे के भीतर एक-दूसरे के पुस्तकालय और अन्य डिजिटल संसाधनों तक पहुंच सहित ज्ञान संसाधनों, शैक्षणिक और प्रशिक्षण सामग्री को साझा करना; प्रमाण पत्र और अन्य पाठ्यक्रम संचालित करना, शोध कार्य में शामिल विद्वानों/वैज्ञानिकों/संकाय सदस्यों के लिए छात्रवृत्ति/फेलोशिप प्रदान करना। डॉ. जी. वी. सेल्वम ने कहा, "यह साझेदारी देश के विकासात्मक और सार्वजनिक स्वास्थ्य लक्ष्यों के साथ उच्च शिक्षा और अनुसंधान को संरेखित करने के लिए वीआईटी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। भविष्य के लिए तैयार स्वास्थ्य सेवा के लिए इंजीनियरिंग और चिकित्सा अनुसंधान को जोड़ना आवश्यक है, जिससे अधिक स्मार्ट और अधिक सुलभ नवाचारों को बढ़ावा मिलेगा।"

# नारियल उत्पादन की कमी पड़ रही लोगों की जेब पर भारी

**30-40 प्रतिशत महंगा हुआ नारियल तेल**

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

नारियल के उत्पादन में कमी अब लोगों की जेब पर भारी पड़ रही है। इसकी वजह से घरों में इस्तेमाल होने वाले नारियल तेल की कीमतें तेजी से बढ़ती जा रही हैं। कच्चे माल और खासकर खोपरा की कीमतों में जबरदस्त तेजी के कारण बीते एक साल में नारियल तेल की कीमतें 30 से 40 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं। नारियल की बढ़ती कीमत को लेकर व्यापारिक संगठन ने केंद्र सरकार से नारियल के आयात को मंजूरी देने की मांग उठाई है, ताकि नारियल तेल की कीमतों पर काबू पाया जा सके।

### नामी कंपनियों से लेकर लोकल उत्पादकों ने भी कीमतों में बढ़ोतरी की



कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट ) के अनुसार नामी कंपनियों से लेकर लोकल उत्पादकों ने भी कीमतों में बढ़ोतरी की है। ब्रांडेड कंपनियों ने नारियल तेल की कीमतें 30 प्रतिशत तक बढ़ाई है। यह बढ़ोतरी खोपरे की कीमतों में 40-50 प्रतिशत की उछाल की वजह से हुई है। फिलहाल कीमतें स्थिर है, लेकिन अंदेशा है कि कोई अप्रत्याशित घटना से दाम फिर बढ़ेगें। व्यापारियों के अनुसार वर्तमान में दुनियाभर में नारियल तेल की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर हैं। फिलीपींस के नारियल तेल की थोक कीमत 2,700 डॉलर प्रति मीट्रिक टन के पार पहुंच गई, जो 2000-2020 के औसत से करीब 200 प्रतिशत ज्यादा है। ऐसा दक्षिण-पूर्व एशिया में खराब मौसम के कारण हुआ है, जिसकी वजह से नारियल उत्पादन पर बुरा असर पड़ा है।

### उपभोक्ताओं को फिलहाल नारियल तेल महंगा ही मिलेगा

*जानकारों के अनुसार वर्तमान में कीमतें स्थिर हैं, लेकिन खराब मौसम, वैश्विक मांग या आपूर्ति संकट जैसी परिस्थितियों के कारण फिर से कीमतें बढ़ सकती हैं। एफएमसीजी सेक्टर को इस वित्तीय वर्ष में अच्छी ग्रोथ की उम्मीद है, लेकिन उपभोक्ताओं को फिलहाल नारियल तेल महंगा ही मिलेगा। आशंका जताई है कि आने वाले त्योहारी सीजन में नारियल की मांग बढ़ जाएगी, जिसके चलते दामों में और भी उछाल आ सकता है। इसलिए सरकार को कीमतों को नियंत्रित करने के लिए कुछ समय तक आयात की मंजूरी देनी चाहिए, जिस से दाम काबू में रहें।*

# एचईसी इंफ्रा की बड़ी छलांग, मुनाफा दोगुना

**अहमदाबाद।** एचईसी इंफ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष की चौथी तिमाही और वित्त वर्ष 2025 के लिए अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। वित्त वर्ष में कंपनी की कुल आय 113.15 करोड़ रुपए रही एबिटडा 15.00 करोड़ और एबिटडा मार्जिन 13.25 फीसदी रहा। कंपनी का शुद्ध लाभ 9.24 करोड़ रुपए रहा और शुद्ध लाभ मार्जिन में 8.17 फीसदी की वृद्धि हुई। जबकि कि वित्त वर्ष के चौथी तिमाही में कंपनी की आय46.37 करोड़ रुपए हुई , एबिटडा 8.80 करोड़ रुपए रहा। एबिटडा मार्जिन 18.98 फीसदी रहा, कंपनी का शुद्ध लाभ 5.67 करोड़ रुपए और शुद्ध लाभ मार्जिन 12.24 फीसदी की वृद्धि हुई। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर गौरांग शाह ने कहाकि राजस्व और लाभप्रदता दोनों में हुई वृद्धि हमारी रणनीतिक दिशा और संचालन कुशलता का प्रमाण है। हम एक मजबूत ऑर्डर बुक के साथ नए वित्तीय वर्ष में प्रवेश कर चुके हैं, जिससे हमें इस विकास की गति को बनाए रखने का विश्वास मिला है।

## प्रणय, लक्ष्य, सिंधू भी सिंगापुर ओपन में आज से पेश करेंगे चुनौती

# सात्विक-चिराग से दमदार वापसी की उम्मीद

एजेंसी ▶▶ सिंगापुर

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में सितारों से सजी भारतीय चुनौती की अगुवाई करेगी। विश्व की पूर्व नंबर एक जोड़ी ने पिछली बार मार्च में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में चुनौती पेश की थी। यह जोड़ी हालांकि चिराग की पीठ की चोट के कारण दूसरे दौर में ही हट गई थी। सात्विक की स्वास्थ्य समस्याओं के कारण वे सुदीरमन कप से भी नहीं खेल सके थे।

इस साल की शुरुआत में मलेशिया ओपन और इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे वाली यह भारतीय जोड़ी यहां मलेशिया के चूंग होन जियान और मुहम्मद हाइकल के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। पिछले सप्ताह मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में पहुंचकर किदांबी श्रीकांत ने खुद की और पिछले कुछ महीनों में भारतीय बैडमिंटन पर छाई निराशा को दूर करने में कामयाबी हासिल की। उन्होंने पिछले कुछ महीनों से भारत के एकल खिलाड़ियों के टूर्नामेंट में सप्ताह दर सप्ताह अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रहने की परिपाटी को तोड़ा। श्रीकांत हालांकि इस सप्ताह प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे लेकिन वह अपने हमवतन खिलाड़ियों को 10 लाख डॉलर पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में अच्छा करने के लिए प्रेरित जरूर करेंगे। विश्व चैंपियनशिप (2023) के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय ने कुआलालंपुर में श्रीकांत के शानदार प्रदर्शन को करीब से देखा था।



### सिंधू अब भी वापसी की राह पर

लक्ष्य सेन शुरुआती दौर में लिन चुन-यी का सामना करके अपनी फिटनेस पर संदेह को दूर करना चाहेंगे। प्रियांशु राजावत भी मौजूदा सत्र में प्रभावित करने में नाकाम रहे हैं। किरण जॉर्ज भी इंडिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के बाद उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे हैं। महिला एकल में अनुभवी पीवी सिंधू अब भी वापसी की राह पर है। अपनी कोचिंग टीम में कई बार बदलाव करने के बाद बावजूद दो बार की ओलंपिक पदक विजेता के प्रदर्शन में निरंतरता नहीं दिखी है। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू का सामना पहले दौर में कनाडा की वेन यू झांग से होगा। अनमोल खरब का मुकाबला पूर्व ओलंपिक चैंपियन चीन के चेन यू फी से होगा जबकि आकर्षी कश्यप तीसरी वरीयता प्राप्त हान यू के खिलाफ कोर्ट में उतरेंगी।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

# ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक का मुनाफा 77 फीसदी बढ़ा, 139.21 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही और पूरे वर्ष के शानदार वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कंपनी ने वर्षभर में 139.21 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 77 फीसदी अधिक है। चौथी तिमाही में कंपनी ने 219 इलेक्ट्रिक वाहन वितरित किए, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 131 वाहनों की तुलना में 67 फीसदी की वृद्धि है। इस तिमाही में ओलेक्ट्रा का राजस्व 55 फीसदी बढ़कर 448.92 करोड़ रुपए रहा। पूरे वित्त वर्ष 24-25 में कंपनी का राजस्व 56 फीसदी बढ़कर 1,801.9 करोड़ रुपए पहुंचा। एबिटडा 49 फीसदी की बढ़त के साथ 276.32 करोड़ रुपए रहा, जबकि पीबीटी 78 फीसदी की वृद्धि के साथ 187.88 करोड़ और शुद्ध लाभ 139.21 करोड़ रुपए रहा। कंपनी ने अब तक 2,718 इलेक्ट्रिक वाहनों की आपूर्ति की है और कुल 10,022 बसों के ऑर्डर की मजबूत बुकिंग बनी हुई है। सीएमडी के.वी. प्रदीप ने कहाकि हम अपने प्रदर्शन से उत्साहित हैं और भारत मोबिलिटी एक्सपो 2025 में पेश की गई ब्लेड बैटरी तकनीक भविष्य के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### यूनिहेल्थ के लाभ में 63 फीसदी की वृद्धि

**नई दिल्ली।** यूनिहेल्थ हॉस्पिटल्स लिमिटेड ने छमाही और वित्त वर्ष 2025 के लिए अपने ऑडिट किए गए वित्तीय परिणाम जारी किए हैं। छमाही में कंपनी की कुल आय 33.15 करोड़ रही, जबकि सालाना वृद्धि 20.56 फीसदी हुई , एबिटडा 11.91 करोड़ और सालाना वृद्धि 5.19फीसदी , एबिटडा मार्जिन 35.92फीसदी रही।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## राशिफल

**मेष** — मन परेशान रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार का विस्तार हो सकता है। यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। संयत रहें।

**वृष** — व्यवधान आ सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन सुख में कमी आयेगी। मन परेशान हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**मिथुन** — लाभ के अवसर मिलेंगे। मित्रों से सद्भाव बनाकर रखें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं। वाणी में मधुरता रहेगी।

**कर्क** — कारोबार में कुछ कठिनाइयां तो आ सकती हैं। फिर भी लाभ में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

**सिंह** — रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ बढ़ेगा। मित्रों के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**कन्या** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मन :स्थिति रहेगी।

**तुला** — नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। मन परेशान रहेगा। अफसरों का सहयोग मिलेगा। वाद-विवाद से बचें।

**वृश्चिक** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य को लेकर परेशान हो सकते हैं।


**धनु** — नए अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन प्रसन्न रहेगा।

**मकर** — नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। आत्मविश्वास में कमी आएगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं।

**मीन** — आय में वृद्धि होगी। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। लाभ के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी।

## शब्द पहेली - 5879



**बाएँ से दाएँ**
1.उथल-पुथल, कोलाहल-4
5.अस्पताल-4
8.पक्षाघात-3
9.मिट्टी, धूल-2
11.पुष्प, फूल, सुमन-3
12.बुरे कार्य करनेवाला-4
14.जादू, तंत्र-मंत्र-2
15.सौत, सपत्नी-3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा-2
19.नगर में रहनेवाले-5
22.गणपति, गणेश-5
25.बागवान-2
26.जुदा, पृथक्-3
27.जी, इच्छा-2
28.पहरेदार-4
30.सिसकना-3
31.रहस्य-2
33.सोना,धतूरा-3
35.हृदयगति, स्पंदन-4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री-2,2

**ऊपर से नीचे**
2.उद्देश्य,गंतव्य-2
3.राम-सीता के पुत्र-2,2
4.टालना-2,3
5.स्याही रखने का पात्र-3
6.क्षार-2
7.सुंदरी (उर्दू-4)
10.जबरदस्ती-4
13.होशियार-3
16.पुत्र,बेटा-3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना-2
18.जान,जीवन-2
20.जहर, विष-3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद-2
22.छोटा रास्ता, कूचा-2
23.अपवित्रता (उर्दू-3)
24.पक्षियों का शोर-4
25.मानसिक सोच-5
26.गुनाह,जुर्म-4
28.रखवाली करना-4
29.मुर्गा-3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है-2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-2

**शब्द पहेली- 5878 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | त | या | क | थि | त | | क | या | म | त |
| ना | प | | ह | | र | का | बी | | त | र |
| मु | | त | वा | य | फ | | ला | वा | | खा |
| ना | पा | क | | | दा | नी | | दा | म | न |
| सि | | दी | | प | र | | सा | | हि | |
| ब | ह | र | हा | ल | | नि | रा | ला | प | न |
| | र | | नि | | आ | शा | | ज | | ज |
| अ | म | र | | अ | तं | | | वा | न | र |
| मा | | मा | न | | क | र | त | ब | | बं |
| न | या | | ज | ल | वा | | ना | | क | द |
| त | क | दी | र | | द | शा | व | ता | र | |

## सूडोकु नवताल - 5889

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5888 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

हरिभूमि सहेली



बच्चों का हर समय मोबाइल गेम में लगे रहना या कुछ ना कुछ देखते रहना यानी मोबाइल एडिक्ट हो जाना, उसकी फिजिकल ही नहीं मेंटल हेल्थ के लिए भी खतरनाक है। एक तरह से मोबाइल एडिक्शन बच्चों का बचपन छीन रहा है। इसलिए बच्चों के स्मार्टफोन के ओवर यूज पर पैरेंट्स का समय रहते एलर्ट होना बहुत जरूरी है। हम दे रहे हैं आपके लिए जरूरी सलाह।

# स्मार्टफोन का ओवर यूज बच्चों के लिए अनहेल्दी

कवर स्टोरी
**डॉ. मोनिका शर्मा**

आजकल बच्चे स्कूली रूटीन में ही अपना काफी समय स्क्रीन पर गेम खेलने में बिताते हैं। इसलिए इन छुट्टियों में बच्चों को मिलने वाले फ्री समय के इस्तेमाल को लेकर बहुत ही सजगता की जरूरत है। हाल ही में सामने आया एक मामला हम सबको को चेताने वाला है। दिल्ली में मोबाइल पर गेम खेलने की लत के कारण एक उन्नीस साल के लड़के को रीढ़ की हड्डी की सर्जरी करवानी पड़ी। असल में बारह घंटे से ज्यादा वक्त तक अपने कमरे में अलग-थलग रहने की वजह से उसे आंशिक लकवा हो गया था। धीरे-धीरे उसकी रीढ़ की हड्डी झुक गई और उसका ब्लैडर पर कंट्रोल तक खोने लगा। पहले से चल रही स्वास्थ्य समस्याएं और तकलीफदेह हो गईं। मोबाइल गेमिंग एडिक्शन के कारण अस्पताल पहुंचने पर उसे चलने और यूरिन करने में भी मुश्किल हो रही थी। चिंतनीय है कि बच्चों में स्क्रीन पर गेम्स खेलने की लत से बढ़ रही स्वास्थ्य समस्याएं अब खूब देखने को मिल रही हैं। अगर आपके परिवार में भी कोई बच्चा घंटों मोबाइल में गेम खेलता है, तो समय रहते चेत जाएं। खासतौर से इन दिनों गर्मी की छुट्टियों में बच्चों को सकारात्मक और रचनात्मक ढंग से समय बिताने के लिए प्रेरित करें।

**अनजान ना बनें पैरेंट्स:** आज शहरी ही नहीं, गांवों-कस्बों में रहने वाले पैरेंट्स को भी इन गैजेट्स से होने वाली तकलीफों की जानकारी है। कमोबेश सभी जानते हैं कि इनका हद से ज्यादा इस्तेमाल नुकसानदेह है। फिर भी आजकल घर-घर में बच्चे स्मार्ट गैजेट्स के साथ घंटों खेलते हैं। कहीं ना कहीं इस अनदेखी की वजह बड़ों का स्वार्थ या दायित्वहीनता भी है। इनके पास न बच्चों से बात करने का समय है, न ही खेलने का। ऐसे में स्मार्ट गैजेट्स बच्चों को बिजी रखने का सबसे सहज तरीका लगने लगे हैं। आजकल अधिकांश बच्चों के फुर्सत के लम्हे स्क्रीन स्क्रॉल करते बीत रहे हैं। पैरेंट्स के अपने काम में खलल न पड़ने की चाह तो कुछ बच्चों की मासूम मन की ख्वाहिश या कहें पैरेंट्स ने तकनीक से मिली सहूलियत को बच्चों की जिंदगी का अहम हिस्सा बनाकर समस्या खड़ी कर ली है। सब कुछ जानते-समझते की जा रही यह अनदेखी कई मामलों में बीमारियां पैदा कर रही है। यही वजह है कि अमेरिका और इंग्लैंड जैसे देशों में तो पैरेंट्स महंगी फीस चुका कर बच्चों को मोबाइल की लत से छुटकारा दिला रहे हैं।

**सजग होना होगा:** आंगन की चहचहाहट माने जाने वाले बच्चे स्क्रीन के दायरे तक सिमट कर व्याधियों के घेरे में आने लगें तो सचेत होना बहुत जरूरी है। इस फ्रंट पर परिजनों की भूमिका अहम हो जाती है, क्योंकि बच्चों का नासमझ मन, स्क्रीन के मन-मुताबिक चलने वाली दुनिया से बाहर नहीं आ सकता। ऑनलाइन खेल बच्चों को खूब पसंद आते हैं। ऐसे में घर के बड़ों का सचेत होना ही बच्चों को इनसे होने वाली शारीरिक-मानसिक व्याधियों से बचा सकता है। पैरेंट्स स्मार्ट गैजेट्स के उन खतरों की अनदेखी न करें, जो नई पीढ़ी की सेहत और स्वभाव दोनों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। व्यवहार और विचार के नेगेटिव बदलाव से लेकर शारीरिक तकलीफों के सामने आने तक, कई बातें यह पुख्ता कर रही हैं कि इन स्मार्ट गैजेट्स के जाल में फंस जाना बच्चों के लिए बेहद नुकसानदेह साबित हो रहा है। इस मायावी दुनिया में खोए रहने से बच्चों की हेल्थ, बिहेवियर, ईटिंग हैबिट्स और सोशल लाइफ, सभी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। अफसोस कि स्मार्ट गैजेट्स की लत बच्चों में एक पूरी अस्वस्थ जीवनशैली को जन्म दे रही है।

**जीवनशैली बदलें:** भारतीय बच्चों के मामले में जेएमआईआर रिसर्च प्रोटोकॉल पत्रिका में 2024 की रिपोर्ट बताती है कि बढ़ते स्क्रीन टाइम के कारण बच्चों में नींद से जुड़ी परेशानी देखने को मिल रही है। छुट्टियों में बच्चों को सधी-स्वस्थ जीवनशैली की ओर मोड़िए। स्मार्ट गैजेट्स से दूरी के लिए जीवनशैली का बदलाव ही पहला कदम है। फुर्सत के ये दिन डिजिटल लाइफस्टाइल से दूर उनके साथ समय बिताने, आउटडोर गेम्स खेलने और सार्थक कम्युनिकेशन करने का मुफीद समय है। इसके लिए खुद पैरेंट्स भी इन गैजेट्स की जद से बाहर आएं। टेक्नोलॉजिकल रेवोल्यूशन के नाम पर जिंदगी से ही दूर होते पैरेंट्स खुद भी सचेत हों और फिर बच्चों को लती बनने से बचाएं। कम उम्र में इन गैजेट्स के साथ समय बिता रहे बच्चे परिवार और समाज से ही नहीं, खुद पैरेंट्स से भी दूर हो रहे हैं। स्क्रीन की दुनिया में खेल खेलने में गुम बच्चों की एक अलग ही दुनिया बन जाती है। बच्चे वास्तविक संसार के बजाय वर्चुअल वर्ल्ड में सहज महसूस करने लगते हैं। गैजेट्स के साथ समय बिताते हुए बच्चे शारीरिक श्रम से ही दूर नहीं होते, मानसिक रूप से भी मेहनत करना भूल जाते हैं। ऑनलाइन गेम्स खेलते हुए किसी भी परेशानी से क्विट करने की आदत हो जाती है। संघर्ष की सोच और वास्तविक जीवन की समझ से परे बनने वाला उनका व्यक्तित्व, विचार और व्यवहार के मोर्चे पर दिशाहीन हो जाता है। ऐसी स्थितियां, असल जिंदगी में हर पहलू पर तकलीफें ही पैदा करती हैं, जो बच्चे के भविष्य के लिए सही नहीं हैं। a



## खिलौने नहीं हैं स्मार्ट गैजेट्स

छुट्टियों में मिलने वाले समय को बिताने के लिए स्मार्ट गैजेट्स को खिलौने ना बनाएं। पैरेंट्स बच्चों को पहले आदत, फिर आगे चलकर इसे लत की स्थिति तक न पहुंचाएं। एक बार स्मार्ट स्क्रीन में गेम्स खेलने की लत लग जाने पर बच्चे इनके बिना खुश रहना ही भूल जाते हैं। तकलीफदेह है कि अब तो दादी, नानी के घर आए बच्चे भी ऑनलाइन गेम्स में ही गुम रहते हैं। पैरेंट्स समय बिताने का माध्यम समझ कर बच्चों के हाथ में मोबाइल थमा देने से पहले इनके खतरों को गंभीरता से समझें। इनसे पैदा होने वाले जोखिमों को याद रखें। अब यह जरूरी हो गया है कि बच्चों को गैजेट्स की दुनिया में खेलने या समय बिताने भर के लिए ना धकेल दिया जाए। मोबाइल में गेम्स खेलने की आदत पड़ जाए तो बच्चों को इनसे बाहर निकालना मुश्किल हो जाता है। आदत हो जाने पर कुछ बच्चे स्मार्टफोन या आईपैड ना देने पर जिद करते हैं, गुस्सा दिखाते हैं। व्यवहारगत समस्याएं देने वाली चीजें, बच्चों के लिए खिलौने नहीं हो सकतीं।



## बच्चे हो रहे हैं हताशा- डिप्रेशन-क्रोध के शिकार

प्रतिष्ठित विज्ञान पत्रिका प्लस वन में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार स्मार्टफोन, बच्चों को दोस्तों और रिश्तेदारों से दूर कर रहा है। साल 2018 से 2024 के बीच जर्मनी में हुई 'लाइफ चाइल्ड स्टडी' में दुनिया भर के बच्चों को शामिल किया गया। अध्ययन में सामने आया कि मोबाइल स्क्रीन में ज्यादा समय बिताने वाले बच्चों में हताशा, डिप्रेशन और क्रोध की चिंताजनक स्थिति देखी गई। साथ ही बच्चों में पीएसयू यानी प्रोबलेमेटिक स्मार्टफोन यूज की प्रॉब्लम स्पष्ट दिखने लगी है। इस स्थिति में स्मार्टफोन का इस्तेमाल इतना बढ़ जाता है कि यह बच्चों की नींद, पढ़ाई और पारिवारिक संबंधों पर नेगेटिव असर डालने लगता है। समझना मुश्किल नहीं कि छुट्टियां ही तो दोस्तों और रिश्तेदारों से जुड़ने का समय होता है। ऐसे में फुर्सत के ये दिन वास्तविक संसार से जुड़कर ही बिताएं।



# नकारात्मक लोगों से बचें मजबूत होगा आत्मबल

नकारात्मक लोगों से बचने का एक ही रास्ता है, आत्मबल को मजबूत किया जाए। खुद के कामों पर ध्यान केंद्रित कर सकारात्मक लोगों के साथ रहें। इससे जीवन की राह आसान होगी और तरक्की के रास्ते खुलेंगे।

सलाह
**अनीता जैन**



हमारे जीवन की राह हमेशा आसान नहीं होती। जैसे-जैसे हम सफलता की ओर बढ़ते हैं, वैसे-वैसे कुछ ऐसे लोग भी हमारे आस-पास आ जाते हैं, जो हमारी तरक्की से असहज महसूस करते हैं। वे हमारे आत्मबल को तोड़ने, हमारे कार्यों को नीचा दिखाने और हमें भ्रमित करने की कोशिश करते हैं। कई बार तो ये लोग इतने करीब होते हैं कि उनकी कही बातें हमे सच्ची लगने लगती हैं। हमें संदेह होने लगता है कि हमारे लिए निर्णय सही हैं या गलत। ऐसे समय में यह समझना बहुत आवश्यक है कि ये नकारात्मक विचार हमारे अपने नहीं, बल्कि दूसरों की विषैली सोच का परिणाम हैं। यदि हम इन बातों को अपने भीतर जगह दे दें, तो हमारा आत्मबल धीरे-धीरे टूटने लगता है। हमें यह स्वीकार करना होगा कि हर कोई हमारी सोच, हमारे रास्ते या हमारे फैसलों को समझ नहीं सकता। कुछ लोग जान-बूझकर हमारी मानसिक शांति भंग करते हैं, ताकि हम अपने मार्ग से भटक जाएं। लेकिन ऐसे समय में खुद पर विश्वास बनाए रखना बहुत जरूरी है। हमें यह समझने की जरूरत है कि यदि हमारी नीयत साफ और मेहनत सच्ची है तो कोई भी नकारात्मकता हमें नुकसान नहीं पहुंचा सकती। जरूरत है, बस मानसिक मजबूती, सकारात्मक संगत और एकाग्रता की। नकारात्मक लोगों से कैसे बचा जाए, कैसे खुद को इतना मजबूत बनाया जाए कि उनकी कोई बात हमारे मन को प्रभावित न कर सके। इन बातों का जानना आपके लिए जरूरी है ताकि आपका अत्मबल कमजोर न पड़े।



**स्वयं को परखें:** जब कोई आपको बार-बार गलत साबित करने की कोशिश करे, तो सबसे पहले यह जांचें कि क्या आप वाकई किसी गलत रास्ते पर हैं? अगर नहीं, तो खुद पर विश्वास रखें। आत्मविश्वास ही वह ढाल है, जो नकारात्मकता के हर वार को निष्फल कर देता है।

**सीमाएं तय करें:** ऐसे लोगों से संवाद करते समय अपनी सीमाएं तय करें। अधिक निकटता या व्यक्तिगत बातचीत से बचें। सीमाएं तय करना, न तो असभ्यता है और न ही दूरी बनाना, बल्कि यह एक जरूरी आत्म-संरक्षण है।

**प्रतिक्रिया देने से बचें:** हर बात का जवाब देना जरूरी नहीं होता। नकारात्मक लोग अकसर प्रतिक्रिया की तलाश में रहते हैं। चुप रहकर या मुस्कुराकर आगे बढ़ जाना कई बार सबसे सटीक उत्तर होता है।


**सकारात्मक लोगों के साथ रहें:** आप जिन लोगों के साथ रहती हैं, उनका असर आपके सोचने के तरीके पर भी होता है। सकारात्मक, प्रेरणादायक और सहयोगी लोगों के साथ रहने से आपका आत्मबल बना रहता है।

**अपने कार्य पर केंद्रित रहें:** जब कोई आपको गिराने की कोशिश करे, तब अपने काम में और भी अधिक मन लगाएं। आपका समर्पण ही ऐसे लोगों को मूक उत्तर दे सकता है।

**ध्यान-योग का सहारा लें:** नकारात्मकता से घिरे रहने पर मन अशांत हो जाता है। ऐसे में नियमित ध्यान और योग से मानसिक शांति मिलती है। यह न केवल तनाव को दूर करता है, बल्कि अंदर से मजबूती भी देता है।

**खुद को याद दिलाएं:** लोग क्या कहते हैं, उससे ज्यादा जरूरी यह है कि आप क्या कर रहे हैं? समय आने पर सच्चाई सामने आती है और मेहनत रंग लाती है। a

# तेज धूप से स्किन प्रोटेक्शन यूज करें होममेड सनस्क्रीन



स्किन केयर
**शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट**

सूरज की किरणों से त्वचा को होने वाले नुकसान से बचाने के लिए आप चाहें तो घरेलू चीजों से ही नेचुरल सनस्क्रीन बना सकती हैं। हम आपको यहां बता रहे हैं कुछ सनस्क्रीन बनाने के तरीके।

**खीरा-गुलाब जल:** खीरे का इस्तेमाल आप सनस्क्रीन लोशन बनाने के लिए कर सकती हैं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले खीरे को कद्दूकस करें, फिर इसका पूरा रस निकाल लें। अब इसमें गुलाब जल मिलाकर एक घोल तैयार कर लें। अब इस मिश्रण को आप सनस्क्रीन की तरह इस्तेमाल कर सकती हैं। ठंडी तासीर की वजह से यह लोशन आपको ठंडक का अहसास भी देगा।

**नारियल-जैतून तेल:** नारियल और जैतून तेल से बनी सनस्क्रीन त्वचा के लिए काफी फायदेमंद होती है। इसे बनाने के लिए आधे कप नारियल तेल में ऑलिव ऑयल की 15 बूंदें डालें। अब इसमें 7 बूंद कैरट सीड ऑयल मिलाएं और इसे एक कांच की बोतल में भरकर रख दें। आप इसे लंबे समय तक सनस्क्रीन के रूप में इस्तेमाल कर सकती हैं।



**शिया बटर-बादाम तेल:** कांच के एक कटोरे में दो चम्मच बादाम का तेल, एक चम्मच शिया बटर, एक चम्मच कोको बटर, विटामिन के कैप्सूल, जिंक ऑक्साइड आधा चम्मच लें। सभी चीजों को अच्छी तरह से मिलाकर एक एयर टाइट कंटेनर में रख लें और बाहर जाने से 15-20 मिनट पहले इसे लगा लें।



**विटामिन ई-जिंक ऑक्साइड:** इस सनस्क्रीन को बनाने के लिए 1 चम्मच एलोवेरा जैल, 4-5 बूंद विटामिन ई का तेल, 1 चम्मच सूरजमुखी का तेल और 2-3 चम्मच जिंक ऑक्साइड को कांच के कटोरे में मिलाकर क्रीम जैसा मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को एयरटाइट कंटेनर में रखकर फ्रिज में रख दें। अपनी सुविधा के अनुसार धूप में जाने पर हर दो तीन घंटे के बाद इसे लगा सकती हैं। जिंक ऑक्साइड यू वी ए और यू वी बी दोनों किरणों को ब्लॉक करता है।

**एलोवेरा और शिया बटर:** 1 चम्मच एलोवेरा जैल, 1-2 चम्मच नारियल तेल, 3-4 चम्मच शिया बटर और 3-4 चम्मच जिंक ऑक्साइड को एक कटोरे में मिलाकर क्रीम जैसा मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को एक प्लास्टिक के डिब्बे में डालकर फ्रिज में रख लीजिए। धूप में जाने पर हर दो घंटे बाद नियमित रूप से उपयोग कीजिए। a

पीरियड्स साइकिल को लेकर अवेयरनेस के अभाव से कई बार महिलाओं को गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ता है। मेंस्ट्रुअल हाइजीन डे (28 मई) के अवसर पर आपके लिए जरूरी सलाह।

# हर महिला के लिए है जरूरी मेंस्ट्रुअल हाइजीन का रखें ध्यान

मेडिकल एडवाइस
**डॉ. अंशुल जिंदल**
सीनियर गायनेकोलॉजिस्ट
जिंदल अस्पताल, मेरठ

तकनीकी तौर पर समाज में बहुत विकास हुआ है लेकिन कुछ मामलों में अभी भी संकीर्ण सोच बनी हुई है। महिलाओं में होने वाली माहवारी यानी पीरियड्स को लेकर भी बहुत सी महिलाओं में जागरूकता का अभाव है। आंकड़ों के हिसाब से दुनिया भर में करोड़ों महिलाएं हर महीने पीरियड्स साइकिल से गुजरती हैं। लेकिन इनमें से तकरीबन 50 प्रतिशत महिलाओं को ही सेनिटरी पैड, टैंपून, मेंस्ट्रुअल कप, पीरियड्स पैंटी जैसे सुरक्षित मासिक धर्म उत्पाद मिल पाते हैं। अभी भी बड़ी संख्या में महिलाएं और लड़कियां ऐसी हैं, जो अपने पीरियड्स के दौरान सफाई के लिए इस्तेमाल होने वाले कपड़ों से लेकर, अखबार, घास का इस्तेमाल करने को मजबूर हैं। कई टीनएजर लड़कियों को तो पीरियड्स के बारे में कोई जानकारी ही नहीं होती है।

**हो सकती हैं गंभीर बीमारियां:** पीरियड्स के दौरान सफाई का ध्यान ना रखने से महिलाएं फंगल इंफेक्शन, यूरीनरी ट्रैक इंफेक्शन और रिप्रोडक्टिव ट्रैक इंफेक्शन का शिकार बन सकती हैं। ये इंफेक्शन फैल कर न केवल लड़कियों को मां बनने के सुख से वंचित कर सकता है, उनको सर्वाइकल कैंसर होने का खतरा भी बढ़ जाता है।



**वेजाइनल इंफेक्शन:** पीरियड्स के दौरान गंदा कपड़ा या कोई और गंदी चीज के इस्तेमाल करने से प्राइवेट पार्ट्स साफ नहीं हो पाते। इससे वहां मौजूद अच्छे बैक्टीरिया की मात्रा कम होती है और कैंडिडा नामक यीस्ट की मात्रा बढ़ जाती है। इससे कैंडिडिआसिस नामक इंफेक्शन हो सकता है।

**सर्विक्स इंफेक्शन:** प्राइवेट पार्ट में गंदगी रहने से गर्भाशय के मुख पर इंफेक्शन हो जाता है। इससे बांझपन और कैंसर भी हो सकता है

**फैलोपियन ट्यूब इंफेक्शन:** फैलोपियन ट्यूब में अंडे और स्पर्म फर्टिलाइज होते हैं। पीरियड्स हाइजीन का ध्यान न रखने से इंफेक्शन यहां तक पहुंचने की संभावना रहती है, जिससे महिलाएं कंसीव नहीं कर पाती हैं।

**सर्वाइकल कैंसर:** पीरियड्स के दौरान प्राइवेट पार्ट्स की सफाई ठीक तरह से न होने से इस कैंसर के होने का खतरा बढ़ जाता है। देश में हर साल सर्वाइकल कैंसर के करीब डेढ़ लाख मामलों में कम उम्र की लड़कियों की भी अच्छी-खासी संख्या होती है।

**यूरिनरी ट्रैक इंफेक्शन:** माहवारी के दौरान उपयोग किया जाने वाला कपड़ा या पैड अगर देर तक गीला रहे, तो यूरिनरी ट्रैक में इंफेक्शन हो सकता है। औरतें काम की भागदौड़ या अन्य कारणों से, अकसर काफी देर तक यूरीन पास करना इग्नोर करती हैं। पीरियड्स के दौरान अगर समय पर यूरीन पास न करें और अपने प्राइवेट पार्ट्स स्वच्छ न रखें तो उन जगहों पर बैक्टीरिया पनप सकतें हैं। इनके कारण यूरिनरी ट्रैक इंफेक्शन भी हो सकता है।

**इन बातों का रखें ध्यान:** यहां बताई गई बीमारियों और इंफेक्शंस से बचाव के लिए कुछ यूजफुल टिप्स बता रहे हैं। ब्लीडिंग के दौरान सेनेटरी पैड को इस्तेमाल करते समय किसी भी तरह की हिचक न महसूस करें। पैड बदलने से पहले और बाद में हैंड वॉश करना न भूलें। कम से कम 4 से 5 घंटे में एक सेनेटरी पैड जरूर बदल लें। पीरियड्स का फ्लो ज्यादा है तो 2-3 घंटे या उससे पहले भी सेनेटरी पैड बदल लें। नए सेनेटरी नैपकिन लगाने से पहले वेजाइनल भाग को हमेशा साफ करें। पीरियड्स के बाद वेजाइना एरिया के आस-पास स्वच्छ पानी से धोएं। a

**प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा**



अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 9285163700, Email: gdc.indore@gmail.com






## युवेंटस की चैंपियंस लीग में एंट्री


एजेंसी ▸▸ रोम

मैनुअल लोकाटेली के पेनल्टी पर किए गए गोल की मदद से युवेंटस ने इटली की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग में रेलीगेट हो चुकी वेनेजिया पर 3-2 की रोमांचक जीत के साथ चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई किया।

मौजूदा सत्र में युवेंटस का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है और इस साल मार्च में जब इगोर ट्यूडर को टीम की जिम्मेदारी (कोच) दी गई तो उन्हें यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया था कि टीम चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई कर सके। उन्होंने मुश्किल से ही सही लेकिन अपना लक्ष्य पूरा किया। टीम ने सीरी ए के अंतिम दौर के अपने मैच को जीतकर तालिका में चौथा स्थान हासिल किया। युवेंटस रोमा से एक अंक आगे रहा। रोमा ने टोरिनो में 2-0 से जीत हासिल करके यूरोपा लीग में जगह बनाई।पहले ही रेलीगेट हो चुकी वेनेजिया ने दूसरे मिनट में डेनियल फिला के गोल से युवेंटस को सकते में डाल दिया। केनान यिल्डिज और रैंडल कोलो मुआनी के छह मिनट के अंदर किए गए गोल से युवेंटस ने मैच के 31वें मिनट में बढ़त कायम कर ली। मध्यांतर के बाद रीडगेसियानो हैप्स ने वेनेजिया के लिए बराबरी का गोल किया। लोकाटेली ने 73वें मिनट में पेनल्टी पर गोल कर टीम को 3-2 से बढ़त दिला दी जो निर्णायक साबित हुआ।

## लेवांडोव्स्की के दो गोल से जीता बार्सीलोना

**मैड्रिड।** ला लीगा का खिताब पहले ही पक्का कर चुकी बार्सिलोना ने रविवार को यहां एथलेटिक बिलबाओ पर 3-0 की जीत के साथ अपने अभियान को शानदार तरीके से खत्म किया। बार्सिलोना के दिग्गज रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने बिलबाओ में 14वें और 17वें मिनट में गोल करके लीग सत्र का समापन 27 गोल के साथ किया, जो कि एमबापे से चार कम है। बार्सिलोना ने अपना अभियान 28 जीत, चार ड्रॉ और छह हार से 88 अंक के साथ खत्म किया। यह दूसरे स्थान पर रहे रियल मैड्रिड से चार अंक अधिक है। छत्तीस साल के लेवांडोव्स्की ने इसके साथ ही बार्सीलोना के साथ अपने गोल का शतक भी पूरा किया। उन्होंने इस टीम के साथ तीन सत्र में सभी प्रतियोगिताओं में अब तक कुल 101 गोल कर लिए हैं।



फ्रेंच ओपन

## नडाल ने कहा- संन्यास से खुश हूं छह महीने से रैकेट नहीं उठाया



**पेरिस।** रफेल नडाल ने अपने शानदार कॅरियर का आखिरी मैच खेलने के बाद से पिछले छह महीने में टेनिस रैकेट नहीं उठाया है और उनका कहना है कि अब वह सिर्फ नुमाइशी मैच खेलने के लिए ही रैकेट उठाएंगे और संन्यास के अपने फैसले से खुश हैं। उन्हें इस बात का कोई मलाल नहीं कि 22 ग्रैंडस्लैम खिताब जिताने वाली प्रतिस्पर्धी भावना भीतर से खत्म होने के बाद खेल से विदा लेने में उन्होंने देर नहीं की। उन्होंने सर्वाधिक 14 बार फ्रेंच ओपन खिताब जीता है। नडाल ने कहा, 'मैं अब गोल्फ खेलने का मजा लेता हूं और बाकी चीजों में भी आनंद आ रहा है। मुझे टेनिस की उतनी कमी नहीं खल रही क्योंकि मेरे पास जितना कुछ था, मैने टेनिस को दे दिया। अब मुझे मानसिक रूप से सुकून है। मेरा शरीर फिर से कोर्ट पर उतरने की अनुमति नहीं देता। मैं जितना कर सकता था, मैंने किया और बेहतरीन कॅरियर रहा। अब जीवन के नए दौर का मजा ले रहा हूं।'

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 14 | 9 | 5 | 18 |
| पंजाब | 13 | 8 | 4 | 17 |
| बेंगलुरु | 13 | 8 | 4 | 17 |
| मुंबई | 13 | 8 | 5 | 16 |
| दिल्ली | 14 | 7 | 6 | 15 |
| हैदराबाद | 14 | 6 | 7 | 13 |
| लखनऊ | 13 | 6 | 7 | 12 |
| कोलकाता | 14 | 5 | 7 | 12 |
| राजस्थान | 14 | 4 | 10 | 8 |
| चेन्नई | 14 | 4 | 10 | 8 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
679 रन
गुजरात

पर्पल कैप



नूर अहमद
24 विकेट
चेन्नई

## खबर संक्षेप



### एससीए का आयोजन सात से 20 जून तक

**नई दिल्ली।** सौराष्ट्र क्रिकेट संघ ने सोमवार को कहा कि उसकी टी20 लीग सात से 20 जून तक खेली जाएगी। सौराष्ट्र प्रो टी20 लीग में पांच टीमें होंगी और इसमें 20 मैच होंगे। एससीए के अध्यक्ष जयदेव शाह ने एक बयान में कहा, 'सौराष्ट्र क्रिकेट संघ का यह टूर्नामेंट हमारे क्षेत्र में खेल को पेशेवर स्तर बढ़ावा देने और विकसित करने के लिए एक ऐतिहासिक पहल है। सौराष्ट्र प्रो टी-20 लीग में सौराष्ट्र और कच्छ तथा अन्य क्षेत्रों के शीर्ष स्तरीय और उभरती हुई प्रतिभाएं भाग लेंगी।

### एक टीम के रूप में हम अच्छा नहीं खेले

**नई दिल्ली।** कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बड़ी हार के साथ अपने अभियान का अंत करने के बाद कहा कि उनकी गत चैंपियन टीम मौजूदा सत्र में एक इकाई के रूप में अच्छा खेलने में नाकाम रही। प्ले ऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी इन दो टीम के बीच हुए मुकाबले को 110 रन से जीतकर गत उप विजेता सनराइजर्स की टीम 14 मैच में 13 अंक के साथ छठे स्थान पर पहुंच गई। नाइट राइडर्स की टीम 14 मैच में 12 अंक के साथ आठवें स्थान पर है।



### टी20 विश्व कप मेरे दिमाग में है : राहुल



**नई दिल्ली।** भारत के सीनियर बल्लेबाज केएल राहुल अगले साल भारत में होने वाले विश्व कप के जरिए टी20 टीम में वापसी करना चाहते हैं और उन्होंने कहा कि इस प्रारूप से दूर रहने से उन्हें सफेद गेंद के प्रारूप में अपने खेल में सुधार का मौका मिला। राहुल पिछले तीन साल से भारत के लिए टी20 क्रिकेट नहीं खेले हैं। उन्होंने आखिरी बार आस्ट्रेलिया में 2022 टी20 विश्व कप में खेला था जब भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में हार गई थी।

## आईपीएल : 13 मैचों में 17 अंक लेकर तीसरे स्थान पर आरसीबी

# शीर्ष दो की जंग में प्लेऑफ की चार टीमें हारीं, बेंगलुरु की जीत पर नजर

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम इंडियन प्रीमियर लीग का अपना आखिरी लीग मुकाबले मंगलवार को खेलेगी। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश जीत के साथ तालिका में शीर्ष दो में अपनी जगह पक्की करने पर होगी। सुपर जायंट्स की टीम हालांकि मौजूदा सत्र में अपने निराशाजनक अभियान का अंत जीत से करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगायेगी।

गुजरात टाइटंस की लगातार हार ने तीसरे स्थान पर काबिज आरसीबी के लिए 2016 के बाद पहली बार शीर्ष दो में जगह बनाने का शानदार मौका बना दिया है। आईपीएल की तालिका में शीर्ष दो पायदान पर रहने वाली टीमों को तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों के मुकाबले फाइनल में पहुंचने का एक अतिरिक्त मौका मिलता है। आरसीबी के नाम 17 अंक है और उसके लिए गलती की गुंजाइश बहुत कम है। शीर्ष पर पहुंचने के लिए उसे इस मैच में जीत जरूरी है। मुंबई इंडियंस (16 अंक) और पंजाब किंग्स (17 अंक) में से कोई एक आज शाम होने वाले मुकाबले के बाद टाइटंस से (18 अंक) से आगे निकलने के लिए तैयार है।



### ब्रेक से बिगड़ी आरसीबी की लय

भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के कारण लीग के 10 दिवसीय विराम से पहले आरसीबी शानदार फॉर्म में थी। उसने लगातार चार मैच जीते थे लेकिन इस ब्रेक ने टीम की लय को प्रभावित किया। लीग के फिर से शुरू होने के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ उनका मैच बारिश से धुल गया और फिर सनराइजर्स हैदराबाद से 42 रन से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

### हेजलवुड की वापसी

ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की वापसी से आरसीबी के खेमे में उत्साह बढ़ा है। हेजलवुड इस सत्र में टीम के लिए सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले गेंदबाज रहे हैं। उन्होंने 10 मैचों में 18 विकेट लिए हैं और फिलहाल टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों में चौथे नंबर पर हैं।

### लखनऊ को घर में हराना आसान नहीं



लखनऊ सुपर जायंट्स को हालांकि उसके घरेलू मैदान पर हराना आसान नहीं होगा। अपने पिछले मैच में टाइटंस को हराने के बाद मेजबान टीम आत्मविश्वास से भरी हुई है। एडेन मारक्रम, मिचेल मार्श और निकोलस पूरन की तिकड़ी ने इस सत्र में सुपर जायंट्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी से टीम ने टाइटंस के खिलाफ दो विकेट पर 235 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया था। इस मैच में टीम की गेंदबाजी इकाई ने भी प्रभावित किया था। चोटिल मयंक यादव की जगह लेने वाले विल ओरोर्के को शामिल करना एक सकारात्मक कदम रहा है। इस सत्र में एलएसजी की खोज रहे स्पिनर दिग्वेश राठी भी एक मैच का निलंबन पूरा करने के बाद इस मुकाबले से वापसी करेंगे।

## मुसेत्ती, सबालेंका, शेल्टन का फ्रेंच ओपन में जीत से आगाज



**पेरिस।** अमेरिका के 13वीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन ने लोरेंजो सोनेगो को सीधे सेटों में 6-4, 4-6, 3-6, 6-2, 6-3 से हराकर फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। शेल्टन ने आस्ट्रेलियाई ओपन क्वार्टर फाइनल में भी सोनेगो को हराया था। इससे पहले आठवीं वरीयता प्राप्त मुसेत्ती ने जर्मनी के क्वालीफायर यानिक हांफमैन को 7-5, 6-2, 6-0 से हराया। वहीं एरिना सबालेंका ने कामिला राखिमोवा को 6-1, 6-0 से शिकस्त दी। ओलंपिक चैंपियन चीन की झेंग किंवेन ने फ्रेंच ओपन 2021 उपविजेता अनास्तासिया पी को 6-4, 6-3 से मात दी। पिछले साल की उपविजेता इटली की चौथी वरीयता प्राप्त जैसमीन पाओलिनी ने युआन यूइ को 6-1, 4-6, 6-3 से हराया। अमेरिका के टॉमी पॉल ने डेनमार्क के एल्मेर मोलेर को 6-7, 6-2, 6-3, 6-1 से हराया। वहीं उनके हमवतन फ्रांसिस टियाफो ने रोमन साफिउलिन को 6-4, 7-5, 6-4 से मात दी।

## विश्व कप क्वालीफाई करने का सुनहरा मौका



**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उपकप्तान हार्दिक सिंह ने कहा कि भारत एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण में हर अंक के लिए मेहनत करेगा ताकि खिताब जीतकर अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर सके। भारतीय टीम एफआईएच अंकतालिका में 15 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। इंग्लैंड शीर्ष पर और बेल्जियम दूसरे स्थान पर है। प्रो लीग का यूरोप चरण सात जून से शुरू होगा और टूर्नामेंट के विजेता को 2026 विश्व कप में अपने आप जगह मिलेगी।

वर्ल्ड नंबर-2 नाकामुरा का बयान

## गुकेश और प्रज्ञानानंदा के पास चेस को बढ़ावा देने की क्षमता




एजेंसी ▸▸ स्टवांगेर

डी गुकेश और आर प्रज्ञानानंदा को भारतीय प्रशंसकों से मिलने वाले समर्थन से प्रभावित अमेरिका के ग्रैंडमास्टर और विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा का मानना है कि पश्चिमी देशों में 'उबाऊ' शतरंज को बढ़ावा देने के लिए मजबूत व्यक्तित्व का होना जरूरी है। शानदार शतरंज खिलाड़ी के साथ नाकामुरा की पहचान स्ट्रीमर की भी है। उन्हें यह समझने में ज्यादा देर नहीं लगी कि शतरंज जैसे व्यक्ति आधारित 'उबाऊ' खेल में पहचान बनाने के लिए प्रौद्योगिकी की जरूरत होती है। वह मैचों की लाइव स्ट्रीमिंग और इस खेल को लेकर अपने दृष्टिकोण के लिए दुनिया के सबसे उत्सुकता से अनुसरण किए जाने वाले शतरंज खिलाड़ियों में से एक हैं। नाकामुरा ने नॉर्वे शतरंज के इतर बातचीत के दौरान कहा, 'ज्यादातर लोगों के लिए, यह (शतरंज) बस एक बहुत ही उबाऊ खेल है। ऐसे में इसे आगे बढ़ाने का एकमात्र तरीका यह है कि प्रशंसकों को आपका व्यक्तित्व समझने का मौका मिले जिससे वह आपसे और अधिक जुड़ाव महसूस कर सकें। खासकर भारत आप देख सकते है कि गुकेश या प्रज्ञानानंदा या अर्जुन एरिगेसी को आप जब विश्व कप या ऐसे किसी आयोजन में खेलते देखते है तो प्रशंसकों का पूरा समर्थन मिलता है।'

### भारत में शतरंज के विकास के लिए बहुत संभावनाएं



अमेरिकी खिलाड़ी ने कहा कि भारत में शतरंज के विकास के लिए बहुत संभावनाएं है क्योंकि वहां के लोग विश्व चैंपियन गुकेश और प्रज्ञानानंदा जैसे खिलाड़ियों को देखने के लिए आते हैं। उन्होंने कहा, 'भारतीय प्रशंसक अपने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने आते हैं।

## भारत की जूनियर महिला हॉकी टीम ने उरुग्वे को 3-2 से हराया

**रोसारियो।** कनिका सिवाच के दो गोल की मदद से भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चार देशों के टूर्नामेंट के अपने दूसरे मैच में उरुग्वे को 3-2 से हराया। भारत के इस रोमांचक मुकाबले में कनिका (46वां और 50वां मिनट) के अलावा सोनम (21वां) ने गोल किए। उरुग्वे के लिए मिलाग्रोस सेगल (तीसरा) और अगस्टिना मैरी (24वां) ने गोल किए। उरुग्वे ने तीसरे मिनट में ही सेगल के पेनल्टी कॉर्नर से बढ़त हासिल कर ली। सोनम ने दूसरे क्वार्टर में 21वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को बराबरी दिलायी। इसके तीन मिनट के बाद ही मैरी ने एक और पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर उरुग्वे को फिर से बढ़त दिला दी। भारत ने आखिरी क्वार्टर में चार मिनट के अंदर कनिका के दो गोल से वापसी की। कनिका ने पहले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला और फिर मैदानी गोल कर टीम को बढ़त दिला दी जो आखिर तक कायम रही। भारत का अगला मुकाबला मंगलवार को मेजबान अर्जेंटीना से होगा।



## जूनियर विश्व कप : तेजस्वनी ने 25 मीटर महिला पिस्टल में जीता स्वर्ण



एजेंसी ▸▸ सुहल

भारतीय निशानेबाज तेजस्वनी ने सोमवार को यहां आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में देश का दबदबा जारी रखते हुए महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। तेजस्वनी ने आठ महिलाओं के फाइनल में पांच शॉट लगाकर कुल 31 अंक बनाए।

व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट के तौर पर भाग ले रही बेलारूस की एलिना नेस्टियारोविच ने 29 के साथ रजत पदक जीता जबकि हंगरी की मिरियम जाको ने 23 अंक बनाकर कांस्य पदक हासिल किया। तेजस्वनी इससे पहले क्वालिफिकेशन चरण में 575 अंक के साथ चौथे स्थान पर रही थी। चीन की ताओताओ झाओ इसमें 589 अंक के साथ शीर्ष पर थी। ताओताओ (18) हालांकि फाइनल में चीनी ताइपे की येन-चिंग चेंग (22) के बाद पांचवें स्थान पर रही।

**कार्यालय प्राचार्य रानी फूलकुंवर**
**शास. पोलीटेक्निक महाविद्यालय, मण्डला (म.प्र.)**

क्रमांक/शापाम/बुक/स्टोर/1/2025/612 मण्डला, दिनांक : 23.05.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

संस्था पुस्तकालय हेतु कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी., इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड टेलीकम्युनिकेशन इंजी एवं इलेक्ट्रीकल इंजीनियरिंग आदि संकाय की लगभग आठ लाख रुपए की पुस्तकों के क्रय के लिए प्रतिष्ठित फर्मो / प्रकाशकों से म.प्र. शासन के पोर्टल https://mptenders.gov.in पर ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा प्रपत्र ऑन लाईन दिनांक 26-05-2025 से 16-06-2025 शाम 5.00 बजे तक ऑन लाईन निर्धारित राशि रू.500/- जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। ऑन लाईन निविदा दिनांक 16-06-2025 शाम 5.00 बजे तक भरी जा सकती हैं।

प्राचार्य
रानी फूलकुंवर शास. पोलीटेक्निक
महाविद्यालय, मण्डला म.प्र.

G13412/25

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

N.I.T. NO./PWD/e-tendring/PRO/172 Date - 26/05/2025

// निविदा सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_426118_1 Date- 26/05/2025 | संभाग क्रमांक 02 रामपुर अंतर्गत ग्वारीघाट में गणेश मंदिर झंडा चौक के पास शासकीय भूमि में वार्ड कार्यालय निर्माण हेतु। | 02 माह 8.42/- लाख | 2000/- 8427/- | 09/06/2025 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा

कार्यपालन यंत्री, लोककर्म विभाग
नगर निगम जबलपुर

**छत्तीसगढ़ शासन, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग कार्यालय - बालोद वनमंडल बालोद**
**काष्ठगार डिपो बालोद का ई- ऑक्सन का संक्षिप्त संशोधित सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि बालोद वनमण्डल के शासकीय काष्ठागार एवं विभिन्न डिपो में संग्रहित ईमारती, जलाऊ काष्ठ एवं बांस का ई-ऑक्सन व्दारा निर्वर्तन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है, कि वे ई-ऑक्सन में भाग लेवे। ई-ऑक्सन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमंडल कार्यालय / वन काष्ठगार डिपो, बालोद से प्राप्त की जा सकती है।

नीलाम तिथि - 16.06.2025 समय - 9:00 बजे प्रातः से

नीलाम में प्रस्तावित वनोपज की अनुमानित मात्रा

| क्रं. | प्रजाति | नयी काष्ठ | | | गत् अविक्रित काष्ठ | | | कुल योग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | सागौन | 50.076 | 727 | 503 | 231.770 | 1176 | 2190 | 281.846 | 1903 | 2693 |
| 2 | बीजा | 44.509 | 91 | 2 | 44.788 | 0 | 0 | 89.297 | 91 | 2 |
| 3 | साजा | 34.887 | 481 | 90 | 7.236 | 0 | 0 | 42.123 | 481 | 90 |
| 4 | हल्दू | 0.617 | 7 | 2 | 3.372 | 0 | 0 | 3.989 | 7 | 2 |
| 5 | कसही | 2.254 | 0 | 0 | 6.510 | 0 | 0 | 8.764 | 0 | 0 |
| 6 | धावड़ा | 24.422 | 446 | 98 | 0.844 | 0 | 0 | 25.266 | 446 | 98 |
| 7 | कहुआ | 0.000 | 0 | 0 | 9.275 | 0 | 0 | 9.275 | 0 | 0 |
| 8 | किरगी | 10.319 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 | 10.319 | 0 | 0 |
| 9 | धावा | 1.489 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 | 1.489 | 0 | 0 |
| 10 | मुण्डी | 5.892 | 13 | 0 | 0.583 | 0 | 0 | 6.475 | 13 | 0 |
| 11 | कर्रा | 92.259 | 10937 | 226 | 0.000 | 0 | 0 | 92.259 | 10937 | 226 |
| 12 | महुआ | 0.000 | 0 | 0 | 0.122 | 0 | 0 | 0.122 | 0 | 0 |
| 13 | अन्य | 46.198 | 883 | 445 | 9.542 | 0 | 0 | 55.740 | 883 | 445 |
| | योग:- | 312.922 | 13585 | 1366 | 314.042 | 1176 | 2190 | 626.964 | 14761 | 3556 |
| 14 | जलाउ चट्टा | - | | | 14.5 चट्टा | | | 14.5 चट्टा | | |
| 15 | व्यापारिक बांस | - | | | 30871 नग = 70.128 नो टन | | | 30871 नग = 70.128 नो टन | | |
| 16 | आधौगिक बांस | 6652 बण्डल = 84.906 नो टन | | | 2598 बण्डल = 29.556 नो टन | | | 9250 बण्डल = 114.462 नो टन | | |
| | | निस्तार/उपभोक्ता/बसोड़ डिपो, गुरूर परिक्षेत्र गुरूर | | | | | | | | |
| 17 | जलाऊ चट्टा | - | | | 18 चट्टा | | | 18 चट्टा | | |

टीप- 1. क्रेताओं को ई-आक्सन के पूर्व एम. एस. टी. सी. ई-कार्मस पोर्टल मे रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। 2. क्रेताओं को ई-आक्सन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। 3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई-कार्मस पोर्टल में अपने आई.डी से लॉग इन करके देख सकते है। 4. ई-आक्सन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकंड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रताओं द्वारा 40 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा।

वन मंडलाधिकारी
बालोद वन मंडल बालोद (छ.ग.)

जी-252601137/3

## सड़क दुर्घटनाओं में 2 घायल

**जबलपुर।** पाटन और गोसलपुर में सड़क दुर्घटना के दो मामले सामने आए हैं। पाटन में मनकेड़ी रोड ग्राम सिरगौरी तालाब के पास एक कार ने एक बाईक को टक्कर मार दी, जिसमें सवार एक युवक घायल हो गया। वहीं गोसलपुर में जुझारी पुल क्रास करते समय दो बाईकों की आपस में भिडंत हो गई, जिससे एक बाईक चालक घायल हो गया। दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पाटन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम धनेटा निवासी विकास सिंह लोधी ठाकुर गत रात लगभग 9 बजे पाटन से मालाखुर्द अपनी बाईक क्रमांक एमपी 20 एनई 0609 से जा रहा था, जैसे ही वह पाटन मनकेड़ी रोड ग्राम सिरगौरी तालाब के पास पहुंचा, तभी बेलखेड़ा तरफ से आ रही सफेद रंग की कार ने विकास की बाईक में टक्कर मार दी, जिससे विकास बाईक सहित गिर गया जिसे सिर एवं पैर में चोटें आ गयीं है। विकास के जीजा रुप सिंह लोधी ने विकास को उपचार हेतु पाटन अस्पताल लेकर आये जहां से उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। इसी तरह गोसलपुर में जगमोहन वार्ड पनागर निवासी सत्यम पटेल अपने दोस्त रोहित चौधरी के साथ और अपने पिता संतोष पटेल के साथ काम के सिलसिले में सिहोरा गया था। रात लगभग 8 बजे उसके पिता संतोष की बाईक में रोहित बैठा था तथा दूसरी बाईक में सत्यम बैठकर आगे पीछे पनागर आ रहे थे। रात 8.30 बजे जैसे ही जुझारी पुल को क्रास किये उसी समय संतोष की मोटर सायकिल में एक दूसरे मोटर सायकिल के चालक ने क्रास करते हुए आगे जा रहे बेटे सत्यम की मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 20 जेड एम 0753 में पीछे से टक्कर मार दिया जिससे सत्यम के दोनों हाथो में चोटें आ गई है।

### प्रशासनिक समिति की अनुशंसा, फुल कोर्ट के अनुसमर्थन के बाद मप्र शासन ने किया था सेवामुक्त

# हाईकोर्ट ने उठक-बैठक करवाने के आरोपित जज की बर्खास्तगी को बरकरार रखा

हरिभूमि जबलपुर।



मप्र हाईकोर्ट ने कोर्ट रूम में पुलिस कर्मियों व वकीलों को कान पकड़कर उठक-बैठक कराने के आरोपित सिविल जज कौस्तुभ खेड़ा की बर्खास्तगी के आदेश को बरकरार रखा है। चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच ने खेड़ा की बर्खास्तगी के खिलाफ याचिका निरस्त कर दी। कोर्ट ने साफ किया कि बर्खास्तगी अनुशासनात्मक कार्रवाई के आधार पर नहीं, बल्कि परिवीक्षा के दौरान असंतोषजनक प्रदर्शन के आधार पर की गई थी। उन पर सिविल मामलों के निपटारे में आलस्य बरतने का आरोप लगा था। कोर्ट ने कहा कि कदाचार के लिए दंडात्मक कार्रवाई करना एक बात है, और परिवीक्षा अवधि के दौरान प्रदर्शन के आधार पर यह संतुष्टि प्राप्त करना कि अधिकारी उपयुक्त अधिकारी बनेगा या नहीं, एक पूरी तरह से अलग बात है। दोनों के बीच बहुत अंतर है, और वर्तमान मामले में, यह उपरोक्त आदेशों और प्रस्तावों से विधिवत स्थापित होता है कि याचिकाकर्ता को बिल्कुल भी दंडित नहीं किया गया है और न ही निर्वहन आदेश, किसी भी दृष्टिकोण से, दंडात्मक प्रकृति का है।

### 3 स्तरीय प्रक्रिया अपनाई गई

दरअसल, खेरा को 2019 में न्यायिक अधिकारी नियुक्त किया गया था और आठ अगस्त, 2024 को हाई कोर्ट की प्रशासनिक समिति की अनुंशसा और 20 अगस्त, 2024 को फुल कोर्ट द्वारा अनुसमर्थन के बाद मध्य प्रदेश शासन द्वारा पांच सितंबर, 2024 को सेवा से मुक्त कर दिया गया था।

### नौ करोड़ 82 लाख की रिकवरी का नोटिस भेजने का प्रकरण

# किसानों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई पर रोक

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच वने खंडवा निवासी किसानों के विरुद्ध आगामी आदेश तक किसी भी तरह की दंडात्मक कठोर कार्रवाई पर रोक लगा दी है। इस अंतरिम आदेश के साथ ही राज्य शासन, कलेक्टर खंडवा सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब-तलब कर लिया है। याचिकाकर्ता खंडवा निवासी किसान राजेश व कमलकांत सहित अन्य की ओर से दलील दी गई कि याचिकाकर्ता मध्यमवर्गीय कृषक हैं। वे खेती के जरिए आजीविका चलाते हैं। उनकी जमीनों के आसपास अभय जैन द्वारा खनन किया जा रहा है। जिससे याचिकाकर्ताओं का सरोकार नहीं हैं। इसके बावजूद खनन को लेकर उनके विरुद्ध नौ करोड़ 82 लाख की रिकवरी का नोटिस जारी कर दिया गया। इससे वे घबरा गए हैं। इतनी बड़ी रकम चुकाना उनके बूते के बाहर है। लिहाजा, प्रशासकीय त्रुटि सुधार कर नए सिरे से संबंधित जिम्मेदार से रिकवरी के लिए नोटिस जारी किए जाएं। शासकीय अधिवक्ता ने नोटिस स्वीकार करते हुए जवाब के लिए समय मांगा। कोर्ट ने चार सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश दे दिए। इसी के साथ मामले की अगली सुनवाई छह सप्ताह बाद नियत कर दी। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता ने हाई कोर्ट द्वारा सद्भावनापूर्वक अंतरिम राहत दिए जाने को याचिकाकर्ताओं के लिए विधिगत दृष्टि से महत्वपूर्ण निरूपित किया है।

### जुर्माना राशि 30 लाख का मामला रहेगा याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन

# पीजी मेडिकल छात्रा को वापस लौटाये शिक्षा संबंधी दस्तावेज : हाई कोर्ट

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने मेडिकल पीजी सीट छोड़ने वाली महिला डाक्टर को आंशिक राहत प्रदान की है। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने सीट लीविंग बांड की शर्त अनुसार 30 लाख रूपये की राशि जुर्माने के रूप में लिए बिना याचिकाकर्ता को दस्तावेज लौटाने के आदेश जारी किए। कोर्ट ने अंतरिम व्यवस्था दी है कि जुर्माना राशि 30 लाख का मामला याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगा।

याचिकाकर्ता राजधानी भोपाल निवासी डा. निशा सिंह रावत की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य संघी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्मा ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कालेज, जबलपुर में माइक्रोबायोलाजी पीजी मेडिकल सीट पर दाखिला लिया था। इसके बाद पिता की मृत्यु होने के कारण भोपाल में मां की देखभाल के कारण उसे मजबूरन कोर्स छोड़ना पड़ा। वह गांधी मेडिकल कालेज (जीएमसी) भोपाल में सामुदायिक चिकित्सा विभाग में एक प्रदर्शक के रूप में फिर से शामिल होना चाहती हैं। जबलपुर मेडिकल कालेज द्वारा सीट छोड़ने के बांड की शर्त के अनुसार दस्तावेज लौटाने के एवज में तीस 30 लाख रुपये की मांग कर रहा है। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने पहले ही सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 30 लाख रुपये के बांड की शर्त हटाने का निर्देश दिए थे। मध्य प्रदेश शासन ने 15 जून, 2024 को जारी आदेश में कहा है कि पीजी सीटें छोड़ने वाले छात्रों से कोई बांड राशि नहीं ली जाएगी। याचिकाकर्ता के पिता की मौत के कारण मजबूरन सीट छोड़ना पड़ी है। पीजी सीट में बढ़ोतरी होने के कारण कई सीट रिक्त खाली है। सीट ब्लाक का मामला सिर्फ काउंसलिंग के दौरान आता है।

### कुंभकर्ण के कान में बैंड बजाकर कुलपति से मांगा इस्तीफा

# एनएसयूआई ने रादुविवि में किया अनोखा प्रदर्शन

हरिभूमि जबलपुर।



रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में सोमवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने अनोखा प्रदर्शन कर रादुविवि में हड़कम्प का माहौल बना दिया। विश्वविद्यालय परिसर में एक कार्यकर्ता कुंभकरण के वेश में जाकर कुलपति कक्ष के सामने सो गया। कुलपति को जगाने के लिए विश्वविद्यालय परिसर में बैंड बजाए गए। एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष सचिन रजक ने बताया कि कुलपति प्रोफेसर राजेश वर्मा के खिलाफ अनोखा प्रदर्शन किया गया। दरअसल एक महिला अधिकारी से अभद्रता व अश्लील इशारे करने के मामले में एनएसयूआई द्वारा लंबे समय से कुलपति के खिलाफ प्रदर्शन कर इस्तीफे की मांग कर रही है। एनएसयूआई का कहना है कि कई गंभीर आरोप लगने के बाद भी राज्य सरकार द्वारा कुलपति के खिलाफ अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है। इस दौरान एक कार्यकर्ता ने कुंभकरण का भेष धारण किया। जिसे कुलपति कार्यालय के समीप लिटाकर उसके का बैंड बजाया गया। सचिन रजक ने कहा कि हम कई दिनों से कुलपति का इस्तीफा मांग रहे हैं लेकिन वह कुंभकरण की नींद में सोए हुए हैं। इसलिए आज हम कुंभकरण को साथ लाए और बैंड बजाकर उनके कान खोलने की कोशिश की है। प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कुलपति के लिए एक ट्रॉफी भी भेंट स्वरूप लाई। जिस पर लिखा था कि अंधे, बहरे, गूंगे, अयोग्य कुलपति के सम्मान में प्रस्तुत इस ट्रॉफी के माध्यम से एनएसयूआई ने कुलपति की कार्यप्रणाली पर कटाक्ष किया। इस विरोध प्रदर्शन में एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ गौतम, अमित मिश्रा, अनुज यादव सहित बड़ी संख्या में छात्र व कार्यकर्ता मौजूद रहे। एनएसयूआई ने स्पष्ट किया है कि जब तक कुलपति का इस्तीफा नहीं होता तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा।

## गर्म तेल की कढ़ाई में गिरी 15 साल की बच्ची की मौत

**जबलपुर।** हनुमानताल थाना अतंर्गत स्लाटर हाउस के पास कब्रिस्तान गेटर नंबर 3 के पास हनुमानताल में गर्म तेल की कढ़ाई में गिरने से सिर पर आई चोटों के कारण एक 15 साल की बच्ची की मौत हो गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्लाटर हाउस के पास कब्रिस्तान गेट नंबर 3 के पास हनुमानताल निवासी 15 वर्षीय मिदहत फातिमा गत देर रात लगभग 1 बजे खेलते खेलते पास में रखी गर्म तेल की कढ़ाई में गिरने की वजह से सिर पर आई चोट और जलने के कारण पिता मोह। तौहिद द्वारा मेडीकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार दौरान गत शाम मिदहत फातिमा की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

### केंद्र सरकार की न्यायश्रुति योजना जल्द होगी लागू

# गवाहों की कोर्ट में पेशी हो सकेगी ऑनलाइन

हरिभूमि जबलपुर।

अदालतों में गवाहों की पेशी में कई बार केस में देरी की परेशानी अब बीते जमाने की बात होने वाली है। केंद्र सरकार की न्यायश्रुति योजना के तहत मध्य प्रदेश में पुलिस अब करीब 2000 स्थान चिन्हित कर वहां वीडियो कॉन्फ्रेसिंग रूम बनाने की तैयारी में है।

दरअसल, यह देखा गया है कि कई बार सिर्फ गवाहों की गैर-मौजूदगी की वजह से अदालत को केस की अगली सुनवाई के लिए तारीख देनी होती है। ज्यादातर ममलों में यह वह गवाह होते हैं जिनकी पुलिस इन्वेस्टिगेशन में अहम भूमिका होती है। जैसे- प्रत्यक्षदर्शी, पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर, केस से जुड़े आईओ (इन्वेस्टिगेटिव ऑफिसर) या मेडिकल ऑफिसर। वहीं, कई बार केस से जुड़े ऐसे अधिकारीयों या कर्मचारियों का ट्रांसफर हो जाता है, लेकिन कोर्ट की सुनवाई के दौरान गवाही में सिर्फ हां या ना कहने के लिए उन्हें उसी शहर या इलाके की कोर्ट में आना होता है, जहां कार्यरत रहने के दौरान उन्होंने केस में योगदान दिया हो। लेकिन देखा गया है कि कई बार अलग-अलग कारणों से यह गवाह कोर्ट समय पर नहीं पहुंच पाते और कोर्ट को अगली तारीख देनी पड़ती है, जिससे सुनवाई में अनावश्यक देरी होती है और केस लंबा खींचता जाता है।

### एसीपी कार्यालय में इसकी व्यवस्था

अब केंद्र सरकार इसी समस्या को दूर करने के लिए न्यायश्रुति योजना के तहत पुलिस थानों और एसपी कार्यालय, सीएसपी कार्यालय और एसडीओपी कार्यालय में वीडियो कांफ्रेसिंग रूम बनाने के लिए फंड देने वाली है। पुलिस कमिश्नर प्रणाली वाले भोपाल और इंदौर शहर में एसीपी कार्यालय में इसकी व्यवस्था की जाएगी। इस योजना के तहत स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो साउंडप्रूफ केबिन तैयार करेगा, जहां वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए यह गवाह कोर्ट में गवाही दे सकेंगे और सिर्फ गवाही देने के लिए उन्हें कई बार दूर तक जाने की परेशानी से निजात मिल सकेगी।

### आरोपियों को पकड़ने पुलिस दे रही दबिश

# अनाज घोटाला के आरोपियों पर इनाम घोषित

हरिभूमि जबलपुर।



जबलपुर में हुए धान घोटाला के आरोपियों के खिलाफ एसपी संपत उपाध्याय ने इनाम घोषित कर दिया है। आरोपी लम्बे समय से फरार चल रहे है, जिनकी गि के लिए पुलिस की टीमें संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही है। गोसलपुर 141/25 धारा 318(2), 318(4), 316(5), 61(2), बीएनएस एवं धारा 3, 7 ईसी एक्ट दिलीप पिता पीएल किरार निवासी सराफा वार्ड पुरानी बजरिया कोतवाली, प्रभारी जिला प्रबंधक एमपीएससीएससी कार्यालय कलेक्ट्रेट, सुनील पिता मुन्नालाल प्रजापति उम्र 46 वर्ष निवासी गौतम मढिया इंदिरा गांधी वार्ड गढा, ऑपरेटर एमपीएससीएससी कार्यालय कलेक्ट्रेट, धर्मेन्द्र सिंह चंद्रोल प्रभारी इश्यू सेंटर सिहोरा मण्डी एमपीएससीएससी, सौरभ शुक्ला कम्प्यूटर ऑपरेटर इश्यू सेंटर सिहोरा मण्डी एमपीएससीएससी, प्रतीक पिता रमेश चंद्र सक्सेना उम्र 38 वर्ष निवासी टीचर कालोनी कोरावार मण्डी नरसिंहगढ राजगढ प्रोपराईटर हरिमाया ग्रीन मिल राजगढ, आयुष खण्डेलवाल प्रोपराईटर एमएस श्रीराम ग्रो इंडस्ट्रीज उज्जैन (राईस मिलर), अमन छाबड़ा प्रोपराईटर श्री इंडस्ट्रीज मनेरी मण्डला, रूपेश काबरा प्रोपराईटर मारूति ट्रेडर्स उज्जैन (राईस मिलर), अनिल अवतानी प्रोपराईर के आरडी इंडस्ट्रीज मनेरी मण्डला(राईस मिलर), आशुतोष पटेल कप्यूटर ऑपरेटर वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था बेला केन्द्र क्र. 2 किया है। इन सभी पर एसपी ने 5-5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है।

कटंगी 316 (2), 316(4), 316(5), 318(2), 318(4), 338, 336(3), 340(2), 61(2) बीएनएस तथा 3, 7 आवश्यक वस्तु अधिनियम -दिलीप पिता पीएल किरार निवासी सराफा वार्ड पुरानी बजरिया कोतवाली, प्रभारी जिला प्रबंधक एमपीएससीएससी कार्यालय कलेक्ट्रेट रामकिशोर बेगा प्रभारी इश्यू सेंटर, जबलपुर मण्डी एमपीएससीएससी जबलपुर, संदीप देशमुख कम्प्यूटर आपरेटर इश्यु सेंटर, जबलपुर, अमन छाबड़ा प्रोपराईटर श्री इंडस्ट्रीज मनेरी मण्डला, सुरेन्द्र उर्फ शेष नारायण पिता गया प्रसाद पटेल उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम मुरई खेरमाई मंदिर के पास कटंगी, आशीष पिता कपिल गौतम उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम मुरई कटंगी कम्प्यूटर ऑपरेटर सेवा सहकारी संस्था मुरई केन्द्र क्रमांक 1, सुनील प्रजापति निवासी गौतम मढिया इंद्रा गांधी वार्ड संजीवनी नगर, आपरेटर एमपीएससीएससी कार्यालय कलेक्ट्रेट परिसर इनपर भी 5-5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है।

मझगवॉ 81/25 धारा 318(2), 318(4), 316(5), 61(2), बीएनएस एवं धारा 3, 7 ईसी एक्ट दिलीप पिता पीएल किरार निवासी सराफा वार्ड पुरानी बजरिया कोतवाली, प्रभारी जिला प्रबंधक एमपीएससीएससी कार्यालय कलेक्ट्रेट, सुनील प्रजापति निवासी गौतम मढिया इंद्रा गांधी वार्ड संजीवनी नगर, आपरेटर एमपीएससीएससी कार्यालय कलेक्ट्रेट परिसर, धर्मेन्द्र सिंह चंद्रोल प्रभारी इश्यू सेंटर सिहोरा मण्डी एमपीएससीएससी, सौरभ शुक्ला कम्प्यूटर ऑपरेटर इश्यू सेंटर सिहोरा मण्डी एमपीएससीएससी, अमन छाबड़ा प्रोपराईटर श्री इंडस्ट्रीज मनेरी मण्डला, रूपेश काबरा प्रोपराईटर मारूति ट्रेडर्स उज्जैन (राईस मिलर), अनूप गोयल प्रोपराईटर आंनद एग्रो इंडस्ट्रीज मनेरी मण्डला, मनीष घनघोरिया प्रोपराईटर मे। क्षिप्रा इंटरप्राईसेस उज्जैन, रामसुधारे पटेल समिति प्रबंधक सेवा सहकार संस्था सैलवारा केंन्द्र क्रमांक 1 उपार्जन केन्द्र, सचिन पटेल कम्प्यूटर ऑपरेटर सेवा सहकारी संस्था सैलवारा केन्द्र क्रमांक 1, भुवनेश्वर प्रसाद तिवारी समिति प्रबंधक सेवा सहकारी सस्था नुन्जी केन्द्र क्र। 2 उपार्जन केन्द्र, नीरज कुमार कम्प्यूटर ऑपरेटर सेवा सहकारी संस्था नुन्जी केन्द्र क्रमांक 2 प्रत्येक पर 5-5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है।

विजय नगर 125/25 धारा 331(5), 305ए बीएनएस, मोहम्मद फैज निवासी बाबा टोला थाना हनुमानताल, अभिषेक चक्रवर्ती निवासी बाबा टोला हनुमानताल, पंकज अहिरवार निवासी बाबा टोला थाना हनुमानताल, अब्बू चैधरी उर्फ अजय निवासी बाबा टोला हनुमानताल, गुड्डू निवासी बाबा टोला हनुमानताल इन सभी पर 4-4 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है।

# शराब की ओवर रेटिंग पर प्रशासन ने सिंडीकेट पर कसा शिंकजा

**जबलपुर।** शहर में एमआरपी से अधिक रेट पर बिक रही शराब के समाचार पर कलेक्टर दीपक सक्सेना ने संज्ञान में लेकर एसडीएम आधारताल को गोपनीय आधार पर शराब दुकानों में ओवर रेटिंग को लेकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके बाद एसडीएम ने तहसीलदार आधारताल को निर्देशित किया। राजस्व अमले के आरआई के नेतृत्व में अलग-अलग जांच दल बनाये गये। जांच दल में पटवारियों को शराब दुकानों पर एक आम व्यक्ति की तरह शराब खरीदनें और ऑनलाईन पैमेंट कर उसका स्क्रीन शाट लेने के लिए निर्देश दिए गए। इन दलों ने क्षेत्रीय बस स्टेण्ड शराब दुकान विजय नगर शराब दुकान दीनदयाल बस स्टेण्ड शराब दुकान, बल्देवबाग शराब दुकान, चेरीताल शराब दुकान, कटंगी बायीपास चुंगीनाका और औरिया कटंगी बायीपास शराब दुकान में महंगी शराब बेचे जाने के प्रमाण इकट्ठे किये। खरीदी गई शराब की बोतलों ऑनलाईन पैमेंट के स्क्रीन शाट साक्ष्य के रूप में सुरक्षित संग्रहित किये गये। जांच दल ने तमाम दुकानों से खरीदी गई शराब बोतले और गूगले पे फोन पे से किए गए पैमेंट के स्क्रीन शाट चस्पा कर जांच प्रतिवेदन एसडीएम के समक्ष प्रस्तुत किया गया। यहां से यह मामला अब कलेक्टर के समक्ष इन शराब दुकानों पर विधि अनुरूप अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के लिए प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जायेगा।

**पटवारियों ने खरीदी महंगी शराब, कार्यवाही के लिए साक्ष्य जुटाये**

### सूर्य की तपन से उमस भरी गर्मी, मौसम शुष्क

# नौतपा के दूसरे दिन धूप ने दिखाई अकड़



**जबलपुर।** नौतपा के दूसरे दिन तापमान औसत से नीचे रहा लेकिन तेज धूप ने जमकर अकड़ दिखाई। सोमवार को आसमान से आग बरसी और चारों तरफ उमस भरी गर्मी का माहौल बना रहा। दिन में तेज धूप की वजह से सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। गर्मी के साथ-साथ उमस का भी एहसास हुआ।

शाम 06.30 बजे सूर्यास्त होने के बाद भी देर रात तक तपन बनी रही। गर्मी से राहत पाने लोग तालाबों और नदी के किनारे शाम को भ्रमण करने पहुंचे। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि पारा भी और ऊपर जाएगा। वहीं मौसम विभाग ने कहा है कि मौसम शुष्क हो गया है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 38.03 डिग्री सेल्सियस समान्य से 4 डिग्री कम दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 24.03 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 4 डिग्री कम रहा। हवा में नमी प्रातःकाल 66 प्रतिशत और सायंकाल 38 प्रतिशत दर्ज की गई। सूर्योदय सुबह 05.25 और सूर्यास्त शाम 06.50 पर होगा। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 43.04 और न्यूनतम तापमान 28.07 डिग्री दर्ज किया गया था। उत्तर पूर्वी हवाएं 5 से 6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहेगा और तापमान में और उछाल आएगा।






हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240